
सुविचार
यदि तुम सूर्य के खो जाने पर आंसू बहाओगे, तो तारों को भी खो बैठोगे।
रवींद्रनाथ टैगोर

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ● Friday, 08 March 2024 ● Year : 02 ● Issue : 51 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com



12
सारा अली खान की फिर बंधी ओटीटी...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 74,119.39 |
| निफ्टी | : | 74,119.39 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 6,170 |
| चांदी | : | 78.05 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### अमीषा पटेल का मामला राष्ट्रीय लोक अदालत में भेजा गया

**RANCHI :** चेक बाउंस मामले में गुरुवार को न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में सुनवाई हुई। फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल कोर्ट में हाजिर नहीं हुई। इसके बाद अदालत ने समझौता के तहत बने एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर के लिए अमीषा पटेल को नौ मार्च को मध्यस्थता के लिए आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होने का आदेश दिया है। शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह के अधिवक्ता विजयालक्ष्मी श्रीवास्तव ने अदालत से कहा कि बार-बार समय लेकर अभिनेत्री कोर्ट के आदेश की अवेहलना कर रही है। उनका बेल रिजेक्ट किया जाये।

### एडीआर की एसबीआई के खिलाफ अवमानना याचिका

**NEW DELHI :** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के खिलाफ अवमानना याचिका दायर कर दी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को राजनीतिक फंडिंग के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम पर रोक लगाई थी। साथ ही भारतीय स्टेट बैंक (रइक) को इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी इलेक्शन कमीशन को देने के लिए 6 मार्च 2024 तक का समय दिया था। हालांकि रइकने इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी ईसी को देने के लिए 30 जून तक का समय सुप्रीम कोर्ट से मांगा है। एडीआर ने याचिका में कहा कि एसबीआई की 30 जून तक की मोहलत मांगना इस प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाता है। यह लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है। एसबीआई का आईटीसिस्टम इलेक्टोरल बॉन्ड को आसानी से मैनेज कर सकता है।

### 30 लाख युवाओं को नौकरी देंगे : राहुल गांधी

**BANSWARA :** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज दोपहर राजस्थान में प्रवेश कर गई। यात्रा ने रतलाम (मध्य प्रदेश) के सैलाना से बांसवाड़ा के दानपुर में एंट्री ली। राहुल राजस्थान के बॉर्डर तक खुली जीप में पहुंचे। यहां से वे जीप में ही बांसवाड़ा शहर आए। यहां करीब 20 मिनट तक रोड शो के बाद गोविंद गुरु सरकारी कॉलेज के खेल मैदान में जनसभा में राहुल ने कहा- दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक युवा कुली मिला। उसने मुझे बताया- मैं सिविल इंजीनियर हूं और कुली का काम कर रहा हूं। आज मैं आपको बताना चाहता हूं कि सरकार में आने के बाद हमारा पहला काम होगा वंचित वर्ग को 30 लाख नौक?री देना। राहुल ने हर ग्रेजुएट युवा को ट्रेनिंग और हर साल एक लाख रुपए देने की बात भी कही।

## नियुक्ति पत्र वितरण समारोह : 2454 अभ्यर्थियों को चम्पाई सोरेन ने दिया ऑफर लेटर

# खनिज-संपदाओं का उपयोग विकास के लिए विकसित राज्यों की श्रेणी में होगा सूबे : सीएम

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची के शहीद मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस कार्यक्रम में 2454 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। राज्य स्तरीय नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा है कि आने वाले तीन से चार महीने के भीतर राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में 30 हजार रिक्त पदों को भरने के लिए नियुक्तियां निकाली जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रदेश का नेतृत्व उनकी सरकार कर रही है, यह प्रदेश खनिज-संपदाओं से भरा प्रदेश है। झारखंड की खनिज-संपदाओं का उपयोग यहां के आदिवासी, मूलवासी, गरीब, मजदूर, शोषित, पिछड़े सहित सभी वर्ग-समुदाय के लोगों के सर्वांगीण विकास और उत्थान में किया जाए, तभी झारखंड विकसित राज्यों की श्रेणी में ख ड़ा हो सकेगा। विभिन्न पदों पर नवनियुक्त 2454 अभ्यर्थियों को राज्य सरकार नियुक्ति पत्र दे रही है। आज से आप सभी के कंधों पर एक बड़ी जिम्मेदारी दी जा रही है। आप सभी नवनियुक्त अभ्यर्थी राज्य सरकार के अभिन्न अंग के रूप में कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताते हुए कहा कि आप सभी नवनियुक्त अभ्यर्थी यहां के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत करने में पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मैं आप सभी को अपनी ओर से बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।



रांची के शहीद मैदान में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में लाभुक को योजना का लाभ देते सीएम।

### कम समय में मिसाल कायम करना लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार की सोच है कि बहुत कम समय में ही ऐसे कार्य किए जाएं, जो झारखंड के विकास में एक मिसाल कायम कर सके। राज्य सरकार जल्द ही जनजाति भाषाओं के जनजातीय शिक्षकों की भी नियुक्ति करेगी। राज्य सरकार की यह सोच है कि झारखंड के समृद्ध जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई भी अब प्राथमिक विद्यालयों से ही शुरू की जाए। इस निमित्त पूरी तैयारी की जा रही है। झारखंड को सोने का चिड़िया वाले प्रदेश के रूप में देखा जाता रहा है, लेकिन यह विडंबना है कि बरसों से यहां के आदिवासी, मूलवासी, गरीब, शोषित, पिछड़े अल्पसंख्यक सहित जरूरतमंदों को व्यवस्था से दूर रखने का काम किया गया। उनकी सरकार अब इन वर्गों के लोगों को उनका हक-अधिकार देने का कार्य कर रही है। अलग झारखंड राज्य बनने के बाद अपेक्षा अनुरूप यहां के लोगों का विकास नहीं हो सका है। वर्तमान समय में उनकी सरकार झारखंड के हर वर्ग और हर तबके के सर्वांगीण विकास को लेकर कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 में पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी थी। सरकार गठन होते ही देश और दुनिया में कोरोना संक्रमण ने दस्तक दी और पूरी व्यवस्था बंद हो गई। पूर्व की सरकारों ने राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था के नाम पर अस्पतालों को संसाधन संपन्न करने पर ध्यान नहीं दिया, परंतु हेमन्त के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार ने कोरोना संक्रमण काल के समय देश भर में एक बेहतर हेल्थ मैनेजमेंट का उदाहरण पेश किया। राज्य सरकार ने कोरोना संक्रमण काल में जीवन और जीविका दोनों को बचाने का कार्य कर दिखाया।

### इन पदों पर हुई नियुक्ति

- स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा- बायोलॉजी के 253, केमिस्ट्री के 259, फिजिक्स के 313 एवं भूगोल के 195 स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक
- नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत 15 पाईप लाइन इंस्पेक्टर और 55 स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर
- कृषि विभाग- 09 कनीय अभियंता
- खान एवं भूतत्व विभाग अंतर्गत 34 खान निरीक्षक
- विद्युत विभाग- 53 कनीय अभियंता
- पथ निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और नगर विकास व आवास विभाग अंतर्गत 1,268 कनीय अभियंता (सिविल)

# झारखंड में बहुत जल्द होगी 30 हजार शिक्षकों की बहाली : CM

- जमशेदपुर में मेधा डेयरी के प्लांट का शिलान्यास करने के बाद जनसभा को सीएम ने किया संबोधित
- लोकसभा में भाजपा को एक भी सीट नहीं जीतने देंगे, चाहे जितना जोर लगा ले



मेधा डेयरी प्लांट के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते सीएम चम्पाई सोरेन।

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** झारखंड में निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विकास की जो गाड़ी दौड़ाई थी, वह रूकने वाली नहीं है। आज ही हमने राज्य भर के लिए नियुक्ति पत्र बांटा है, तो बहुत जल्द झारखंड में 30 हजार शिक्षकों की बहाली करने जा रहे हैं। यही नहीं, जेएसएससी का जो पेपर लीक हुआ था, उसकी परीक्षा भी जल्द कराएंगे। यह काम करने वाली सरकार है, बात बनाने वाली नहीं। ये बातें राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने गुरुवार को कहीं। मानगो के बालीगुमा में 50 हजार लीटर प्रतिदिन दूध उत्पादन क्षमता वाली मेधा डेयरी प्लांट के शिलान्यास समारोह को मुख्यमंत्री ने संबोधित किया। सीएम ने कहा कि इससे पहले डबल इंजन की सरकार थी, उसने शिक्षा के क्षेत्र में कुछ नहीं किया, उलटे पांच हजार प्राइमरी स्कूल बंद करा दिया। हम न केवल नए स्कूल खोलने जा रहे हैं, बल्कि राज्य में जितनी भी मातृभाषाओं को द्वितीय राजभाषा का दर्जा मिला है, उसकी पढ़ाई शुरू कराने जा रहे हैं। सभी भाषाओं के शिक्षक बहाल किए जाएंगे, जिससे मातृभाषा में ही संथाली, हो, मुंडारी, कुडूख, बांग्ला आदि की पढ़ाई शुरू हो सके। हमारी सरकार ने आते ही सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस शुरू किया था। अब इस तरह के 325 स्कूल खुलेंगे, जिससे यहां के बच्चे इंग्लिश मीडियम से पढ़ाई करेंगे।

### सरायकेला को ₹356 करोड़ की सौगात

**SARAIKELA :** सीएम चम्पाई सोरेन ने सरायकेला को 356 करोड़ से अधिक की सौगात दी। उन्होंने सर्वजन पेंशन योजना के तहत 2 लाभुकों को स्वीकृति पत्र दिया। उज्जैनपुर से अवलाटाड़ एवं उज्जैनपुर से चमारु तक खरकई एवं संजय नदी के तट पर एफलक्स बांध का निर्माण कार्य एवं भीमखान्दा माइक्रो लिफ्ट भूमिगत पाइपलाइन सिंचाई योजना का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोग लाभान्वित हो रहे हैं। आदिवासी-मूलवासी को उनका हक-अधिकार दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। पढ़ाई के लिए रुपया कभी बाधा नहीं बनेगा। गम्हरिया प्रखंड स्थित खरकई गंजिया बराज में वे विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे।

# नया जम्मू-कश्मीर का दशकों से था इंतजार

## विपक्ष ने 370 के नाम पर गुमराह किया

**AGENCY SRINAGAR :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को जम्मू-कश्मीर दौरे पर पहुंचे। उन्होंने श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में 'विकसित भारत, विकसित जम्मू-कश्मीर' कार्यक्रम के तहत 6400 करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन किया। 1000 युवाओं को जॉब लेटर भी दिए। इसके बाद युवा उद्यमियों से उनकी कामयाबी के किस्से और समस्याएं सुनीं। पीएम मोदी ने बख्शी स्टेडियम की सभा में कहा- ये नया जम्मू-कश्मीर है। इसका दशकों से इंतजार था। यह वो जम्मू-कश्मीर है, जिसके लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया। इसकी आंखों में भविष्य की चमक है। चुनौतियों को पार करने का हौसला है। आज ये खुलकर सांस ले रहा था। धरती के स्वर्ग पर आने का एहसास शब्दों से परे है। पीएम मोदी ने कहा- जम्मू-कश्मीर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का भुक्तभोगी रहा है।



- जम्मू-कश्मीर बैंक डूबने वाला था, आज उसका मुनाफा 1700 करोड़
- 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर खुलकर सांस ले रहा
- पिछले साल यहां 2 करोड़ पर्यटक आए
- मैं 2014 से आपका दिल जीतने की कोशिश कर रहा

### यूको बैंक से जुड़े स्कैम में 67 ठिकानों पर छापा

**NEW DELHI :** सीबीआई ने यूको बैंक से जुड़े 820 करोड़ रुपये के आईएमपीएस स्कैम केस में बुधवार को राजस्थान और महाराष्ट्र में छापेमारी की। ये छापेमारी इन दोनों राज्यों के सात शहरों में 67 स्थानों पर की गई है। इन शहरों में जोधपुर, जयपुर, जालोर, नागौर, बाड़मेर और पुणे शामिल है। रेड के दौरान जांच एजेंसी ने 130 डॉक्यूमेंट्स, 40 मोबाइल, 2 हार्ड डिस्क और एक इंटरनेट डोंगल सीज किए हैं। केंद्रीय एजेंसी यूको बैंक में पिछले साल 10 नवंबर से 13 नवंबर के बीच हुए 8,53,049 आईएमपीएस (तत्काल भुगतान प्रणाली) ट्रांजैक्शन की जांच कर रही है। एजेंसी इन सभी चीजों की फॉरेंसिक जांच कराएगी। सीबीआई ने इस दौरान मौके पर तीस संदिग्धों की भी जांच की। सीबीआई अधिकारियों ने 330 पुलिस कर्मियों की मदद से ये तलाशी ली। तलाशी के लिए कर्मियों को 40 टीमों में विभाजित किया गया था। इस मामले में दिसंबर 2023 में भी सीबीआई ने कोलकाता और मैंगलोर में 13 ठिकानों पर छापेमारी की थी।

## कैबिनेट मीटिंग में कई सौगात : ग्रेच्युटी सीमा भी 20 से 25 लाख हुई

# केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 4% बढ़ा उज्जवला योजना पर सब्सिडी एक साल बढ़ी

**AGENCY NEW DELHI :** केंद्रीय कर्मचारियों को मिलने वाले महंगाई भत्ते (डीए) में सरकार ने बढ़ोतरी कर दी है। गुरुवार को हुई कैबिनेट मीटिंग में सरकार ने 4% डीए बढ़ाने का ऐलान किया है। यह 1 जनवरी 2024 से लागू होगा। उधर, केंद्र सरकार ने पीएम उज्ज्वला योजना को भी एक साल के लिए बढ़ा दिया। यानी इस योजना के उपभोक्ताओं को 300 रुपए की सब्सिडी एक साल और मिलती रहेगी। इसका फायदा 10 करोड़ परिवार को मिलेगा। डीए बढ़ने के बाद कर्मचारियों का भत्ता 46% से बढ़कर 50% हो गया है। इसका फायदा करीब 50 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनर्स को होगा। डीए 46% से बढ़कर 50% होने के कारण अब मकान किराया भत्ता भी बढ़ जाएगा। इसे 27, 18 और 9% से बढ़ाकर 30, 20 और 10% किया जाएगा। ग्रेच्युटी सीमा भी 20 लाख से 25 लाख हो गई है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि डीए में 4% की बढ़ोतरी से सरकार पर 12,868 करोड़ रुपए का बोझ आएगा। इससे पहले सरकार ने अक्टूबर 2023 में डीए 4% बढ़ाकर 46% किया था। महंगाई भत्ता साल में दो बार जनवरी और जुलाई में बढ़ाया जाता है।




- उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं को 300 रुपये की सब्सिडी एक साल और मिलती रहेगी
- मौजूदा महंगाई के अनुसार हर 6 महीने में होता है डीए का कैलकुलेशन

### 10 करोड़ परिवार को मिलेगा लाभ

पीएम उज्ज्वला योजना की 300 रुपये की सब्सिडी की सीएम बढ़ने से 10 करोड़ परिवार को मिलेगा। अभी दिल्ली में उज्जवला सिलेंडर 603 रुपए में मिल रहा है। महंगाई भत्ता महंगाई बढ़ने के बावजूद सरकारी कर्मचारियों के जीवन स्तर को बनाए रखने के लिए दिया जाता है। यह पैसा सरकारी कर्मचारियों और पेंशन धारकों को दिया जाता है। इसका कैलकुलेशन देश की मौजूदा महंगाई के अनुसार हर 6 महीने पर किया जाता है। इसकी गणना संबंधित वेतनमान के आधार पर कर्मचारियों के मूल वेतन के अनुसार की जाती है। महंगाई भत्ता शहरी, अर्ध-शहरी या ग्रामीण क्षेत्र के कर्मचारियों का अलग-अलग हो सकता है। भारत में दो तरह की महंगाई होती है। एक रिटेल यानी खुदरा और दूसरा थोक महंगाई होती है। रिटेल महंगाई दर आम ग्राहकों की तरफ से दी जाने वाली कीमतों पर आधारित होती है। इसको कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) भी कहते हैं। आसान भाषा में समझें तो बेसिक सैलरी में ग्रेड सैलरी को जोड़ने के बाद जो सैलरी बनती है, उसमे महंगाई भत्ते की दर का गुणा किया जाता है।

## अदन की खाड़ी में हुआ मिसाइल अटैक, 3 क्रू मेंबर्स की मौत, 21 लोगों का रेस्क्यू

# भारतीय नौसेना ने हूती अटैक के शिकार जहाज को बचाया

**AGENCY NEW DELHI :** भारतीय नौसेना ने एक बार फिर से अदन की खाड़ी में एक कॉमर्शियल जहाज को रेस्क्यू किया है। नेवी के मुताबिक बारबाडोस के फ्लैग वाले लाइबेरिया के जहाज पर हूती विद्रोहियों ने मिसाइल से हमला किया था। इसके बाद जहाज में आग लग गई। इस दौरान 3 क्रू मेंबर्स की मौत हो गई और 6 लोग घायल हुए। भारतीय नौसेना ने इस जहाज पर मौजूद 21 लोगों को बचा लिया है। इनमें से एक भारतीय है। अमेरिकी मीडिया सीएनएन के मुताबिक, 'ट्रू कॉन्फिडेंस' नाम के जहाज पर 6 मार्च को हमला हुआ था। ये हूती विद्रोहियों का पहला ऐसा हमला है जिसमें लोगों की जान गई है।



**आईएनएस कोलकाता मदद के लिए पहुंचा**

नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने इस रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी दी। उन्होंने कहा- जहाज पर हुए हमले की जानकारी मिलने के बाद आईएनएस कोलकाता को रवाना किया गया था। इस पर मौजूद हेलिकॉप्टर और बोट की मदद से लोगों को बचाया गया। घायलों का इलाज मेडिकल टीम कर रही है।

**लाल सागर में हूतियों के हमले के बाद जहाज डूबा :** 2 मार्च को लाल सागर में लगातार हो रहे हूतियों के हमलों के बीच पहली बार कोई जहाज डूब गया था। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक, हूती विद्रोहियों ने 18 फरवरी को बाब-अल मंडब स्ट्रेट में रूबीमार नाम के जहाज पर मिसाइल से अटैक किया था। इसके बाद जहाज के क्रू मेंबर्स को ब्रिटिश मिलिट्री ने रेस्क्यू किया। मीडिया हाउस इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के मुताबिक रूबीमार एक ब्रिटिश जहाज था। इस पर बेलीज का फ्लैग लगा हुआ था। हूतियों ने जब इस पर हमला किया तब यह यमन के मोखा पोर्ट से करीब 27.78 किमी की दूरी पर था। पिछले 12 दिनों से यह उत्तर की तरफ बढ़ रहा था, लेकिन लाल सागर में तूफान और खराब मौसम की वजह से जहाज डूब गया।

### भारत का 80% व्यापार समुद्री रास्ते से

इजराइल-हमास जंग के बीच फिलिस्तीनियों के समर्थन में हूती विद्रोही लगातार लाल सागर और अरब सागर में जहाजों पर हमला कर रहे हैं। इसकी वजह से कई जहाज अपना रास्ता भी बदल रहे हैं। इन हमलों का असर भारत पर भी पड़ रहा है। हूतियों ने कई बार भारत आ रहे जहाजों या फिर भारतीय क्रू वाले जहाजों पर हमला किया है। ग्लोबल ट्रेड का करीब 12 प्रतिशत और 30 प्रतिशत कंटेनर ट्रैफिक हर साल लाल सागर के स्वेज कैनाल से होकर गुजरता है। हूती विद्रोहियों के हमलों से यूरोप और एशिया के बीच मुख्य मार्ग पर अंतरराष्ट्रीय व्यापार को समस्?याओं का सामना करना पड़ रहा है। भारत का 80 प्रतिशत व्यापार समुद्री रास्ते से होता है। वहीं 90 प्रतिशत ईंधन भी समुद्री मार्ग से ही आता है। समुद्री रास्ते में हमले से भारत के कारोबार पर सीधा असर पड़ता है।

### गुमला में विक्षिप्त महिला से सामूहिक दुष्कर्म, नौ अरेस्ट, वीडियो वायरल

**GUMLA :** गुमला-अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से एक दिन पहले गुरुवार को झारखंड के गुमला जिले के बसिया प्रखंड में एक विक्षिप्त महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दुष्कर्म का वीडियो भी वायरल कर दिया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुखिया विकास इंदवार सहित नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपियों को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। पीड़िता को पुलिस ने अपनी सुरक्षा में रखा है। बसिया पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला को लाल रंग की ऑल्टो कार से साकया जंगल की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची, जहां जंगल में एक ऑल्टो कार व एक जाइलो कार खड़ी थी। कार के पास 8-9 लोग खड़े थे। सभी पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस जवानों ने खदेड़कर उन्हें पकड़ा।

## स्पेनिश महिला गैंगरेप केस : हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

# विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा के लिए क्या एसओपी है : कोर्ट

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट में स्पेन की महिला के साथ गैंगरेप मामले में गुरुवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने सरकार से डीटेल रिपोर्ट मांगी। कोर्ट ने पूछा है कि विदेशी पर्यटकों के राज्य में एंट्रेंस वैरिफिकेशन के साथ उनकी सुरक्षा और सहायता के लिए सरकार ने कैसी एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेशन प्रोसीजर) जारी की है। अगर एसओपी नहीं है तो भविष्य में इसकी क्या योजना है? 13 मार्च को इस मामले में अगली सुनवाई होगी। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को यह बताया गया कि इस घटना के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की थी। 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित को मुआवजे के तौर पर 10 लाख का भुगतान भी कर दिया गया है। सरकार के वकील धीरज कुमार ने यह जानकारी दी है। ये सुनवाई हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर एवं जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच में हुई।



- एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर व जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच में हुई सुनवाई
- झारखंड हाईकोर्ट ने खुद लिया एक्शन





# नारी तू नारायणी

THE PHOTON NEWS

"प्रसन्न स्त्रियां
मां, बहन, बेटी, पत्नी
नारी के हैं ये रूप
सींचती हैं ये हर रिश्ते को चाहे
छांव हो या धूप।
घर की बगिया क्यारी-क्यारी
ख्याल रखती मायके के बाग
बगीचे का
संभालती बखूबी यह ससुराल की
फुलवारी।
फूलों में लगे हो कांटे या फूल
मुरझाए हो
स्त्रियाँ तो है जगत जननी हर
अघात सहकर भी
स्त्रियों ने पौधे ही लगाए हैं।
मत छीनो मुस्कान उनकी, यह है
इनका जीवन आधार स्त्रियां
प्रसन्न है जब तक, प्रसन्न है तब
तक यह संसार।

-निशि कुमारी ओझा




# नारी : शक्ति, साहस और ऊर्जा की केंद्र बिंदु



पद्मा मिश्रा
जमशेदपुर

नारी विमर्श या नारी मुक्ति की बात केवल झारखंड ही नहीं पूरे देश के लिए चिंतन का विषय है, क्योंकि आज के बदलते सामाजिक परिप्रेक्ष्य में, एक पूरे ढांचे में बदलाव की आवश्यकता है,जहां महिलाओं के लिए क्षितिज का कोई कोना अछूता नहीं रहा, वहीं पुरुष वर्ग अभी भी अपनी रूढ़ियों से जकड़ा खडा है. समय बदल रहा है, समाज के नियम भी बदल रहे हैं जिसमें महिलाओं की सशक्त भूमिका है। वह घर परिवार और कार्यस्थल दोनों संभालती हैं बच्चों की शिक्षा-दीक्षा, घर प्रबंधन, व्यवसाय से लेकर सामाजिक, राष्ट्रीय समस्याओं के सही सटीक समाधान ढूंढ पाने में वे अग्रणी रही हैं, फिर कमी कहां रह गयी, उनके चरित्र में? आज पुरुष स्त्री को अपने समकक्ष खड़ा करा पाने में संकोच का अनुभव करता है, या यों कहें की उसका अहम् प्रभावी हो जाता है। हमारे राज्य झारखंड में महिलाओं ने विकास के रास्ते स्वयं तलाशे हैं, यदि श्रम किया है, तो साथ साथ, उद्योग हो या शिक्षा या सृजन सबमें अपनी उपस्थिति दर्ज. कराई है कई बार पुरुषों ने उनका साथ भी दिया है इसके बावजूद यहां महिलाओं का संघर्ष भी है, उपेक्षा भी है, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता। झारखण्ड की माटी में पली बढ़ी, जिन्दगी की जद्दोजहद से जूझती इन भूमिसुताओं पर हमें गर्व है, इनका कठिन परिस्थितियों में भी संघर्ष करते रहना, इनकी जिजीविषा हमें चमत्कृत करती है। जब छोटी सी उम्र में कलम थामने वाले हाथों में झाड़ू थमा दी जाती है, और अनथक दिन रात परिश्रम करते रहने के लिए मजबूर कर दी जाती हैं,उनके सपनो की उड़ान के पंख कतर दिए जाते हैं, तो मन रो उठता है। आज 'स्टार न्यूज' पर प्रसारित हो रहे समाचार 'कविता की कहानी' को देख कर अपने झारखंड की बेटियों की दशा व दुर्दशा पर मन क्षुब्ध हो उठा। आये दिन समाचार पत्रों व टेलीविजन चैनलों पर किसी न किसी बेटी की पीड़ा, दर्द व बेबसी की अनगिनत कहानियां यत्र-तत्र बिखरी नजर आती हैं। कभी उन्हें नौकरी व पढ़ाई के नाम पर सुदूर जगहों पर भेज दिया जाता है जहां उनका शोषण कर उन्हें प्रताड़ित किया जाता है, यातनाएं दी जाती हैं,अगर उनके विरोध में कहीं कोई दबी आवाज उभरी भी तो कुछ दिनों तक प्रेस में, मीडिया और मुट्ठी भर बुद्धिजीवियों के बीच विमर्श का मुद्दा बनी बेटियां आंसू बहाने के सिवाय कुछ नहीं कर पातीं। सरकार कुछ मुआवजा या दोषियों को दो तीन महीनो की सजा दे अपने कर्तव्य से मुक्त हो जाती है और फिर एक नई यातना की कहानी का जन्म होता है। आखिर कब तक? और कितनी कविताओं की बलि चढ़ेगी? क्या हमारा समाज कभी अपनी सोच बदलेगा? बेटियां जो किसी का अभिमान, किसी के माथे का तिलक बन गौरव व साहस का नया इतिहास लिख सकती हैं, उन्हें प्रताड़नाओं के दौर से कब तक गुजरना पडेगा? उन्हें ईमानदारी और दृढ़ संकल्पों के साथ शिक्षित और जागरुक बनाने की ठोस कोशिश क्यों नहीं होती? केवल "बिटिया वर्ष मनाकर, या साइकिलें बांट कर, 'मिड डे मील' खिला कर, कुछ पुरस्कार देकर ही हमारे कर्तव्य पूरे हो जाते हैं? क्या यही है झारखंड की बेटियों का भविष्य? जबकि हमारा प्रदेश 'बेटी बचाओ' और ' बिटिया वर्ष' मना रहा है। हमारे पास एक पल यह सोचने की भी फुरसत नहीं की हम कौन सी दुनिया में जी रहे हैं? बाहर तो हैवानियत का तांडव है ही पर अपने ही घर में छुपे इन नर पिशाचों से कौन बचाएगा उन्हें? झारखंड में रहने, उसकी संस्कृति से प्यार करने वाले लोग अपनी सोच और विचारों को बदलिए, हम आदिम युग में नहीं रहते, बल्कि एक सभ्य और शिक्षित समाज में रहते हैं। नई जागृति, नए विकास और प्रगति की दिशा में बढाया गया हमारा एक एक कदम व्यर्थ है जबकि हम अपनी ही आधी आबादी ,सबल और सशक्त पक्ष नारी को उनके जीवन की ही सुरक्षा नहीं दे सकते ,फिर हम किस विकास की बात करते हैं? नई नई घोषणाओं उद्घाटनों से पहले अपने प्रदेश की बेटी को बचाने के लिए कृत संकल्प हों ,ईमानदारी के साथ,गंभीर कदम उठायें ताकि हम विश्व के फलक पर गौरवान्वित हो सकें। इसी बहाने कोई बदलाव, जागृति, नई विचार धारा की लहर बन सके तभी "बेटी वर्ष के नारे की सार्थकता है। अभी दिल्ली में घटित "दामिनी 'के प्रति पूरे देश ने जिस एकजुटता और साहस का परिचय दिया वह स्तुत्य है, एक बेटी को न्याय मिला, पर अभी देश की और भी महिलाएं, बेटियां न्याय की प्रतिक्षा में हैं, हमें उनका भी साथ देना होगा,अन्याय के खिलाफ इस लड़ाई में हम सब साथ होंगे। कुछ शिक्षित परिवारों में सचमुच पुरुषों ने ही महिला को विकास का मार्ग दिखाया है,सफलता के रास्ते तलाशे हैं पर केवल कुछ मुट्ठी भर जागरूकता से आदर्श समाज नहीं बनाया जा सकता पर निराश व हताश होने की आवश्यकता नहीं वर्षों की जमी धूल जरूर हटेगी, आशाओं और उम्मीदों का सूरज जरूर निकलेगा, और एक दिन नारी अपने पद की गरिमा और ऊंचाईयों को अवश्य छूएगी। उम्मीद जगाये रखें,तभी महिला दिवस मनाने और उसका सम्मान अक्षुण बनाये रखने की कोशिश साकार होगी।



## कविता



सविता सिंह मीरा
जमशेदपुर

### प्रियवर तुम हो अति विशेष

प्रियवर तुम हो अति विशेष

न जाने वह यह सब
कर लेती थी कैसे?
तंगी भरे दिनों में भी
रख कंधे पर हाथ
निकाल देती थी पैसे

देखता रहता अपलक
शांत सौम्य थोड़ी कड़क,
पल्लू को खोंस कमर में
देखती जाती दूर तलके

चंद दिनों में ही कैसे
गह लिया मुझको ऐसे
कैसे कर लेती हो तुम सखे
जैसे धमनी में रक्त बहे

इतना समर्पण ऐसा अर्पण
सीमित संसाधनों मे भी
गृहस्थी का पूरा संचालन
अरु संचित भी कर लेती धन?

दौड़ा फिर रसोई घर
थी वो पसीने से तर बतर,
चूमा उसके मस्तक को
उसने लिया बाँहों में भर,
फिर फफक फफक कर,
गोद में उसके सर रखकर
मन हुआ हल्का ताजा तरीन
निकला जैसे इंद्रधनुष रंगीन
ऐसा संचालन, ऐसा निवेश
हर महिला होती अति विशेष
हर महिला होती अति विशेष

संतोष कुमार चौबे

### कुछ बेवजह ही तोड़ लाएंगे तुम्हे।

कोई भजन कुछ गीत शादी के सुनाएंगे
तुम्हे,
मंदिर में कुछ तो कुछ घरौंदों में सजाएंगे
तुम्हे।

जिस बाग के तुम फूल हो बचके वहां
महका करो,
कुछ पूछ कर कुछ बेवजह ही तोड़ लाएंगे
तुम्हे।

बन इत्र होगी साथ उनके जो कभी तेरा
नहीं,
परिवार घर बाहर सभी सांसों में पाएंगे
तुम्हे।

हरदम रहोगे हर किसी की तुम उठाते
जिंदगी,
लेकिन वही उठकर तुम्हारे आजमाएंगे
तुम्हें।

तेरी हँसी वो खिलखिलाहट देख हंसेंगे
सभी,
ना दोस्त ना हमदम कभी कोई हंसाएंगे
तुम्हे।

वो द्वार दीवारें लगेंगी ही नहीं इतनी हंसी,
बेशक तभी तो सब सजाना उसपे चाहेंगे
तुम्हे।

ये मजलिसे ये कारवां सम्मान में होंगे मगर,
कुछ द्वार कुछ दीवारों पर ही छोड़ जायेंगे
तुम्हे।

झूठी मुहब्बत और झूठ के रिश्तों में
बांधकर,
यूं जिंदगी भर महफिलों में सब झुमायेंगे
तुम्हे।

वो भूख भी क्या भूख है इंसानियत हारे
जहां,
इंसान की भूखी नजर ही नोच खाएंगे
तुम्हे।

ये चाँद वो सूरज यूं ही देखा करेंगे हर
घड़ी,
सुनसान सी हर राह पर अपने रुलायेंगे
तुम्हे।

# आनंद मार्ग : जहां महिलाओं को है पौरोहित्य का अधिकार, मंत्रोच्चार के साथ कराती हैं अनुष्ठान

**महिला दिवस पर विशेष**

**आनंद मार्ग प्रचारक संघ की तात्विक डॉक्टर आशू एवं अवधूतिका आनंदआराधना आचार्या का कहना है कि जमशेदपुर एवं उसके आसपास महिलाओं को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से विकसित करने के लिए कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। महिलाएं भौतिक स्तर पर स्वावलंबी हो रही है परंतु मानसिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर भी समान अवसर प्रदान करना होगा। केवल पुरोहित गिरी का नहीं बल्कि महिलाओं द्वारा वैवाहिक कार्यक्रम, दाह संस्कार, श्राद्ध कर्म करने का भी अधिकार समाज को देना होगा।**

महिलाओं को हर स्तर पर अधिकार देना होगा तभी महिलाओं का सर्वांगीण विकास संभव है। महिला सशक्तिकरण केवल बात करने से नहीं हो सकता। इस बात की समझ आनंदमार्गियों में काफी गहरी है। महिला-पुरुष समानता की बात यहां केवल कहने के लिए नहीं बल्कि वास्तविकता में देखी जाती है। पूजा-पाठ कराने में पुरुषों का एकाधिकार रहा है लेकिन इस मिथक को तोड़ा है आनंदमार्गियों ने। कई ऐसी महिलाएं हैं जो पुरोहित की जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए न केवल विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ पूजा-पाठ कराती हैं बल्कि अन्य कर्मकांड भी कराती हैं। आनंद मार्ग के संस्थापक श्री श्री आनंदमूर्ति जी ने महिलाओं को पुरोहित गिरी का अधिकार देकर वास्तव में महिला सशक्तिकरण किया है। उनका मानना था कि समाज में सभी को समान अधिकार है। इससे किसी को वंचित करना घोर पाप है। महिला एवं पुरुष को आनंदमार्ग में समान अधिकार दिया गया है।

**शादी-विवाह के लिए सभी समय शुभ, खत्म हो भेदभाव**

श्री श्री आनंदमूर्ति जी का मानना था कि महिलाओं को भी मानसिक शारीरिक एवं आध्यात्मिक उत्थान का अधिकार मिलना चाहिए। अंधविश्वास से भी महिलाओं को ऊपर उठाना होगा। शादी विवाह के लिए सभी समय शुभ है। जब सभी भगवान के ही बनाए हुए हैं तो सब कुछ समान है। इसका भेदभाव समाज में खत्म करना होगा तभी समाज का सर्वांगीण विकास संभव होगा। यहां अब महिलाओं को भी आनंद मार्ग में विवाह दाह संस्कार एवं श्राद्ध कराने का अधिकार दिया गया है।





प्रतिभा प्रसाद 'कुमकुम'

### महिला दिवस का जादू

कथा कहानी लिए आज हम, बात बताएंगे अभिराम।
सुन सकते हो सुन ही लेना, महिला सब दिन करतीं
काम।।

घर बाहर सब साथ लिए ही, बच्चे बूढ़े चले तमाम।
है दिमाग कम्प्यूटर समझो, लगातार रहता अपडेट।
कोई डाटा कैसा भी हो, करे नहीं डीलिट हो सेट।।

भाव भावना संग लिए ही, रिश्तों का रखती है मान।
दोनों मात पिता की बिटिया, घर भर की होती है शान।।

इस काल खण्ड में कुछ बदला, लेकिन अभी रखी है जान।
प्राण जाए पर वचन न जाए, बिटिया अब भी रखती मान।।

सत्य सनातन जिवीत संस्कृति, अपनी धरती की पहचान।
राम कृष्ण की भूमि हमेशा,मिले सदैव कुटुम्बक
ज्ञान।।

महिला दिन सशक्त माध्यम है, कहनी हो जब अपनी
बात।
लेकिन मयार्दा में कहना, मन मंदिर में रखना
ज्ञात।।

**औरत के हर रूप को समर्पित**

बरुण प्रभात

## मै नंगी हूं

"मै नंगी हूं
मैने जिसे जना
भरण पोषण की जिसकी
अपने दूध को पिलाकर
जिसकी क्षुधाओं को शांत किया
आस्मां की ऊँचाई दी जिसको
वही हंस रहा है, आज
मुझे देखकर, क्यों ?
मैनें उसके लिए वस्त्र बुने
स्वयं चेतनाहीन बन, उसे
चेतना दी
उसके रगों मे दौड़ता हुआ लहूं
मेरा है
यह बात उसे याद नहीं
उसे याद है सिर्फ मेरा
नंगापन
मैंने उसे जब भी देखा
अकेले या भीड़ मे
वो मुझे मासूम ही लगा
मेरी नजरें मुस्कुराहट मे छुपी
क्रुरता को नहीं देख पायी
चमकती आंखों की वासना
नहीं पढ़ पायी
उसकी मासूमियत से ठगी गई
आश्चर्य! उसके अट्टहास को सुन जब
पूछ बैठी, ये हंसी क्यों?
कहीं मेरे नंगापन को देखकर तो नहीं?
वह हंसता रहा, मै चीखती रही
कब हुई मै नंगी
किसने उतारे वस्त्र मेरे ?
अचानक वह सहम गया
मुस्कुराया, बोला -पगली है
हां मै पगली हूं
मुझे लोक भय नहीं
मै नंगी हूँ उस वक्त से
जब मेरा जन्म हुआ
सिल-सिलेवार यह रश्म बनता गया
भूख से बिलखते तुझे देख नहीं पाई
और नंगी हों गई
फिर तो आदतन मेरे जिस्म को
निरखने परखने का सिलसिला चल
निकला
वासना की कुलबुलाहट से बेचैन तुम
करते रहे हों नंगा बार -बार
कुटिल यथार्थ
रीति रिवाज
सभ्यता, संस्कृति और तुम सब
मेरे वस्त्र उतारते रहे
मै बेबश, बेवा बन देखती रही
स्वयं को तार तार होते
जन्म से मरण तक
हर पल कदम दर कदम
देती रही है, परीक्षा
मेरा जिस्म, मेरी लज्जा
अब भी उम्मीद कि बचा होगा
मेरी आंखों मे शील का कतरा
जरा देखना कहीं तुम्हारे आंखों का
पानी मर तो नहीं गया।।

## बोलो जरूर बोलो



डॉ, संध्या सिन्हा
प्राध्यापिका, हिंदी विभाग,
करीम सिटी कॉलेज,
जमशेदपुर

बोलो जरूर बोलो

जानती हूं बोलना उनको
अच्छा नहीं लगता
हमारा.तुम्हारा तो कभी
नहीं!!
तो क्या हम बोलें ही नहीं?
कभी नहीं....?
बस सुनते रहे???

सदियों से सदियों तक??
क्यों??

युग बदला
ज्ञान-तकनीक-जीवन
सब बदले
नही बदले तो वो
और उनकी जगह

पर हम क्यों न बदलें???
हम बदलेंगे.... बोलेंगे
रक्खेंगे अपनी बात!

उन्हें सुनना होगा
नही सुनकर वे जाएंगे कहां
कौन देगा उन्हें
घर परिवार, बाल बच्चे
प्यार और संवेदना???

बोलो...बोलो ना???
हां.... इसलिए बोलो
जरूर बोलो!!

........ जानती हूं बोलना
उनको अच्छा नहीं लगता
जरूरी तो नहीं...
जो उन्हें अच्छा ना लगे....
हम ना करें!!

तुम बोलोगी तो
युग बोलेगा
तुम बदलोगी तो
युग बदलेगा

इसलिए बोलो जरूर बोलो।
.....बोलो जरूर बोलो।

SCAN ME
1. हमें अपना फीडबैक, सुझाव या टिप्पणियां देने के लिए दिए गए बार कोड को स्कैन करें या मेल करें।
2. आप हमें अपनी रचनाएं, कविता या आलेख भी भेज सकते हैं। जिसे हम अपने आने वाले अंक पर प्रकाशित करेंगे।
Email- thephotonnewsjharkhand@gmail.com

BRIEF NEWS

## पुलिस मुख्यालय को कोर्ट की सुरक्षा को लेकर रेंज के डीआईजी देंगे रिपोर्ट

**RANCHI :** पुलिस मुख्यालय को कोर्ट की सुरक्षा को लेकर रेंज के डीआईजी रिपोर्ट देंगे। कोर्ट सुरक्षा को लेकर यह निर्देश पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि सभी कोर्ट परिसर और आवासीय परिसर में सीसीटीवी लगाने का काम किया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों को यह निर्देश दिया है कि जहां-जहां सीसीटीवी लगाने का काम पूरा नहीं हो पाया है, उसे जल्द पूरा किया जाए। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वह जैप आईटी से संपर्क स्थापित कर हर हाल में 31 मार्च तक सीसीटीवी लगाने का कार्य पूरा कर लें। साथ ही रेंज डीआईजी को निर्देश दिया गया है कि वह अगले 10 दिनों के अंदर सभी न्यायालय में सुरक्षा व्यवस्था का औचक निरीक्षण करें। इस दौरान अगर कोई कमी पाई जाती है, तो उसकी रिपोर्ट बनाकर पुलिस मुख्यालय को सौंपे।

## मुख्यमंत्री से मिले वेदांता इलेक्ट्रोस्टील के सीईओ

**RANCHI :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से गुरुवार को वेदांता इलेक्ट्रोस्टील के सीईओ आशीष कुमार गुप्ता ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर वेदांता इलेक्ट्रोस्टील के हेड कॉरपोरेट अफेयर्स आशीष रंजन एवं एसोसिएट कॉरपोरेट अफेयर्स निरंजन शर्मा उपस्थित रहे।

## पकरी बरवाडीह कोल परियोजना के लिए जमीन हस्तांतरण के मामले में जवाब तलब

**RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट में एनटीपीसी द्वारा फर्जी ग्राम सभा कर फॉरेस्ट क्लीयरेंस का एनओसी लेने के मामले की जांच के लिए दायर जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने तीन सप्ताह में केंद्र सरकार, राज्य सरकार और एनटीपीसी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण राय की बेंच में हुई। इस पूरे मामले को लेकर हजारीबाग के रहने वाले मंटू सोनी ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ये मामला पकरी बरवाडीह कोल परियोजना के लिए जमीन हस्तांतरण से जुड़ा हुआ है। इस मामले में अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह ने बहस की।

## पूर्व विधायक अमित महतो सहित अन्य रंगदारी के मामले में बरी

**RANCHI :** अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की कोर्ट ने गुरुवार को सिल्ली के पूर्व विधायक और खतियानी पार्टी के अध्यक्ष अमित महतो, विशाल महतो, मधुसूदन महतो और हेमंत कुमार महतो को सड़क निर्माण कार्य में लगी कंपनी से रंगदारी मांगने के केस में साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। राज्य सरकार ने न्यायिक दंडाधिकारी के उस आदेश को चुनौती दी थी। इसमें अमित महतो और अन्य को बरी कर दिया गया था। सभी आरोपितों के खिलाफ सिल्ली थाना में वर्ष 2007 में कांड संख्या 7/2007 दर्ज की गई थी।

## वैश्य मोर्चा कोर कमेटी की बैठक 10 को

**RANCHI :** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमेटी की बैठक 10 मार्च को रांची में होगी। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने गुरुवार को कहा कि झारखंड प्रदेश तेली समाज और रौनियार वैश्य समाज की ओर से लोकसभा चुनाव में अपने-अपने नेताओं के लिए सीटें मांगना जायज है। लोकतंत्र में सामाजिक न्याय और सबका साथ, सबका विकास की बात केवल हवा में नहीं होनी चाहिए, बल्कि आबादी के अनुपात में राजनीतिक हिस्सेदारी भी मिलनी चाहिए।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

### लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने समीक्षा बैठक की

# राज्य के सभी मतदान केंद्रों को मॉडल बूथ के रूप में किया जाएगा तैयार : के. रवि कुमार

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर राज्य के मतदान केन्द्रों पर आवश्यक बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित होने से बेहतर परिणाम सामने आएंगे। मतदाता मतदान केंद्र पर ज्यादा से ज्यादा पहुंचेंगे। इससे मतदान प्रतिशत बेहतर हो सकेगा। इसके लिए सभी को सकारात्मक सोच के साथ आपसी समन्वय से काम करने की आवश्यकता है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत अबतक की गई तैयारियों को लेकर रांची के एक होटल में आयोजित राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में सभी



समीक्षा बैठक में लोगों को संबोधित करते के रवि कुमार। ● फोटोन न्यूज

ईमानदारी पूर्वक कर्तव्य निर्वहन करें। सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी अपने-अपने जिले में चल रहे निर्वाचन से संबंधित कार्यों को ससमय पूर्ण करें। निर्वाचन के कार्य में किसी प्रकार की कोताही अक्षम्य है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में राज्य के सभी मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केंद्र (मॉडल बूथ) के रूप में तैयार किया जाना है। उन्होंने सभी बूथों पर दिव्यांग मतदाताओं, महिला एवं पर्दानशी मतदाताओं, वरिष्ठ मतदाताओं की सहायता के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य गर्मी के मौसम में हो रहा है, ऐसे में सभी मतदान केन्द्रों पर शेड एवं पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाएं, ताकि मतदाताओं को कोई असुविधा नहीं हो। शहरी मतदाताओं (अर्बन वोटर) के लिए मतदान केन्द्रों के समीप ही पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि मतदान दिवस के दिन सभी मतदाता लोकतंत्र के महापर्व के रूप में मनायें। सभी मतदाता महापर्व में भागीदार बनें, इसके लिए लोगों के बीच संदेश प्रसारित एवं प्रचारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों पर ऐसी व्यवस्था व माहौल तैयार करें, ताकि लोग पर्व-त्योहार की तरह मतदान केन्द्रों पर पहुंचे और मतदान करें। मतदाताओं के बीच किसी तरह की कोई असमंजश की स्थिति नहीं आने दें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन कार्य के दौरान विधि-व्यवस्था सख्त रखने का निर्देश सभी पुलिस पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने शराब एवं नकदी अवैध आवागमन पर कड़ी निगरानी रखते हुए सख्ती से रोक लगाने का निर्देश दिया। साथ ही सोशल मीडिया पर फेक न्यूज एवं असामाजिक तत्वों द्वारा किये जा रहे भ्रामक पोस्ट पर निगरानी रखते हुए प्रावधान अनुरूप सख्त कार्रवाई करने का निदेश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन से संबंधित तैयारियों की समीक्षा के क्रम में सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्तों को संभावित गलतियों के बारे में बिंदुवार बताते हुए त्रुटिरहित कार्य संपादन की जानकारी दी।

नोडल पदाधिकारी राज्य पुलिस एवी होमकर ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी जिलों में पुलिस पदाधिकारियों द्वारा की गई तैयारियों एवं कार्रवाई की समीक्षा की। विधि व्यवस्था संधारण तथा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश पुलिस पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने बताया कि नकदी, नकली एवं अवैध शराब, नशीले एवं अन्य प्रतिबंधित सामग्री की तस्करी एवं आवागमन पर पूर्ण रोक के लिए विशेष कार्य योजना तैयार की जा रही है। इसके लिए सभी पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

बैठक में पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों की ओर से अपने-अपने जिले में चल रहे निर्वाचन कार्यों से संबंधित अबतक की गई तैयारियों के बारे में जानकारी दी गई।

## हत्या मामले में दो दोषियों को आजीवन कारावास

**RANCHI :** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की कोर्ट ने गुरुवार को आपसी विवाद में एक युवक का अपहरण कर हत्या मामले के दोषी बबलू उरांव और खदी उरांव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही इनपर 45-45 हजार का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि नहीं देने पर दोनों को एक-एक वर्ष की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। दरअसल, यह मामला साल 24 जनवरी 2018 का है। इस दिन गोवर्धन गोप नाम का युवक सरस्वती पूजा का मूर्ति विसर्जन के लिए गया था, लेकिन उसके बाद वह घर लौट कर नहीं आया। इसे लेकर गोवर्धन के पिता सोहर गोप ने अपने बेटे का अपहरण का मामला लापुंग थाना में दर्ज कराया था। बाद में 30 जनवरी 2018 को गोवर्धन गोप का शव डूमर झरिया तिलैया जंगल में पाया गया था। गोवर्धन गोप की हत्या लाठी, डंडा और पत्थर से मारकर की गई थी। शव मिलने के बाद अनुसंधानकर्ता ने अदालत में आईपीसी की धारा 364, 120बी, 201 और 302 के तहत चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें इस हत्याकांड में बबलू उरांव और खदी उरांव के शामिल होने की बात आई थी।

# जमीन घोटाला मामले में बड़गाईं अंचल में ईडी ने की छापेमारी, कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त

**PHOTON NEWS RANCHI :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने बुधवार को रांची के बड़गाईं अंचल कार्यालय में छापेमारी की। इस दौरान जमीन की हेराफेरी से संबंधित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किये गये। फर्जी दस्तावेज के आधार पर जमीन का कारोबार करनेवाले गिरोह के सरगना अफसर अली के घर से जब्त किये गये 36 फर्जी दस्तावेज से संबंधित महत्वपूर्ण कागजात भी ईडी की टीम ने अंचल कार्यालय से जब्त किये हैं। इन दस्तावेजों से अफसर अली और अंचल कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ उसके मधुर




संबंध होने के सबूत मिले हैं। साथ ही फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन के कारोबार में अंचल अधिकारियों के भी शामिल रहने की पुष्टि होती है।

बुधवार को हुई छापेमारी के दौरान कुछ ऐसे दस्तावेज मिले हैं, जिसमें जमीन के कारोबार में बड़े और प्रभावशाली लोगों के शामिल होने के सबूत हैं। इस तरह के दस्तावेज में रंगीन टैग लगा कर अधिकारियों और राजनीतिज्ञों के नाम लिखे गये हैं। गौरतलब है कि बरियातू स्थित जिस 8:50 एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी हुई है, वह जमीन बड़गाईं अंचल के ही अंतर्गत आती है। वहीं, इसी मामले में इसी अंचल कार्यालय का राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद को भी इडी गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

ईडी की टीम ने 13 अप्रैल को जमीन घोटाला मामले की छानबीन के दौरान भानु प्रताप प्रसाद के घर, रिम्स के निलंबित अफसर अली, सद्दाम, इम्तियाज अहमद, तल्हा खान, फैयाज खान समेत कई लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। उस दौरान फर्जी कागजात की आधार पर जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े कई दस्तावेज मिले थे। भानु प्रताप प्रसाद के घर से कई ट्रंक में रखे जमीन से जुड़े दस्तावेज मिले थे, जिसमें सेना के कब्जेवाली और चेशायर होम रोड की जमीन से जुड़े दस्तावेज भी शामिल थे। इसके बाद इडी ने भानु को 14 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया था। रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल समेत कई लोग इसी मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं।

## राष्ट्रपति से मिलेगा आईएनडीआईए गठबंधन का प्रतिनिधिमंडल, मांगा समय

**RANCHI :** आईएनडीआईए गठबंधन के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने के लिए समय मांगा है। इस संबंध में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने राष्ट्रपति के सचिव को पत्र लिखा है। पत्र में लिखा गया है कि झारखंड के मंत्री, सांसद, विधायक और वरिष्ठ नेता राष्ट्रपति से मिलना चाहते हैं। अतः प्रतिनिधिमंडल को मिलने के लिए समय निर्धारित किया जाये। इसकी जानकारी खुद विनोद कुमार पांडेय ने गुरुवार को दी है। उन्होंने बताया कि झारखंडी अस्मिता से जुड़े प्रमुख मांग और बिल जैसे सरना धर्म कोड, ओबीसी आरक्षण और 1932 खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति आधारित बिल झारखंड विधानसभा से पास कर राज्यपाल के पास भेजा गया था।

# लोकायुक्त, सूचना आयोग सहित अन्य में अब तक नियुक्ति क्यों नहीं : हाईकोर्ट

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सूचना आयोग में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर अवमानना याचिका सहित अन्य जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय व जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान प्रार्थियों का पक्ष सुना। खंडपीठ ने मौखिक रूप से राज्य सरकार से पूछा कि लोकायुक्त, राज्य सूचना आयोग सहित अन्य आयोगों में अब तक नियुक्ति क्यों नहीं हुई। कोर्ट के आदेश का पालन क्यों नहीं हो पाया है। इस बिंदु पर राज्य सरकार को जवाब देने का निर्देश दिया।

मामले की अगली सुनवाई के लिए खंडपीठ ने 11 मार्च की तिथि निर्धारित की। इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता ऋतु कुमार,




अधिवक्ता अभय कुमार मिश्र ने खंडपीठ को बताया कि नेता प्रतिपक्ष की घोषणा होने के बाद भी अब तक लोकायुक्त, राज्य सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग आदि संवैधानिक संस्थाओं में रिक्त पदों को नहीं भरा गया है। कोर्ट के आदेश का पालन भी सरकार नहीं कर रही है। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पैरवी की, जबकि बाबूलाल मरांडी की ओर से अधिवक्ता कुमार हर्ष उपस्थित थे।

# कांग्रेस ने एसबीआई के समक्ष किया प्रदर्शन

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची जिला और महानगर कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को चुनावी बॉन्ड योजना के दानदाताओं की सूची सार्वजनिक नहीं करने के खिलाफ एसबीआई कचहरी परिसर स्थित मुख्य शाखा के समक्ष विरोध-प्रदर्शन किया। विरोध-प्रदर्शन कमिटी के अध्यक्ष डॉ कुमार राजा और डॉ राकेश किरण महतो की संयुक्त अध्यक्षता में किया गया।

मौके पर डॉ कुमार राजा ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में भाजपा की चुनावी बॉन्ड योजना को असंवैधानिक मानते हुए इस पर रोक लगा दी है।



विरोध-प्रदर्शन करते कांग्रेसी। ● फोटोन न्यूज

अदालत ने राजनीतिक दलों को इस योजना के तहत प्राप्त दान का खुलासा करने का निर्देश दिया। साथ ही,एसबीआई को चुनावी चंदे की पूरी जानकारी छह मार्च 2024 से पहले सार्वजनिक करने और चुनाव आयोग को सौंपने का भी निर्देश दिया था। उच्चतम न्यायालय के इस फैसले का देश भर में काले धन के खिलाफ निर्णायक कदम के तौर पर व्यापक स्वागत किया गया।

## जमीन घोटाला मामले में हेमंत व भानु की हिरासत अवधि 21 तक बढ़ाई गई

**RANCHI :** जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के उप-निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में हुई। कोर्ट ने दोनों की न्यायिक हिरासत की अवधि 21 मार्च तक बढ़ा दी है। अब दोनों आरोपितों की अगली पेशी कोर्ट में 21 मार्च को होगी। इससे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने 13 दिनों तक रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। जबकि भानु को 12 दिनों रिमांड लेकर पूछताछ की गई थी।

# आरपीएफ ने अवैध शराब के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**PHOTON NEWS RANCHI :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) हटिया ने स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या तीन से एक आरोपित को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम नीतीश कुमार (24) बताया गया। वह बिहार के नवादा का रहने वाला है।

गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार रांची के आरपीएफ मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर रेलवे


गिरफ्तार आरोपी व पुलिस अधिकारी।

स्टेशनों और ट्रेनों मे तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ पोस्ट हटिया और आरपीएफ की फ्लाइंग टीम ने हटिया स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या तीन पर एक व्यक्ति को भारी भरकम बैग के साथ संदेहास्पद अवस्था में बैठे देखा। जांच करने पर उसके बैग से 24 बियर की बोतल बरामद की गई। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि ट्रेन से ले जाकर उन बोतलों को बिहार मे अधिक मूल्यों पर बेचना था।

### कला एवं सांस्कृतिक भवन सिल्ली में आयोजित महिला सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए सुदेश महतो, बोले-

# महिलाओं को मिले सम्मान, अधिकार व अवसर

**PHOTON NEWS RANCHI :** आजसू सुप्रीमो और सिल्ली के विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि महिलाओं को सम्मान, समान अधिकार और अवसर मिले यह हमारी प्राथमिकता है। नारी शक्ति के सम्मान के बिना सभ्य और प्रगतिशील समाज की कल्पना भी अधूरी है। भारतीय संस्कृति में भी महिला सम्मान सर्वोपरि है। सुदेश कुमार महतो गुरुवार को नवनिर्मित कला एवं सांस्कृतिक भवन सिल्ली में आयोजित सिल्ली विधानसभा स्तरीय महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सामाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया।

उन्होंने कहा कि सिल्ली विधानसभा क्षेत्र को विकसित, शिक्षित और सशक्त बनाने में यहां की महिलाओं की भूमिका अतुलनीय है। उनके योगदान और साथ से हम राज्य के नवनिर्माण की भी पटकथा लिखेंगे। महतो ने कहा कि राज्य की सरकार की


कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं। ● फोटोन न्यूज

## कला सांस्कृतिक भवन का हुआ उद्घाटन

इस मौके पर सुदेश महतो ने सिल्ली में नवनिर्मित कला एवं सांस्कृतिक भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि कला संस्कृति समाज में सहयोग, सहभागिता, समानता, समृद्धि और समरसता को बढ़ावा देती है। हमें अपनी संस्कृति पर गर्व है और इसे वैश्विक पटल पर स्थापित करना है। अधिक से अधिक युवाओं को इस क्षेत्र से जोड़ना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसी उद्देश्य को धरातल पर उतारते हुए आज सिल्ली में बने विश्वस्तरीय कला एवं सांस्कृतिक भवन का उद्घाटन किया। यह भवन राज्य की कला संस्कृति को बढ़ावा देने और लोक कलाकारों को उचित सम्मान देने का एक सशक्त मंच बनेगा।

गलत नीतियों और दिशाहीन नेतृत्व के चलते महिलाओं के खिलाफ अपराध और हिंसा में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को पीएचडी तक की निःशुल्क शिक्षा का वादा कर के सत्ता में आई झामुमो गठबंधन की सरकार अपने वादे को भूल गई है। साथ ही हर अनुमंडल मुख्यालय में महिला महाविद्यालय की स्थापना की बात शायद इन्हें याद भी नहीं। शिक्षकों की कमी से शिक्षा का स्तर गिरा है जिसका सबसे अधिक नुकसान गरीबों और वंचितों को हुआ है।

## पूर्व डीआईजी संजय रंजन समेत कई लोग आजसू में हुए शामिल

**RANCHI :** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड को बेहतर बनाने के लिए अच्छे विचार और सोच जरूरी है। ऐसे लोगों को एक मंच पर लाने की हमारी कोशिशें लगातार आगे बढ़ रही हैं। हमें सभी के विश्वास पर खरा उतरना है। सुदेश महतो ने यह बातें गुरुवार को केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कही। इस दौरान पूर्व डीआईजी संजय रंजन, उद्यमी कपिल कपूर, अधिवक्ता मेघा कपूर, डॉ. प्रतीक वर्मा समेत रांची के कई उद्यमियों एवं समाजसेवियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

सुदेश कुमार महतो ने संजय रंजन का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी ने हमेशा से युवाओं, महिलाओं और बुद्धिजीवियों की कद्र की है। संजय जी ने पुलिस सेवा में रहते हुए राज्य की अपेक्षाओं और समस्याओं को समझा-जाना है। इनके अनुभवों का लाभ राज्य को अवश्य मिलेगा। आजसू पार्टी आप सभी को सार्वजनिक जीवन में जनता की सेवा करने का सशक्त मंच देगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में सरकार ने जनता को छला है। सरकार की वादाखिलाफी का जवाब जनता इन्हें देगी।

सदस्यता करने के बाद पूर्व डीआईजी संजय रंजन ने कहा कि सुदेश कुमार महतो के विजन और विचारों से प्रभावित होकर आजसू पार्टी में शामिल हो रहा हूं। आजसू अपनी शर्तों और उसूलों पर डट कर चलने वाली पार्टी है। इस पार्टी ने हमेशा जन आकांक्षाओं के अनुरूप जमीनी स्तर पर काम किया है।

# पुलिस मुख्यालय में एक इंस्पेक्टर सहित 23 एसआई होंगे प्रतिनियुक्त

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्य के विभिन्न जिलों में तैनात एक इंस्पेक्टर सहित 23 एसआई को पुलिस मुख्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया है। गुरुवार को पुलिस मुख्यालय की ओर से मिली जानकारी के अनुसार डीजीपी के आदेश पर डीआईजी कार्मिक ने इसको लेकर आदेश जारी कर दिया है। पुलिस मुख्यालय में प्रतिनियुक्ति के लिए इच्छुक इंस्पेक्टर और एसआई का स्वेच्छा मनोनयन की मांग की गई थी। इसके बाद लिस्ट विभिन्न जिलों से पुलिस मुख्यालय भेजा गई थी। पुलिस मुख्यालय में साक्षात्कार में 23 का चयन किया गया। इनमें देवघर में पदस्थापित इंस्पेक्टर डोमन रजक, गिरीडीह में तैनात एसआई मुकेश कुमार, रांची में तैनात एसआई सौरभ कुमार गुप्ता, दिलीप कुमार टुडू, दीनबंधू कुमार, कृष्ण रजवार, कुणाल कुमार, गुमला में तैनात एसआई संगीता तिग्गा, सत्यप्रकाश रवि, खूंटी में तैनात एसआई सुरेन्द्र कुमार शर्मा, पिन्टू कुमार, गढ़वा में तैनात एसआई निलेश कुमार, उदित प्रकाश, जमशेदपुर में तैनात एसआई दिवाकर तिवारी, दिपिका तिग्गा, हजारीबाग में तैनात एसआई प्रियंका तिर्की, होलिका तिग्गा, चाईबासा में तैनात एसआई दीपक कुमार द्विवेदी, अनिल भुइयां, हिमांशु कुमार, लक्ष्मण कुमार राम, सराइकेला में तैनात एसआई खुशबू रानी और पलामू में तैनात एसआई सुभाष चंद्र लकड़ा के नाम शामिल हैं। जिले के एसएसपी और एसपी को निर्देश दिया गया है कि मुख्यालय में प्रतिनियुक्त किये गये इंस्पेक्टर और एसआई को यथाशीघ्र योगदान कराना सुनिश्चित करें।

## मुख्यालय वन डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने ग्रहण किया पदभार

**RANCHI :** रांची के मुख्यालय वन डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने गुरुवार को अपना पदभार ग्रहण किया। मौके पर डीएसपी ने कहा कि विधि व्यवस्था और अपराध पर नियंत्रण स्थापित करना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा अगामी लोकसभा चुनाव को स्वंतत्र और निष्पक्ष रुप से कराना, एसटी-एससी मामलों, बच्चों और महिलाओं से जुड़े मामलों का बेहतर तरीके से अनुसंधान करना और लोगों को न्याय दिलाना के लिए वह हमेशा तत्पर रहेंगे।

BRIEF NEWS

## महाशिवरात्रि पर दोमुहानी में आज दिखेगा आस्था का महासंगम

**JAMSHEDPUR :** महाशिवरात्रि पर सोनारी स्थित दोमुहानी छठ घाट पर आस्था का महासंगम दिखेगा। शुक्रवार को होने इस कार्यक्रम में दूसरी बार स्वर्णरेखा की भव्य आरती होगी, जिसे संपन्न कराने के लिए बनारस से 21 पंडितों की टोली आई है। 28 फीट ऊंची भगवान शिव की कलाकृति रहेगी, तो लेजर शो से शिव के विभिन्न रूपों की आकृति दिखाई जाएगी। दोमुहानी में गुरुवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शहरवासियों से इस उत्सव में शामिल होने का आग्रह किया है।

## लापता किसान मंगल ओराम को शीघ्र ढूंढने की मांग, एसपी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन



**ROURKELA :** राउरकेला में गुरुवार को तेतेरकेला पंचायत के ग्रामीणों ने एसपी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। 8 दिनों से लापता किसान मंगल ओराम की तलाश की मांग को लेकर यह प्रदर्शन किया गया है। पिछले 29 फरवरी से नुआगांव ब्लॉक के तेतरकेला पंचायत के किसान मंगल ओराम अपनी बोलेरो वैन के साथ लापता हैं। वह अपने गांव से वैन में सब्जी लेकर राउरकेला आया था। सब्जी को झिरपानी उतारने के बाद वह लापता हो गया है। विधायक शंकर ओराम के नेतृत्व में एक टीम ने राउरकेला एसपी से मुलाकात की और उनसे मंगल ओराम को जल्द से जल्द ढूंढने की अपील की।

## व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर जीएसटी विभाग की छापेमारी, टैक्स चोरी की आशंका



**ROURKELA :** सुंदरगढ़ रानी बगीचे में स्थित मां तारिणी ऑटोमोबाइल में जीएसटी विभाग द्वारा छापेमारी जारी है। टैक्स चोरी के संदेह में झारसुगुड़ा जीएसटी प्रवर्तन टीम ने छापेमारी की। जीएसटी अधिकारी व्यवसाय मालिकों के घरों पर भी जांच कर रहे हैं। झारसुगुड़ा जीएसटी सहायक प्रमुख सतीश जाल के नेतृत्व में छापेमारी जारी है। देर शाम तक जांच जारी है।

## बणई के केनाभटा के पास बस व ट्रक में टक्कर, छह यात्री घायल

**ROURKELA :** सुंदरगढ़ जिले के बणई थाना अंतर्गत केनाभटा के पास आज सुबह सड़क दुर्घटना में छह बस यात्री घायल हो गए। ट्रक और बस की आमने-सामने टक्कर के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और जांच कर रही है। घायल यात्री को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कल रात 'श्रीराम जी' नामक यात्री बस यात्रियों को लेकर बालासोर से राउरकेला आ रही थी। केनाभटा के पास बस विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे में छह यात्री घायल हो गए। घायल यात्रियों को इलाज के लिए राउरकेला सरकारी अस्पताल भेजा गया है।

## कुल्हाडी से हमला, गंभीर रूप से घायल

**ROURKELA :** बीरमित्रपुर नगरपालिका क्षेत्र में गुरुवार को छोटे भाई की पत्नी ने बड़े भाई पर कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह घटना वार्ड नंबर 12 के ब्राह्मणमारा की है। यह घटना वार्ड नंबर 10 बीरमित्रपुर नगर पालिका क्षेत्र का है। गंभीर रूप से घायल बड़े भाई अमर धनवार को बेहतर इलाज के लिए राउरकेला सरकारी अस्पताल रेफर कर दिया गया। बीरमित्रपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जमशेदपुर में मेधा डेयरी प्लांट का हुआ शिलान्यास, मंत्री बादल पत्रलेख हुए शामिल

# प्लांट से प्रतिदिन 50 हजार लीटर दूध का होगा उत्पादन : बादल पत्रलेख

- पूरे कोल्हान में होगी आपूर्ति पशु पालकों-किसानों को प्रति लीटर लाभांश से पांच रुपये मिलेगा



महिला किसान को अनुदान स्वीकृति प्रदान करते सीएम व कृषि मंत्री। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के मेधा डेयरी प्लांट से प्रतिदिन 50 हजार लीटर दूध का उत्पादन होगा, जबकि पांच हजार लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। बालीगुमा में प्लांट के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए कृषि, पशुपालन व सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख ने बताया कि इससे कोल्हान प्रमंडल के लगभग 20 हजार पशु पालक-किसान लाभान्वित होंगे। मंत्री ने कहा कि पिछली सरकार ने एनडीडीबी (नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड) से करार खत्म कर दिया था। इसके बाद ऐसा लगा था कि मेधा डेयरी का प्रोजेक्ट ही बंद हो जाएगा, लेकिन जब हेमंत सोरेन की सरकार आई तो एनडीडीबी से दोबारा एमओयू किया। आज हम राज्य में 80 हजार लीटर से बढ़कर सवा दो लाख लीटर दूध का उत्पादन प्रतिदिन कर रहे हैं। अब हम किसानों को दूध की बिक्री से होने वाले लाभांश पर 5 रुपये प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि देंगे, जो डीबीटी के माध्यम से किसानों के खाते में जाएगी। हमने राज्य में 79 मिल्क प्रोड्यूशर्स को-ऑपरेटिव सोसाइटी का भी गठन कर लिया है। हमारा लक्ष्य राज्य में प्रतिदिन 5 लाख लीटर प्रतिदिन दूध उत्पादन और 1 लाख किसान को लखपति बनाना है। इसमें हम लक्ष्य की आधी दूरी तय कर चुके हैं। हालांकि अब भी हम राज्य में दूध की आवश्यकता 559 ग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन से बहुत पीछे हैं।

**68 करोड़ की लागत से तैयार होगा प्लांट : एमडी सुधीर सिंह**

शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए झारखंड मिल्क फेडरेशन के एमडी सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि जमशेदपुर का प्लांट लगभग 68 करोड़ की लागत से तैयार होगा। इससे पहले 4 अक्टूबर 2023 को पलामू में जिस प्लांट का उद्घाटन हुआ था, वहां आज 50 की जगह 60 हजार लीटर दूध का प्रतिदिन उत्पादन हो रहा है। हम किसानों को उनके द्वारा आपूर्तित दूध का 10 प्रतिशत लाभांश दे रहे हैं। इसके अलावा 5 रुपये प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि अलग से देंगे। यही नहीं, मिल्क फेडरेशन लगभग 100 किसानों के घर पर गोबर खाद संयंत्र भी स्थापित कर चुका है,जिससे उन किसानों के घर में भोजन भी पकता है। उन्हें एलपीजी सिलिंडर की आवश्यकता नहीं होती है। यह नहीं, उपयोग के बाद प्लांट से निकले अपशिष्ट गोबर को भी फेडरेशन खरीद लेती है, जिससे हम जैविक खाद बनाकर बाजार में बेचते हैं। फेडरेशन गायों का आइवीएफ विधि से गभार्धान भी कराते हैं। इस तरह फेडरेशन एक साथ कई तरह से किसानों का जीवन स्तर उन्नत बनाने में सक्रिय है।

## शिलान्यास की बजाए काम शुरू होना चाहिए था : सरयू

**JAMSHEDPUR :** मानगो के बालीगुमा में मेधा डेयरी के प्लांट उद्घाटन पर विधायक सरयू राय ने कहा कि मुख्यमंत्री इसका शिलान्यास करने की बजाए काम शुरू कराते तो बेहतर होता। उन्हें स्मरण होगा कि इस प्लांट का शिलान्यास पहले दो बार हो चुका है। एक बार 2010 में तत्कालीन कृषि मंत्री और 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा। 2016 में मैं जमशेदपुर पश्चिमी क्षेत्र से विधायक था। जिस क्षेत्र में यह डेयरी प्लांट स्थापित हो रहा है, वह जमशेदपुर पश्चिमी का ही हिस्सा है। मैं 2016 में इस प्लांट के दोबारा शिलान्यास के पक्ष में नहीं था। मैं चाहता था कि पूर्व में जब इस प्लांट के लिए जमीन चिन्हित हो गई है, निधि का प्रावधान भी हो गया है तो इसका काम तेजी से सुरु किया जाए। अब लोग यही सोचेंगे कि अगली बार मुख्यमंत्री बदले तो फिर इसका चौथी बार शिलान्यास होगा।

# भाजयुमो ने निकाला रोजगार न्याय मार्च



भाजयुमो के रोजगार न्याय मार्च में शामिल कार्यकर्ता। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने गुरुवार को रोजगार न्याय मार्च निकाला, जो गोलमुरी स्थित जॉगर्स पार्क से गोलमुरी स्थित अवर प्रादेशिक नियोजनालय तक गई। इसमें भाजयुमो व भाजपा कार्यकताओं ने झारखंड सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान सैकड़ों युवाओं ने हाथों में गठबंधन सरकार की नाकामियों को उजागर करते हुए तख्ती लेकर प्रदर्शन किया। युवाओं ने राज्य की झामुमो-गठबंधन सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आक्रोश व्यक्त किया। रैली का नेतृत्व कर रहे मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि राज्य में युवाओं से वादाखिलाफी, बेरोजगारी, जेएसएससी पेपर लीक एवं नियुक्ति घोटाला समेत युवा हितों की अनदेखी को लेकर भाजयुमो झारखंड प्रदेश आर-पार की लड़ाई में उतर आई है। नियोजनालय पहुंच कर मार्च आक्रोश सभा में तब्दील हो गई। प्रदर्शन में भाजपा के जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन यादव, भाजयुमो के कोल्हान प्रभारी प्रदीप मुखर्जी समेत कोल्हान प्रमंडल अंतर्गत मोर्चा के जमशेदपुर जिलाध्यक्ष अमित अग्रवाल, पुर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष रंगलाल महतो, सरायकेला जिलाध्यक्ष अभिषेक आचार्य, चाईबासा जिलाध्यक्ष चंदन झा के नेतृत्व में कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

### आयोग के निर्देश पर नाचोसाई पहुंचे बीडीओ, बोले-

# एकमत होकर करें अपनी संस्कृति की रक्षा विकास की हर जरूरत कराऊंगा मुहैया



ग्रामीणो को संबोधित करते बीडीओ अभय द्विवेदी। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** पांच वर्ष पूर्व के मामले में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की टीम ने दो दिन तक दोनों पक्ष से पूछताछ की, जिसके बाद आयोग के निर्देश पर पोटका के बीडीओ अभय कुमार द्विवेदी गुरुवार को नाचोसाई ग्राम पहुंचे। बीडीओ ने कहा कि आप सभी लोग एकमत होकर अपनी संस्कृति की रक्षा करें। विकास योजनाओं की जो भी जरूरत होगी, मैं मुहैया कराऊंगा। ग्रामीणों ने कहा कि लीज होल्डर द्वारा हमारे देवस्थान को जो क्षति पहुंचाई गई है, उसकी भरपाई हो। उसकी जगह हमलोग कोई दूसरी पहाड़ी में पूजा-अर्चना कर सकते हैं। गांव में सीएसआर के तहत विकास योजनाएं चलाएं, जिससे लोग रोजगार प्राप्त कर सकें। बीडीओ ने कहा कि हम सब आपके साथ हैं। इस दौरान प्रखंड के प्रधान लिपिक संजय कुमार व पशुपालन पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार भी उपस्थित थे।

## ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास पहुंचे जमशेदपुर, पूर्व जिलाध्यक्ष ने किया स्वागत



**JAMSHEDPUR :** ओडिशा के राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास गुरुवार को जमशेदपुर पहुंचे। एग्रिको आवास पर शहर के भाजपा कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। इससे पूर्व पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। भुवनेश्वर से हवाई मार्ग से रांची आकर रघुवर दास सड़क मार्ग से दोपहर करीब 3 बजे जमशेदपुर पहुंचे थे। रघुवर दास शुक्रवार को भुवनेश्वर लौट जाएंगे।

# लोस चुनाव पर 10 को रणनीति बनाएगी भारतीय जनतंत्र मोर्चा



प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते भाजमो के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी व अन्य। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** भारतीय जनतंत्र मोर्चा 10 मोर्चा को सिदगोड़ा टाउन हॉल में कार्यकर्ता सम्मेलन होगा, जिसमें लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। भाजमो के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस सम्मेलन में पूरे प्रदेश के सभी जिला अध्यक्ष, महामंत्री, उपाध्यक्ष व 10-15 की संख्या में संगठन में सक्रिय कार्यकर्ता शामिल होंगे।इसमें मुख्य रूप से आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में पार्टी की भूमिका पर चर्चा होगी। इसे लेकर सभी जिलों में संगठन की बैठक जारी है। तिवारी ने कहा कि संगठन वर्तमान में अपनी क्षमता पर 35-40 विधानसभा की सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार है। लोकसभा चुनाव लड़ने के संबंध में पार्टी की कोर कमेटी विचार-विमर्श कर रही है। राज्य में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। सभी दलों का एकमात्र उद्देश्य झारखंड की जल, जंगल, जमीन को बर्बाद करना है। ऐसे में भाजमो के सर्वमान्य एकमात्र नेता सरयू राय हैं, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ सदैव मुखर रहते हैं। भाजपा, कांग्रेस, झामुमो सहित विभिन्न राजनीतिक दलों से कई प्रमुख नेता व कार्यकर्ता संगठन में शामिल होकर संगठन से चुनाव लड़ने को इच्छुक हैं।

प्रेस वार्ता में केंद्रीय उपाध्यक्ष रामनारायण शर्मा, महामंत्री सोमेन दत्ता, जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव सहित कई अन्य नेता मौजूद थे।

# कांग्रेसियों ने सीओ के खिलाफ निकाली पदयात्रा



पदयात्रा में शामिल कांग्रेस के कार्यकर्ता। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड में पदस्थापित सीओ निकिता बाला के खिलाफ कांग्रेसियों ने गुरुवार को पदयात्रा निकाली। कांग्रेस के जिला सचिव जयराम हांसदा के नेतृत्व में हल्दीपोखर से निकली पदयात्रा उपायुक्त कार्यालय तक गई, जहां उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। जयराम हांसदा ने कहा कि पिछले 6 माह से अंचल पदाधिकारी निकिता बाला द्वारा न ऑनलाइन म्यूटेशन किया जा रहा है, न लगान रसीद, एलसी, वन पट्टा आदि का निष्पादन किया जा रहा है। उन्होंने उपायुक्त से पोटका अंचल में लंबित कार्यों का निष्पादन करने और अंचल अधिकारी को हटाने की मांग रखी है। पदयात्रा में कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सौरभ चटर्जी, उदय मुंडा, लास मुर्मू, अंकुश बनर्जी, भारत सिंह, आनंद पाल, लालटू दास आदि शामिल थे।

# मानगो में फ्लाईओवर का निर्माण शुरू, मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण



मानगो के डिमना रोड में फ्लाईओवर के निर्माण का निरीक्षण करते सीएम सम्पाई सोरेन व मंत्री बन्ना गुप्ता। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** मानगो के डिमना रोड से साकची तक प्रस्तावित फ्लाईओवर का निर्माण गुरुवार से शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन व मंत्री बन्ना गुप्ता ने डिमना रोड स्थित निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इसका शिलान्यास निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया था। निरीक्षण के बाद बन्ना गुप्ता ने पत्रकारों से कहा कि फ्लाईओवर निर्माण मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट और मानगो की जनता से किया गया वादा था, जिसे मैंने पूरा किया। कई लोगो ने विभिन्न तरीको से इसमें व्यवधान डालने की कोशिश की थी। बहुत लोगो ने मेरी इस परियोजना को काल्पनिक और बेकार बताया और दुष्प्रचार किया, लेकिन क्षेत्र की जनता और ईश्वर के सहयोग से इसे मूर्त रूप दिया गया। उन्होंने बताया कि यह जमशेदपुर का पहला फ्लाईओवर है, जिसे 18 महीने में पूरा कर जमशेदपुर की जनता को समर्पित किया जाएगा।

# एक अद्वितीय व्यक्तित्व थे बीजू पटनायक : राउत



**PHOTON NEWS ROURKELA :** मधुबाबू के बाद दूसरे व्यक्ति बीजू पटनायक हैं जिन्होंने हमेशा ओडिशा के विकास के बारे में सोचा। बीजू पटनायक जाति की गर्व एवं गौरव भूमिपुत्र हैं। भारत की एक प्रमुख हस्ती। यदि उनके संपूर्ण जीवन काल पर विचार किया जाए तो उनका जीवनकाल जीवित इतिहास था। राउरकेला की अग्रणी सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था धामरा संघ द्वारा आयोजित बीजू पटनायक की 180वीं जयंती समारोह के अवसर पर साधारण संपादक भगवान राउत ने यह कहा। भगवान राउत ने कहा कि बहादुरी का दूसरा नाम बीजू पटनायक है। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने बचपन से ही कई साहसी काम किए हैं। नित्यानंद विशाल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप वीस्थ कुंवर शामिल हुए और बीजूबाबू के राजनीतिक जीवन के उतार-चढ़ाव के बारे में विस्तार से चर्चा की। सांस्कृतिक संपादक सुशांत कुमार नायक ने मंच संचालन के साथ सभी को धन्यवाद दिया, संघ के सदस्य प्रदीप नायक, अमूल्य कुमार सेठी, विजय कुमार साहू, बालकृष्ण स्वाई ने कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग किया।

### महाशिवरात्रि पर वेदव्यास शैव्यपीठ में आज से 10 दिनों तक चलेगा मेला, तैयारी पूरी

# मेले में हर सुविधा उपलब्ध कराने का दिया गया निर्देश



**PHOTON NEWS ROURKELA :** महाशिवरात्रि राउरकेला के प्रसिद्ध वेदव्यास शैव्यपीठ में शुक्रवार को महा शिवरात्रि मनाई जाएगी। इस संबंध में वेदव्यास ट्रस्ट बोर्ड, सुंदरगढ़ जिला प्रशासन और राउरकेला महानगर निगम की ओर से व्यापक तैयारी की गयी है। महाशिवरात्रि के दौरान प्रसिद्ध वेदव्यास मेला 8 मार्च से 17 मार्च तक वेदव्यास पीठ पर आयोजित किया जाएगा। इसके लिए दुकान का स्टॉल लगा लिया गया है और झूला भी लगा लिया गया है। नदी घाट व मंदिर पर पहले से ही बैरिकेडिंग कर दी गयी है।

महाशिवरात्री के अवसर पर हर वर्ष वेदव्यास पीठ पर 15 दिनों तक मेले का आयोजन किया जाता था। इस साल यह अवधि 10 दिन कर दी गई है। मेले में यातायात प्रबंधन और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक पुलिस बल के साथ-साथ नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को भी तैनात किया जाएगा। अग्नि सुरक्षा के मद्देनजर मेले में राउरकेला अग्निशमन विभाग की ओर से नियंत्रण कक्ष खोला जायेगा। 35 फायरमैन और रबर नौकाओं के साथ एक त्वरित प्रतिक्रिया टीम तैनात की जाएगी।

इसी तरह नदी घाट और वेदव्यास मंदिर के पास भी बैरिकेडिंग करने का निर्देश प्रशासन की ओर से विभागीय अधिकारियों को दिया गया है। अधिकारियों से मेले के दौरान मंदिरा डैम बांध से ब्राह्मणी नदी में पानी नहीं छोड़ने के लिए अधिकारियों को कहा गया है। जिला प्रशासन ने वेदव्यास पीठ में आयोजित होने वाले मेले के दौरान लोगों की सुविधा के लिए पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वाटको और राउरकेला मेट्रोपॉलिटन कॉरपोरेशन को निर्देश दिया है। इसी तरह निर्बाध बिजली सेवा के लिए टीपीडब्ल्यूडीएल मंडल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

मेले में मेडिकल स्टाफ और 2 एम्बुलेंस के साथ एक अस्थायी चिकित्सा शिविर रखा जाएगा। साथ ही प्रशासन ने मेला और मंदिर परिसर को नियमित रूप से साफ-सुथरा रखने को कहा है। प्रशासन ने मेले में वेदव्यास मंदिर की लाइटिंग, सजावट पर विशेष जोर देने का निर्देश दिया है।

# बारीडीह में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का हुआ आयोजन, महिला साहित्यकारों ने सुनाई कविता



कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** भारतीय जनतंत्र मोर्चा, जमशेदपुर महानगर की महिला मोर्चा ने गुरुवार को बारीडीह में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। इसमें शहर की महिला साहित्यकारों ने कविता सुनाई। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू सिंह की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में डीएसपी-जैप अरुणा मिश्रा, कवयित्री सोनी सुगंधा, अंकिता सिन्हा व लता मानकर का स्वागत विधायक सरयू राय ने किया।

अपने संबोधन में सरयू राय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को 1975 से मनाया जा रहा है। वहीं, राष्ट्रीय महिला दिवस स्वर कोकिला सरोजिनी नायडू के जन्मदिन पर 13 फरवरी को मनाया जाता है। आज महिला घर से निकलकर विभिन्न क्षेत्रों में अपना लोहा मनवा रही है। आज महिला लड़ाकू जहाज उड़ा रही है। आज धर्म के प्रति आगे बढ़ते सोच के साथ अपने अंदर रावण रूपी आचरण को कैसे समाप्त करें, यही अपने धर्म के प्रति अपनी प्राथमिकता होगी। देश के कालखंड में कई वीरांगना हुईं, जिन्होंने समाज एवं धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। महिलाओं का 33 प्रतिशत आरक्षण लोकसभा एवम राज्यसभा से पारित हो चुका है। आप समाज और देश का नेतृत्व करें।

# अब धीरे-धीरे लोगों को गर्मी सताने लगेगी 29.8 डिग्री के साथ खगड़िया सबसे गर्म




**पटना।** बिहार में अब धीरे धीरे लोगों को गर्मी सताने वाली है। आज प्रदेश के अधिकतर जिलों में आसमान साफ रहने के साथ कड़ाके की धूप निकलेगी। साथ ही लोगों को गर्मी का एहसास होने वाला है।

अब से रात के साथ दिन के भी तापमान में बढ़ोतरी होने वाली है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक रात के समय में तेज हवा चल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अधिकतर जिलों का अधिकतम तापमान 26 से 32 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावनाएं हैं। वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान 29.8 डिग्री के सेल्सियस के साथ खगड़िया जिला सबसे गर्म रहा। सबसे कम न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस मोतिहारी का दर्ज किया गया। पटना में आज दिन भर धूप निकली रहेगी। जिससे दिन के समय लोगों को गर्मी का एहसास होगा। वही शाम में समय हल्की ठंडी हवा चलने की संभावना है।

मंगलवार को पटना के अधिकतम तापमान में 2.3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखने को मिली। अधिकतम तापमान 26.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान में भी एक डिग्री गिरावट के साथ 16.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम में बार-बार बदलाव की वजह से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। लोग सर्दी, सूखी खांसी, गले में खरास, बुखार, उल्टी, दम फूलने, निमोनिया, दमा आदि से परेशान हैं। अस्पतालों के ओपीडी में इन बीमारियों के मरीज 40 फीसदी तक बढ़ गए हैं। आईजीआईएमएस में वरीय फिजिशियन डॉ. मनोज चौधरी ने कहा कि दिन में गर्मी तो रात में ठंड का अहसास हो रहा है। अचानक हल्की बारिश हो जाने से लोग भीग जा रहे हैं। इस वजह से सर्दी, बुखार से पीड़ित हो जा रहे हैं। मौसम के अनुसार कपड़ा पहनें। खानपान पर विशेष ध्यान दें। बाहर के खाद्य पदार्थ से परहेज करें। सुबह में कमरे से अचानक बाहर नहीं निकलें। रात में ठंड हो तो पंखा नहीं पंखा नहीं चलाएं। इस मौसम में बच्चों और बुजुर्गों को विशेष रूप से सावधान रहने की जरूरत है, क्योंकि इनकी इम्युनिटी कमजोर होती है। जल्द ही किसी भी मौसमी बीमारी के चपेट में आ जाते हैं। बच्चे और बुजुर्गों को फ्लू का टीका दिला दें। पीएमसीएच के वरीय फिजिशियन डॉ. बीके चौधरी ने कहा कि मौसम में अचानक बदलाव की वजह से लोग सर्दी, खांसी, बुखार से पीड़ित हो रहे हैं। इसी में छिटपुट कोरोना के भी मरीज मिल रहे हैं। इसलिए सर्दी, खांसी हो तो जांच करा लेनी चाहिए। सही इलाज हो पाएगा।

## बिहार बोर्ड इंटर आंसर-की पर आपत्ति दर्ज कराने की प्रक्रिया समाप्त




**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (इरएइ) द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए आयोजित की गई इंटरमीडिएट (कक्षा 12) के सभी वर्गों (कला, वाणिज्य और विज्ञान) की बोर्ड परीक्षाओं के 12 फरवरी तक आयोजन के बाद इसमें सम्मिलित परीक्षार्थियों की उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के साथ ही साथ बहुविकल्पीय प्रश्नों के लिए अनौचारिक उत्तर-कुंजियां हाल ही जारी की गई थी, जिन आपत्ति दर्ज कराने की आखिरी तारीख मंगलवार, 5 मार्च को समाप्त हो गई। इसके बाद अब इरएइ द्वारा बिहार बोर्ड इंटर परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। छात्र-छात्राओं द्वारा दर्ज कराई गई आपत्तियों की समीक्षा के बाद इरएइ द्वारा इन प्रश्नों के अंतिम उत्तर-कुंजियां निर्धारित की जाएंगी और इन्हीं के आधार पर परीक्षाफल तैयार किए जाएंगे, जिसका इंतजार अब इसमें सम्मिलित लाखों परीक्षार्थियों को है। बोर्ड द्वारा परिणाम घोषित किए जाने की तारीख का औपचारिक ऐलान नहीं किया गया है। हालांकि, पिछले वर्ष की बिहार बोर्ड परीक्षाओं और उनके नतीजों के पैटर्न को देखें तो नतीजों की घोषणा मार्च के तीसरे सप्ताह के बाद घोषित किए जाने की संभावना है। बिहार बोर्ड इंटर परीक्षाफल की घोषणा के लिए निर्धारित तिथि व समय पर इरएइ द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। इस कॉन्फ्रेंस में बोर्ड अध्यक्ष द्वारा परिणाम घोषित किए जाने के साथ ही साथ अधिकतम अंक प्राप्त करने के लिए सूची भी जारी की जाएगी। इन औपचारिक ऐलान के बाद परिणाम देखने के लिए लिंक को आधिकारिक वेबसाइट,पर एक्टिव किया जाएगा। इस लिंक के माध्यम से अपने रोल नंबर का इस्तेमाल करते हुए स्टूडेंट्स अपना परिणाम और सकेंगे।

## चैन पुलिंग कर ट्रेन से बैग लेकर उतरे थे तस्कर



**पटना।** ट्रेनों से बड़े पैमाने पर शराब की तस्करी जारी है। पकड़े जाने के डर से शराब तस्कर अब बड़े स्टेशनों के बजाय हॉल्ट और बीच रेलवे ट्रैक पर चैन पुलिंग कर रोक कर शराब की खेप उतार रहे हैं। इसी बीच मंगलवार की पटना के नदी थाना क्षेत्र स्थित गढ़ोचक गांव के पास चेन पुलिंग कर ट्रेन से विदेशी शराब की एक खेप उतारी गयी। जैसे ही इस बात की जानकारी नदी थाना पुलिस को हुई तो वह तत्काल रेलवे ट्रैक के किनारे पहुंची। दो धंधेबाज ट्रेन से दो पिट्ठू बैग लेकर उतर कर गंतव्य स्थान की ओर जाने लगे। पुलिस को आता देख दोनों धंधेबाज वहां से भागने लगा। भागते हुए वह अपना बैग छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने जब बैग की तलाशी ली तो बैग से विभिन्न ब्रांड के विदेशी शराब की कुल 30 लीटर बरामद की गई। इसकी अनुमानित कीमत करीब साठ हजार (60 हजार) रुपए आंकी जा रही है। नदी थाना अध्यक्ष राजु कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की दो धंधेबाज ट्रेन से शराब की खेप को उतार रहे हैं। मौके पर पुलिस पहुंच बैग से शराब बरामद की लेकिन दोनों तस्कर भागने में कामयाब हो गए। हालांकि दोनों धंधेवाज की पहचान कर ली गई है। जल्द ही दोनों की गिरफ़्तारी कर ली जाएगी। अब पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बता दें कि बीते रविवार को भी की एक अन्य ट्रेन से गस्ती कर रही।

## पीके बोले- सीएम वहां से क्या निवेश कराएंगे स्कॉटलैंड सिर्फ मेडिकल कॉलेज के लिए हब



**पटना।** जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार के विदेश दौरे पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिस देश में बेरोजगारी अपने चरम सीमा पर हो, वहां से बिहार को क्या फायदा होगा। ये समझ से बाहर है। नीतीश कुमार 18 साल बाद विदेश दौरे पर जा रहे हैं। वे इन्वेस्टमेंट लाने स्कॉटलैंड जा रहे हैं। स्कॉटलैंड में कौन भारी निवेशक बैठा हुआ है? ये मुझे जानकारी नहीं है। स्कॉटलैंड तो मेडिकल कॉलेज के लिए जाना जाता है। कुछ दिन पहले उनके डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव जापान गए थे। क्या लेकर आए। इसकी कोई जानकारी है? अब तक जापान से कितना निवेशक आया? स्कॉटलैंड, जिस देश का नीतीश कुमार ने चुनाव किया है। विदेश यात्रा के लिए, उसे समझने की जरूरत है। नेता अमेरिका जाते हैं यूरोप जाते हैं, जापान जाते हैं, ये स्कॉटलैंड कौन जाता है भाई? स्कॉटलैंड में सर प्लस कैपिटल हो तो वहां जाना समझ आये। आगे उन्होंने कहा कि स्कॉटलैंड के लोग तो खुद ही परेशान हैं। बेरोजगारी उस देश में चरम पर है। सहरसा में बैठकर ये कहना बेइमानी होगी, 2008 में विश्व में जो विश्वव्यापी मंदी का दौर आया था। इसमें स्कॉटलैंड सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ था। मुझे नहीं पता कि नीतीश कुमार स्कॉटलैंड किस वजह से जा रहे हैं। लेकिन, इतना जरूर पता है कि स्कॉटलैंड चिकित्सा के लिए जाना जाता है।

## घर में काम करने वाली दाई पर आरोप



**पटना** में एक बुजुर्ग को झांसा देकर वढक और अळट से कई बार में 12.16 लाख रुपए निकाल लेने का मामला सामने आया है। यह आरोप घर में काम करने वाली दाई और उसके एक सहयोगी पर लगा है। मामला तब खुला जब बुजुर्ग के बेटे ने अकाउंट चेक किया। बैंक स्टेटमेंट से यह पता चला कि वढक और अळट कार्ड से पैसा निकाल गया है, जिसके बाद साइबर थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पटना बुद्ध मूर्ती के पास के रहने वाले राजेश सहाय (73) वर्ष के हैं। राजेश की देख-भाल और घर में काम करने के लिए एक दाई रखी हुई है। दाई ममता कुमारी और उसके दोस्त साजिद पर फ्रॉड करने का आरोप लगा है। राजेश सहाय के बेटे रोहन सहाय ने साइबर थाना में मामला दर्ज कराया है। रोहन ने अपने लिखित बयान में पुलिस को बताया है कि ममता ने अपने दोस्त साजिद के साथ मिलकर उनके पिता के खाता से 12.16 लाख रुपए की निकासी कर ली है। मेरे पिता काफी बुजुर्ग हैं। इनकी देख-भाल करने के लिए ममता को रखा गया था। रोहन ने बताया कि जब मेरे पिता सो जाते थे तब ममता उनका मोबाइल लेकर उससे यूपीआई से पैसे ट्रांसफर करती थी। मौका देख कर पिता के एटीएम कार्ड से अपने दोस्त साजिश की मदद से पैसा निकालती थी। मोबाइल पर आने वाले मैसेज को भी डिलीट कर देती थी। ताकि किसी को पता नही चले। रोहन को जब इस बात की आशंका हुई तब उन्होंने पिता के खाते की जांच की तब पता चला कि उनके पिता के एसबीआई के खाता से 10 फरवरी से 22 फरवरी तक 8.47 लाख और क्ळक्ळकके खाते से पांच फरवरी से 22 फरवरी के बीच में 3.69 लाख रुपए की निकासी की गई। साइबर थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है।

## मांझी बोले- एनडीए 40 सीटों पर जीत दर्ज करेंगी



**पटना।** सीट शेयरिंग पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि एनडीए की बैठक होगी। उसमें तय होगा, कौन एलायंस कहां से चुनाव लड़ेगा। तेजस्वी के बयान पर जीतन मांझी ने कहा है कि कौन बड़ी बात है। वह अपना उम्मीदवार उतारे या हम अपना उम्मीदवार पहले उतारे। उनका लोकल पार्टी है, अकेले पार्टी है। हम 40 में 40 सीट जीतने वाले हैं। पहले तेजस्वी अपना उम्मीदवार उतारें। यह अच्छी बात है। जीतन राम मांझी की पार्टी कितने सीटों पर चुनाव लड़ेगी इस पर मांझी ने कहा की जब तक बैठक नहीं होगी तब तक हम नहीं कह सकते। बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार के सवाल पर मांझी ने कहा कि कोई समय नहीं हो रहा कोई समय नहीं हो रहा। अभी जितने मंत्री हैं काम हो रहा। मुख्यमंत्री सरकारी कार्यक्रम के लिए विदेश जा रहे हैं। वहां से लौटेंगे तो 13, 14 तक तो अंदाज है कि मंत्रिमंडल विस्तार हो जाएगा। मंत्रिमंडल विस्तार में अपनी पार्टी को एक और मंत्री पद मिले इस सवाल पर जीतन राम मांझी ने भड़कते हुए कहा कि आपको बोलने से क्या मंत्री पद मिल जाएगा? जहां बात कहनी है वहां हम बात नहीं करेंगे।

## संक्षिप्त डायरी

### तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में मारी टक्कर



**पटना** के फतुहा थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहटा-सरमेरा स्टेट हाईवे पर मंगलवार की देर रात एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को फतुहा अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मृतक पहचान में जुट गई है। बताया जाता है कि बिहटा-सरमेरा स्टेट हाइवे पर नयका रोड में सिकंदरपुर और ढिवरा गांव के बीच स्थित हाइवे स्टेशन पेट्रोल पंप के समीप एक तेज रफ़्तार वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही युवक गंभीर रुप से जख्मी हो गया। पास में स्थित पेट्रोल पंप के गार्ड ने इसकी सुचना एंबुलेंस और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस और गार्ड की मदद से एंबुलेंस के द्वारा घायल को फतुहा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टर मंजीत प्रताप ने युवक को मृत घोषित कर दिया। हालांकि युवक की पहचान नही हो पाई है। पुलिस ने मृतक पॉकेट और घटनास्थल की भी जांच की, लेकिन कुछ भी पता नहीं चल सका। युवक ने उजला रंग का शर्ट और काले रंग की पैंट पहना हुआ है। वहीं थाना अध्यक्ष रूपक कुमार अंबुज ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक युवक की घायल होने की सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर पुलिस पहुंची। आनन-फानन में घायल को फतुहा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने घायल को मृत घोषित कर दिया। हालांकि अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पहचान कराने की पूरी कोशिश की जा रही है। फिलहाल पुलिस पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम में भेजने की तैयारी में जुट गई है।

### पटना की कमियों को बताया गया खूबियों को भी छात्रों ने परोसा



**पटना।** किलकारी के छात्रों ने फोटोग्राफी के जरिए आम लोगों की कहानी परोसने की कोशिश की है। इसके लिए आर्ट्स कॉलेज के मुख्य गेट पर छात्रों ने आज प्रदर्शनी लगाई। इसमें पूरे शहर के अंदर बीते 6 महीने के दौरान छात्रों के द्वारा ली गई वैसी तस्वीर थी, जो आमलोगों की कहानी को व्यक्त कर रही थी। बैरिया डंपिंग यार्ड में बने कूड़े का पहाड़ा, शहर की गंदगी, खुले मीट की दुकान, शहर के अंदर बेपरवाह घूम रहे मवेशियों की तस्वीरें रोचक रहीं। जो लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही थीं। अंकित रंजन पाठक ने बताया कि किलकारी के फोटोग्राफी विधा के छात्रों की ओर से यह फोटो लिया गया है। इसकी आज प्रदर्शनी लगाई गई है। बीते 6 महीने के अंदर छात्रों ने शहर की जो तस्वीरें ली हैं, उसको आमलोगों के बीच रखा जा रहा है।

### परीक्षा में नंबर बढ़ाने के लिए आ रहे फर्जी फोन कॉल



**पटना।** बिहार बोर्ड की परीक्षाएं समाप्त हो चुकी है। अब कॉपियों का जल्द मूल्यांकन होने के बाद रिजल्ट जारी करने की तैयारी है। इससे पहले बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (इरएइ) ने बोर्ड परीक्षा 2024 को लेकर छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए एक चेतावनी जारी की है बिहार बोर्ड ने कहा है कि बोर्ड के 10वीं, 12वीं परीक्षा के रिजल्ट जारी होने से पहले उनके पास नंबर बढ़ाने के लालच देने वाले फोन कॉल आ रहे हैं। लेकिन उन्हें इसके जाल में नहीं फंसना है। तुरंत इसकी शिकायत बोर्ड के पास करनी है। इरएइ ने नोटिफिकेशन शेयर करते हुए कहा कि कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा समिति का प्रतिनिधि बनकर आमजनों से फोन कॉल के माध्यम से पैसे की मांग की जा रही है। वे इसके बदले नंबर बढ़वाने का प्रलोभन दे रहे हैं। यह पूरी तरह गैरकानूनी है। उत्तरपुस्तिकाएं पूरी तरह बारकोडेड है, जिस कारण किसी भी स्तर से उत्तरपुस्तिकाओं में अंक परिवर्तित करना संभव नहीं है। अगर किसी के पास ऐसी कॉल आती है तो तुरंत स्थानीय पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराएं या साइबर क्राइम सेल में शिकायत करें। बिहार बोर्ड 12वीं की परीक्षा 1 फरवरी से 12 फरवरी तक आयोजित हुईं।

## बोरे में ले जा रही थी 36 लीटर शराब, दूसरे जिलों में करती है सप्लाइ



**पटना** के करबिगहिया इलाके से पुलिस ने एक महिला शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। महिला के पास से 36 लीटर शराब बरामद हुआ है। महिला दो बोरों में भरकर शराब ले जा रही थी। गुप्त सूचना पर पुलिस वहां पहुंची थी। पुलिस को देखते महिला वहां से भागने लगी। महिला पुलिसकर्मियों ने दौड़ाकर महिला को शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। जक्कनपुर थाने में इसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जक्कनपुर थाना के अरकएकराम सिंह के बयान पर मामला दर्ज कराया है। एकराम सिंह से बताया कि गुप्त सूचना मिली की एक महिला दो बोर में रख कर शराब लेकर स्टेशन पहुंचने वाली है। इसके बाद गस्ती पार्टी को इसकी सूचना दी गई, जैसे ही महिला वहां हाथ में थैला लेकर वहां पहुंची। महिला पुलिस वालों को देख कर नजर बचा कर भागने लगी। महिला पुलिसकर्मियों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। जक्कनपुर थाना के थानाध्यक्ष हरिनारायण सिंह ने बताया कि महिला शराब से भरे दो प्लास्टिक के बोरे के साथ पकड़ी गई है। महिला का नाम रीना देवी (40), पति अमर साह है जो समस्तीपुर की रहने वाली है। महिला के पास से 180 पीस विदेशी शराब जो 36 लीटर है, बरामद हुआ है।

## कहीं बंटेगा दूध-मखाने का प्रसाद महाशिवरात्रि के लिए राजधानी में तैयारियां तेज



**पटना।** 8 मार्च को महाशिवरात्रि मनाई जाएगी। इसे लेकर पटना के शिवालयों में तैयारियां काफी जोरों शोरों से चल रही है। शिवरात्रि के दिन शहर में भगवान भोलेनाथ की बारात निकलेगी, इसके लिए मंदिरों को सजाया-संवारा जा रहा है। इसे लेकर बेली रोड स्थित खाजपुरा शिव मंदिर, गाय घाट स्थित गौरी शंकर मंदिर, बोरिंग रोड शिव मंदिर, पटना जंक्शन स्थिति महावीर मंदिर सहित सभी मंदिरों में भगवान भोलेनाथ की शादी के लिए रंगाई पुताई हो रही है। खाजपुरा शिव मंदिर में महाशिवरात्रि सबसे भव्य रूप में मनाई जाती है। उस दिन राजधानी के 26 स्थानों से शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस बार दिव्य काशी-भव्य काशी और अयोध्या के राम मंदिर की थीम पर आधारित झांकियां निकलेगी। शोभायात्राओं के स्वागत के साथ ही साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन संध्या, तांडव नृत्य और गंगा आरती का आयोजन होगा। समारोह में शामिल होने के लिए राज्यपाल, मुख्यमंत्री के साथ ही केंद्र व राज्य सरकार के मंत्रियों को भी न्योता भेजा गया है। बोरिंग रोड स्थित शिव मंदिर में शिवरात्रि के दिन सुबह 4 बजे ही भक्तों के पूजा करने के लिए पट खुल जाएंगे। संध्या 7:30 बजे महाआरती, 8 बजे रुद्राभिषेक और रात 10 बजे शिव पार्वती शुभ विवाह होगा। शिवरात्रि के दिन भगवान का श्रृंगार कोलकाता के फूलों से होगा, जिसे सजाने के लिए कोलकाता से ही कारीगर आएंगे। दूध-मखाने का प्रसाद वितरण होगा। महावीर मंदिर में शिवरात्रि के दिन 45 रुद्राभिषेक होंगे। यहां तीन शिवलिंग मौजूद है। नीचे प्राचीन शिवलिंग पर सुबह 5 से रात 10 बजे तक कुल 17 रुद्राभिषेक, ऊपर शीशा बंद शिवलिंग पर सुबह 5 से रात 10 बजे तक कुल 17 रुद्राभिषेक और बीच में हनुमानजी के बगल में स्थित शिवलिंग पर सुबह 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक कुल 11 रुद्राभिषेक होंगे।


रुद्राभिषेक कराने के लिए पर्चा कटाने के बाद भक्तों को बाहर से कोई भी सामान लाने की जरूरत नहीं है। भक्तों को सुबह से लेकर देर रात तक रुद्राभिषेक ब्राह्मणों के द्वारा कराया जाएगा। गायघाट स्थित गौरी शंकर मंदिर में तैयारी अपने चरम पर है। मंदिर की पेंटिंग हो चुकी है। शिवरात्रि के दिन सुबह 5 से महा अभिषेक शुरू होगा। शाम में बाबा का भंडारा होगा जिसमें पूरी, खीर, सब्जी बुंदिया, आदि तरह के पकवान रहेंगे, जो भक्तों को प्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा। गौरी शंकर मंदिर में सुबह 4 बजे से रुद्राभिषेक शुरू होगा लेकिन भगवान की आरती और भोग के समय को छोड़कर सारे दिन रुद्राभिषेक चलेगा।

# माननीयों को कितना विशेषाधिकार

सोमवार को देश के उच्चतम न्यायालय की सात जजों की पीठ ने अपने सर्वसम्मत फैसले से साल 1998 के नरसिम्हा राव बनाम सीबीआई मामले में दिए गए निर्णय को पलट दिया। पांच जजों की पीठ ने वह फैसला 3-2 के बहुमत से दिया था। जब वह फैसला आया था, तब उसने देश के प्रबुद्ध वर्ग में एक गहरी निराशा भर दी थी। उस फैसले के अनुसार, विधायिका का कोई भी सदस्य अपना वोट बेच सकता था। इसे उसका विशेषाधिकार माना गया, जिसके लिए उस पर कोई मुकदमा भी नहीं चलाया जा सकता था। हां, उस पर मुकदमा तभी चल सकता था, जब वह पैसे लेकर पैसे देने वाले की इच्छा के अनुसार वोट न करे। जाहिर है, यह एक विचित्र तर्क था, जहां रिश्वत लेना तो माफ था, लेकिन रिश्वत लेकर बेईमानी करने को अक्षम्य अपराध माना गया था। इस फैसले के बाद देश के संसदीय लोकतंत्र में रिश्वत का खेल बहुत बढ़ गया। आज स्थिति यह है कि किसी भी राज्य में चुनाव के बाद राजनीतिक पार्टियां अपने चुने गए सदस्यों को भेड़-बकरी की तरह किसी रिसॉर्ट या होटल में बंद कर देती हैं, ताकि कोई उनकी बोली न लगा पाए। पार्टियों को यह डर सताता है कि उनके सांसद या विधायक खरीद लिए जाएंगे, और बिकने के बाद वे अपना वोट दूसरी पार्टी के हक में डाल देंगे, और आप उनका कुछ भी नहीं बिगाड़ सकते। यह अक्सर देखा गया कि हर चुनाव के बाद या जब कभी सरकार पर कोई संकट आया, तो विधायकों को किसी दूसरे प्रदेश के होटल या रिसॉर्ट में ले जाकर बंद कर दिया गया, यहां तक कि उनके मोबाइल भी रख लिए गए। ऐसे में, सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला हवा के ताजा झोंके की तरह है। अब तक संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) के तहत सांसदों और विधायकों को सदन के अंदर कुछ कहने और करने का विशेषाधिकार मिला हुआ था। नतीजतन, कई बार माननीयों द्वारा भाषण के दौरान ऐसे-ऐसे आरोप लगाए जाते रहे, जो यदि सदन के बाहर बोले जाते, तो भाषण देने वाले सांसद या विधायक पर आपराधिक अवमानना या कानून के तहत अन्य अपराधों के लिए मुकदमा हो जाता। अब कम से कम यह साफ हो गया है कि रिश्वत लेकर वोट देना विधानमंडल के सदस्यों के विशेषाधिकार में नहीं आता, न ही रिश्वत लेकर सवाल पूछना या विशेष प्रकार का भाषण देना संसदीय विशेषाधिकार है। इस फैसले से यह आशा की जाती है कि भारतीय लोकतंत्र में अधिक स्वच्छता, शुचिता और जिम्मेदारी से काम होगा, और जनता के प्रतिनिधि देश की जनता को धोखा नहीं दे सकेंगे। यानी, जन-प्रतिनिधि जिस दल से चुनकर आएंगे, उसी पार्टी की इच्छानुसार अपना वोट करेंगे। शीर्ष अदालत ने तो अपना काम कर दिया, अब बारी है संसद की कि वह कानून में जरूरी बदलाव करे और विधायिका सदस्यों को मिले विशेषाधिकारों को ही खत्म कर दे। सांसदों-विधायकों को यह विशेषाधिकार नहीं होना चाहिए कि वे सदन में झूठ बोल सकें, गलत तथ्य पेश करके किसी की छवि बिगाड़ सकें, अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर सकें अथवा किसी प्रकार की दंड संहिता का उल्लंघन कर सकें। ये विशेषाधिकार भारतीय संविधान में विदेशी नकल से लाए गए हैं। ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स (संसद का निचला सदन) के विशेषाधिकारों की तर्ज पर ये भारतीय संविधान में शामिल किए गए। इनमें भारतीय संस्कृति की मूल भावना का उल्लंघन है। भारतीय संस्कृति में यह नहीं माना जाता कि राजा कानून से ऊपर है, जैसा कि इंग्लैंड के अंदर नियम है कि किंग कैन डु नो रॉन्ग, यानी राजा कोई गलती नहीं कर सकता। इसके उलट, भारत में राजा भी धर्म के अधीन होता है और न्याय के लिए उसको भी दंड दिया जा सकता है। इसीलिए भारतीय संस्कृति को ध्यान में रखते हुए अब हमारी संसद को भी संसदीय विशेषाधिकारों से जुड़े अनुच्छेदों को खत्म कर देना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सदन में सदस्य भाषण देते समय मयार्दाओं का ख्याल रखेंगे, और किसी भी व्यक्ति के खिलाफ गलतबयानी नहीं करेंगे या अपनी दुर्भावना जाहिर नहीं करेंगे। आज ज्यादा से ज्यादा होता यह है कि असंसदीय टिप्पणियां और ऐसे भाषण रिकॉर्ड से निकाल दिए जाते हैं, लेकिन किसी भी बाहरी व्यक्ति के पास यह अधिकार नहीं है कि वह सांसद या विधायक पर मुकदमा चला सके। जिस प्रकार अन्य सामान्य व्यक्ति पर कानून लागू होता है, वैसे ही विधायिका के सदस्यों पर भी कानून लागू होने चाहिए। इससे उनके कार्य करने की क्षमता पर कोई असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि विधायिका के सदस्यों का यह काम नहीं है कि वे सदन में झूठ बोलें, गलत तथ्य पेश करें, दुर्भावनापूर्ण भाषण दें या दूसरों की मयार्दा को तार-तार करें। उम्मीद है, अगली संसद इस फैसले के बाद बाकी सभी विशेषाधिकारों को भी समाप्त कर देगी। इसी फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने 2006 के कुलदीप नैयर बनाम भारत संघ फैसले को भी स्पष्ट करते हुए कहा कि राज्यसभा चुनाव संविधान के अनुच्छेद 194 (2) के अंतर्गत आता है। कुलदीप नैयर केस में यह कहा गया था कि राज्यसभा के लिए वोट देना संसदीय कार्य नहीं है, और इसलिए उसमें संसदीय विशेषाधिकार लागू नहीं होते। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को स्पष्ट कर दिया कि उस फैसले का यह हिस्सा गलत है और राज्यसभा के लिए वोट देना भी संसदीय कार्य है, जिसे संसदीय विशेषाधिकारों में गिना जाएगा। शीर्ष अदालत का यह फैसला विधायिका के लिए मील का एक पत्थर साबित हो सकता है। अब बहुत से दलों का यह डर कि उनके सदस्यों को खरीद लिया जाएगा और बिकने के बाद वे खरीदार के अनुसार वोट देंगे, समाप्त हो जाएगा, क्योंकि ऐसे सदस्यों के खिलाफ अब कानूनी कार्रवाई हो सकेगी। पार्टियों को यह जरूरत नहीं पड़ेगी कि वे अपने सदस्यों को किसी गेस्ट या रेस्ट हाउस में बंद करें।


## Social Media Corner

**सच के हक में...**



मैं 'विकसित भारत विकसित जम्मू कश्मीर' कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 7 मार्च को श्रीनगर में रहूँगा। विभिन्न विकास कार्य भी राष्ट्र को समर्पित किये जायेंगे। उनमें से उल्लेखनीय रुपये से अधिक मूल्य के कार्य हैं। कृषि-अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने से संबंधित 5000 करोड़। पर्यटन से जुड़े विभिन्न कार्य भी राष्ट्र को समर्पित किये जायेंगे।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



झारखंड को अजायबघर बना दिया गया है। समझ में नहीं आ रहा ये सरकार है या सर्कस? 2008 बैच के आईएएस अरवा राजकमल को गृह विभाग का प्रभार दिया गया है। झारखंड में डीजीपी 1989 बैच के हैं। इतने (बीस साल) जूनियर अफसर को जो सचिव/कमिश्नर रैंक में भी नहीं है, उसे गृह विभाग का सचिव बना देना हास्यास्पद है। इतने सीनियर आईपीएस अपने से इतने जूनियर आईएएस को रिपोर्ट करेंगे? आईपीएस अधिकारियों की मनोदशा समझिए सीएम साहब। वैसे अरवा राजकमल दो साल सेवा से कहां गायब रहे, ये भी जरूर पूछिएगा।आगे आपकी मजी! जो कुछ हो रहा है वो सबको समझ में आने लगा है और पूत के पॉव पालने में दिखने लगे हैं।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# कानून और रसूखदारों का रवैया

**ANALYSIS**



आशीष वशिष्ठ

आम आदमी की मामूली-सी गलती पर उसे पकड़ने में भरपूर तेजी दिखाने वाली पुलिस को प्रभावशाली और रसूखदार लोगों तक पहुंचने में वक्त लग ही जाता है। पश्चिम बंगाल मंल इसकी अवधि कुछ ज्यादा ही लंबी हो जाती है। संदेशखाली मामले से चौतरफा निंदा का पात्र बना तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख 55 दिनों से फरार रहने के बाद पुलिस की गिरफ्त में आया। लेकिन तब, जब कलकत्ता उच्च न्यायालय ने ममता सरकार को फटकार लगाई। यदि फटकार नहीं लगी होती तो उसे छुपाए रखा गया होता। वह जिस हनक और रुआब से थाने और अदालत में दाखिल हुआ, उससे यही लगा कि वह कोई शहंशाह है। पश्चिम बंगाल पुलिस उसके आगे दंडवत और सहमी दिखी। उसे सत्ता का संरक्षण प्राप्त था, यह सच्चाई तृणमूल कांग्रेस के इस कथन से छिपने वाली नहीं कि हमने उसे निलंबित कर दिया। यह राजधर्म नहीं, बेशर्मी है कि उसे गिरफ्तार न करने के लिए उच्च न्यायालय के आदेश की गलत व्याख्या तक की गई। यदि ईडी को शक है कि बंगाल पुलिस शाहजहां शेख की मदद कर सकती है तो यह स्वाभाविक है। बड़ी निर्लज्जता से तृणमूल कांग्रेस की सरकार अपने नेता का बचाव करती रही। संदेशखाली की महिलाओं ने जिन शब्दों में अपनी पीड़ा का बयान किया है, उससे किसी पत्थर दिल व्यक्ति का भी दिल पिघल सकता है।

इसमें दो राय नहीं कि प्रभावशाली लोग कानून को खिलौना समझ लेते हैं। व्यवस्था भी उनके इस काम में खूब मददगार साबित होती है। बरसों बरस से देश में ऐसा ही चलता आ रहा है। सख्त से सख्त कानून बनाने और तमाम दूसरे उपायों के बाद भी रसूखदार कानून का आए दिन मजाक उड़ाने से बाज नहीं आते। कानून को बौना साबित करने वाली इस जमात को राजनीतिक संरक्षण हासिल होता है। ऐसे में धनबल और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लोग व्यवस्था की कमियों और छिद्रों के चलते नियम कानूनों को आसानी से गच्चा देते हैं। आम आदमी की मामूली-सी गलती पर उसे पकड़ने में भरपूर तेजी दिखाने वाली पुलिस को प्रभावशाली और रसूखदार लोगों तक पहुंचने में वक्त लग ही जाता है। पश्चिम बंगाल मंल इसकी अवधि कुछ ज्यादा ही लंबी हो जाती है। संदेशखाली मामले से चौतरफा निंदा का पात्र बना तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख 55 दिनों से फरार रहने के बाद पुलिस की गिरफ्त में आया। लेकिन तब, जब कलकत्ता उच्च न्यायालय ने ममता सरकार को फटकार लगाई। यदि फटकार नहीं लगी होती तो उसे छुपाए रखा गया होता। वह जिस हनक और रुआब से थाने और अदालत में दाखिल हुआ, उससे यही लगा कि वह कोई शहंशाह है। पश्चिम बंगाल पुलिस उसके आगे दंडवत और सहमी दिखी। उसे सत्ता का संरक्षण प्राप्त था, यह सच्चाई तृणमूल कांग्रेस के इस कथन से छिपने वाली नहीं कि हमने उसे निलंबित कर दिया। यह राजधर्म नहीं, बेशर्मी है कि उसे गिरफ्तार न करने के लिए उच्च न्यायालय के आदेश की गलत व्याख्या तक की गई। यदि ईडी को शक है कि बंगाल पुलिस शाहजहां शेख की मदद कर



सकती है तो यह स्वाभाविक है। बड़ी निर्लज्जता से तृणमूल कांग्रेस की सरकार अपने नेता का बचाव करती रही। संदेशखाली की महिलाओं ने जिन शब्दों में अपनी पीड़ा का बयान किया है, उससे किसी पत्थर दिल व्यक्ति का भी दिल पिघल सकता है। लेकिन पश्चिम बंगाल की महिला मुख्यमंत्री का दिल नहीं पसीजा। भारतीय जनता पार्टी के विरोध और हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणियों के बाद शाहजहां को गिरफ्तार किया गया। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल से प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी दिल्ली शराब घोटाले में पूछताछ के लिए अब तक आठ समन भेज चुका है। जांच एजेंसी के सामने पेश होने की बजाय केजरीवाल ईडी के समन को ही गैर कानूनी बता रहे हैं। वो कानूनी दांव पेंच से जांच से बच रहे हैं। और दिल्ली विधानसभा में खड़े होकर केंद्र की मोदी सरकार से लेकर अपने राजनीतिक विरोधियों पर जमकर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। चूंकि विधानसभा में दिए बयान पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकती। इसी के चलते केजरीवाल ने विधानसभा को अपनी भड़ास निकालने और राजनीतिक विरोधियों पर मनगंढ़त आरोप लगाने का मंच बना रखा है। देश की जनता उनका तमाशा देख रही है। जिस शराब घोटाले में उनसे पूछताछ होनी है, उसी घोटाले में उनके सबसे खास साथी मनीष सिसोदिया और संजय सिंह तिहाड़ की रोटियां तोड़ रहे हैं। एक संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति किस तरह कानून और संविधान का उपहास उड़ा रहा है, उससे समाज में गलत उदाहरण तो पेश हो ही रहा है। वहीं आम आदमी के मन में यह सवाल भी उठता है कि क्यों कानून रसूखदारों सामने कमजोर और असहाय दिखाई देता है? केजरीवाल की तरह तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी ईडी के समन की अवमानना करते रहे और खुद को बचाने के सारे यत्न उन्होंने किये। बड़ी जद्दोजहद के बाद ईडी ने उन्हें अपने शिकंजे में लिया। फिलवक्त सोरेन जेल का भोजन पा रहे हैं। पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने हत्या और बलात्कार के मामले में जेल में सजा काट रहे राम रहीम को बार-बार पैरोल दिये जाने पर सवाल उठाया। हाईकोर्ट ने कहा कि क्यों केवल राम रहीम को बार-बार पैरोल मिल रही है? बाकी कैदियों को क्यों नहीं लाभ दिया जाता? रेप के दोषी राम रहीम को इस साल जनवरी में 50 दिन की पैरोल दी गई थी। यह लगभग 10 महीने में उसकी 7वीं और पिछले चार वर्षों में 9वीं पैरोल थी। हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को आदेश दिया है कि अब अदालत की अनुमति के बिना राम रहीम को पैरोल नहीं दी जाएगी। सत्ता, व्यवस्था, कानून के रक्षक और संरक्षक के गठजोड़ से ही राम रहीम जैसे रसूखदार कानून को फुटबाल बनाकर खेलते हैं। जब तक सत्ता के गलियारों से आपराधिक लोगों को संरक्षण मिलता रहेगा, तब तक ये निर्लज्जता बनी रहेगी। हरेक घटना में किसी न किसी रसूखदार का, किसी न किसी सत्ताधारी का संरक्षण दिखता रहा है। हर बार सत्ता की तरफ से कठोर से कठोर कार्यवाही किये जाने की बात कही जाती है, कुछ दोषियों की गिरफ्तारी भी हो जाती है, जांच करवाए जाने की लीपापोती कर दी जाती है और उसके बाद सब कुछ भूल-भुला लिया जाता है। संदेशखाली जैसी घटनाएं कुछ दिन चर्चा में रहती हैं फिर जनमानस की खोपड़ी से गायब हो जाते हैं. निठारी कांड कितनों को याद है? बिहार मुजफ्फरपुर शेल्टर होम रेप केस कितनों को याद है? कितनों को उसके दोषी की सजा याद है? कुछ दिन बाद ऐसा ही संदेशखाली में को भी लेकर होगा। प्रभावशाली किसी मामले में फंस भी जाते हैं तो उनके चेहरे, बाडी लैग्वेंज, चेहरे से टपकते घमंड और अहंकार को देखकर ऐसा नहीं लगता कि उनको कानून का रत्ती भर भी भय है। पुलिस प्रशासन को तो वो अपना चाकर समझते हैं। कहीं न कहीं व्यवस्था भी उनकी चाकरी करती दिखाई देती है। देश की अदालतों में करोड़ों मुकदमे लंबित हैं। और आम व्यक्ति को न्याय पाने के लिए वर्षों प्रतीक्षा करनी पड़ती है। भ्रष्टाचार व अन्य गंभीर मामलों में दर्जनों रसूखदार आसानी से जमानत पाकर आराम की जिंदगी बिता रहे हैं। चारा घोटाले में सजा पाए लालू प्रसाद यादव स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के चलते जमानत पर हैं। राजनीति में उनकी सक्रियता बताती है कि अब वो स्वस्थ हैं। और अगर वो स्वस्थ हैं तो वो जमानत पर क्यों हैं? अगर रसूखदारों को जेल जाना भी पड़ा तो वहां भी उनके मनमुताबिक ऐशोआराम जारी रहता है। ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं। दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन के जेल की कोठरी में कथित तौर पर मालिश कराने का वीडियो देश ने देखा है। यूपी के चर्चित नेता और माफिया मुख्तार अंसारी की पंजाब की जेल में कांग्रेस की सरकार ने जो मेहमाननवाजी की उसे कौन भूल पाएगा। किसी नेता या रसूखदार को जब जांच एजेंसी पकड़ती है तो वो विजय मुद्रा बनाकर हवा में हाथ लहराता है। मानो उसने कोई महान काम किया है। गिरफ्तारी के समय या जांच के लिए जाते वक्त नेताओं और रसूखदारों के हावभाव ऐसे होते है मानो वो एहसान करने जा रहे हैं। और उन्होंने कोई गलत काम नहीं किया, उनको तो राजनीति के चलते फंसाया गया है। जांच एजेंसी के आफिस के बाहर नेता के समर्थकों का धरना, प्रदर्शन अप्रत्यक्ष तौर पर जांच एजेंसी को डराने, धमकाने और प्रेशर डालने का कृत्य है। वहीं किसी रसूखदार को सजा मिलने पर जिस तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आती हैं, वे स्तब्ध करने वाली होती हैं। उनमें अपने विशिष्ट होने का अहंकार और न्यायालय की अवमानना के साथ-साथ संवेदनहीनता की पराकाष्ठा भी सुनाई पड़ती है। खुद को कानून से ऊपर समझने वाले किसी रसूखदार ने अगर कोई गैरकानूनी काम किया है तो देर सबेर कानून उनके किए की सजा देगा ही, लेकिन उस उच्चवर्गीय अहंकार पर अंकुश लगाने की भी जरूरत है, जो अपने गलत कामों को सही सिद्ध करने के हठ में अमानवीय हो जाता है।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

# सुप्रसिद्ध क्रान्तिकारी लाला हरदयाल का बलिदान

सुप्रसिद्ध क्रान्तिकारी और विचारक लाला हरदयाल की गणना उन विरले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में होती है जिन्होंने केवल भारत ही नहीं अपितु अमेरिका और लंदन में भी अंग्रेजों के अत्याचारों के विरुद्ध जनमत जगाया था। लालाजी को अपने पक्ष में करने के लिये अंग्रेजों ने बहुत प्रलोभन दिये। उस समय की सबसे प्रतिष्ठित आईसीएस पद का प्रस्ताव भी दिया, जिसे लालाजी ने ठुकरा दिया था। यही आईसीएस सेवा अब आईएएस के रूप में जाना जाता है। ऐसे स्वाभिमानी राष्ट्र भक्त लाला हरदयाल का जन्म 14 अक्टूबर 1884 को दिल्ली में हुआ था। उनका पैतृक घर दिल्ली के चाँदनी चौक में गुरुद्वारा शीशगंज के पीछे था। यह गुरुद्वारा शीशगंज उसी स्थल पर बना है जहाँ औरंगजेब की कठोर यातनाओं से गुरु तेगबहादुर जी का बलिदान हुआ था। लाला हरदयाल के पिता पं. गोरेलाल संस्कृत के विद्वान और कोर्ट में रीडर थे। माता भोलारानी रामचरित मानस की विदुषी मानी जाती थीं। उनका परिवार आर्य समाज से जुड़ा था। इस प्रकार घर और पूरे क्षेत्र में राष्ट्रीय संस्कृति की प्रतिष्ठापना का वातावरण था। इसी वातावरण में लाला हरदयाल का जन्म हुआ था। परिवार के संस्कारों ने उन्हे बचपन से राष्ट्रीय, साँस्कृतिक और सामाजिक चेतना से ओतप्रोत कर दिया। उन्हें बचपन में माँ से रामायण की और पिता से संस्कृत शिक्षा मिली। उन्हें रामायण की चौपाइयाँ और संस्कृत के अनेक श्लोक कंठस्थ थे। उन दिनों के सभी शासकीय विद्यालयों में चर्च का नियंत्रण हुआ करता था। उनकी प्राथमिक शिक्षा कैम्ब्रिज मिशन स्कूल में हुई और महाविद्यालयीन शिक्षा सेन्ट स्टीफन कालेज में हुई। वे पढ़ने में बहुत कुशाग्र थे, सदैव प्रथम ही आते थे। उनकी स्मरण शक्ति अद्भुत थी। एक बार सुनकर पूरा पाठ कंठस्थ हो जाता था। उनकी गणना ऐसे विरले व्यक्तियों में होती थी जो अंग्रेजी और संस्कृत दोनों भाषाएँ धारा प्रवाह बोल लेते थे। इस विशेषता ने उन्हे पूरे महाविद्यालय में लोकप्रिय बना दिया था। महाविद्यालयीन शिक्षा में कालेज में शीर्ष पर रहने से उन्हें 200 पाउण्ड की छात्रवृत्ति मिली। इस राशि से वे आगे पढ़ने के लिये लंदन गये 1905 में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया। लालाजी ने लंदन में भारतीयों के साथ अंग्रेजों का हीनता से भरा व्यवहार देखा, जिससे वे बहुत विचलित हुए। यद्यपि इसका आभास उन्हें दिल्ली के सेन्ट स्टीफन कालेज में भी हो गया था, पर जो दृश्य लंदन में देखा उसे देखकर बहुत विचलित हुए और उन्होंने अपने छात्र जीवन में जाग्रति और वैचारिक संगठन का अभियान आरंभ कर दिया। भारतीय छात्रों में संगठन और जाग्रति के लिये उन्होंने संगोष्ठियों और बैठकों का कार्य आरंभ किया। वे ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते थे जिनमें भारतीय चिंतन की प्रतिष्ठा गरिमा और ओज साथ हो और संगठनात्मक भाव भी जाग्रत हो। लाला जी लंदन में क्राँतिकारी आँदोलन चला रहे मास्टर अमीरचंद के संपर्क में आये। उनका संपर्क क्रातिकारी श्यामजी कृष्ण वर्मा से भी हुआ। श्यामजी कृष्ण वर्मा ने लंदन में इंडिया हाउस की स्थापना की थी। लालाजी उसके सदस्य बन गये। क्रातिकारियों के संपर्क और अध्ययन से लालाजी को यह भी आभास हुआ कि पूरी दुनियाँ में अंग्रेजों का दबदबा भारतीय सैनिकों के कारण है। जहां कभी भी सेना भेजना होती वहां सबसे अधिक सैनिकों की संख्या भारतीय मूल के सैनिकों की होती लेकिन अंग्रेज उनसे सम्मान जनक व्यवहार नहीं करते थे। उनकी कुशाग्रता और सक्रियता अंग्रेजों से छुपी न रह सकी, उन्हें 1906 में आईसीएस सेवा का प्रस्ताव मिला जिसे ठुकराकर वे लंदन में भारतीयों के संगठन और स्वाभिमान जागरण के अभियान में ही लगे रहे। उन दिनों चर्च और मिशनरियों ने युवाओं को जोड़ने के लिये एक संस्था बना रखी थी उसका नाम ₹यंग मैन क्रिश्चियन एसोशियेशन₹ था। इसे संक्षिप्त में ₹वाय एम सी ए₹ कहा जाता था। इसकी शाखायें भारत में भी थीं। लाला हरदयाल जी ने भारतीय युवकों में चेतना जगाने के लिये क्रान्तिकारियों की एक संस्था यंगमैन इंडिया एसोसिएशन का गठन किया। उनकी सक्रियता देख उन पर स्थानीय प्रशासन का दबाव बना। वे 1908 में भारत लौट आये। यहाँ आकर भी वे युवकों के संगठन में ही लग गये। उनका अभियान था कि भारतीय युवक ब्रिटिश शासन और सेना की मजबूती में कोई सहायता न करें। इसके लिये उन्होंने देश व्यापी यात्रा की लोकमान्य तिलक से मिले। उन्होंने लाहौर जाकर एक अंग्रेजी में समाचार पत्र आरंभ किया। उनका समाचार पत्र राष्ट्रीय चेतना से भरा हुआ था। अंग्रेजों ने समाचार पत्र के एक समाचार के बहाने उनपर एक मुकदमा दर्ज किया। इसकी खबर उन्हे लग गयी और वे अमेरिका चले गये। अमेरिका जाकर गदर पार्टी की स्थापना की। उन्होंने कनाडा और अमेरिका में घूम-घूम कर वहां निवासी भारतीयों को स्वयं के गौरव और भारत की स्वतंत्रता के लिये जागरूक किया। तभी काकोरी कांड के षडयंत्र कारियों में उनका भी नाम आया। अंग्रेजों ने उन्हे भारत लाने के प्रयास किये। पहले तो अमेरिकी सरकार ने अनुमति नहीं दी। लेकिन बाद में 1938 अनुमति दे दी गई। उन्हें 1939 भारत लाया जा रहा था कि रास्ते में फिलाडेल्फिया में रहस्यमय परिस्थिति में उनकी मौत हो गई। आशंका है कि उन्हें मार्ग में विष दिया गया। जब उनकी मृत्यु हुई, तब वे भोजन कर रहे थे। उनकी मृत्यु का रहस्य आज भी बना हुआ है। वे पूर्ण स्वस्थ व्यक्ति कैसे भोजन करते करते शरीर त्याग सकता है। वह 4 मार्च 1939 का दिन था जब लाला जी इस नश्वर संसार को त्याग कर परम्ज्योति में विलीन हो गये। पर इतिहास के पन्नों में राष्ट्र भक्ति का संदेश दे गये। कोटिशः नमन ऐसे महान क्रान्तिकारी को।

# लाला हरदयाल : गदर पार्टी के संस्थापक

सुप्रसिद्ध क्रान्तिकारी और विचारक लाला हरदयाल की गणना उन विरले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में होती है जिन्होंने केवल भारत ही नहीं अपितु अमेरिका और लंदन में भी अंग्रेजों के अत्याचारों के विरुद्ध जनमत जगाया था। लालाजी को अपने पक्ष में करने के लिये अंग्रेजों ने बहुत प्रलोभन दिये। उस समय की सबसे प्रतिष्ठित आईसीएस पद के प्रस्ताव भी दिया था जिसे लालाजी ने ठुकरा दिया था। यही आईसीएस सेवा अब आईएएस के रूप में जानी जाती है। ऐसे स्वाभिमानी राष्ट्रभक्त लाला हरदयाल जी का जन्म 14 अक्टूबर 1884 को दिल्ली में हुआ था। उनका पैतृक घर दिल्ली के चाँदनी चौक में गुरुद्वारा शीशगंज के पीछे स्थित था। यह गुरुद्वारा शीशगंज उसी स्थल पर बना है जहाँ औरंगजेब की कठोर यातनाओं से गुरु तेगबहादुर जी का बलिदान हुआ था। लालाजी के पिता पं गोरेलाल जी संस्कृत के विद्वान और कोर्ट में रीडर थे, माता भोलारानी रामचरितमानस की विदुषी मानी जाती थीं। उनका परिवार आर्य समाज से जुड़ा था। इस प्रकार घर और पूरे क्षेत्र में राष्ट्रीय संस्कृति की प्रतिष्ठापना का वातावरण था। इसी वातावरण में लाला हरदयाल का जन्म हुआ था। परिवार के संस्कारों ने उन्हें बचपन से राष्ट्रीय, साँस्कृतिक और सामाजिक चेतना से ओतप्रोत कर दिया था। उन्हें बचपन में माँ से रामायण की और पिता से संस्कृत शिक्षा मिली। उन्हें रामायण की चौपाइयाँ और संस्कृत के अनेक श्लोक कंठस्थ थे। उन दिनों के सभी शासकीय विद्यालयों में चर्च का नियंत्रण हुआ करता था। उनकी प्राथमिक शिक्षा कैम्ब्रिज मिशन स्कूल में हुई और महाविद्यालयीन शिक्षा सेन्ट स्टीफन कालेज में हुई। वे पढ़ने में बहुत कुशाग्र थे सदैव प्रथम ही आते थे। उनकी स्मरण शक्ति अद्भुत थी। एक बार सुनकर पूरा पाठ कंठस्थ हो जाता था। उनकी गणना ऐसे विरले व्यक्तियों में होती थी जो अंग्रेजी और संस्कृत दोनों भाषाएँ धाराप्रवाह बोल लेते थे। इस विशेषता ने उन्हें पूरे महाविद्यालय में लोकप्रिय बना दिया था। महाविद्यालयीन शिक्षा में कालेज में टाप पर रहने से उन्हें 200 पाउण्ड की छात्रवृत्ति मिली। इस राशि से वे आगे पढ़ने के लिये लंदन गये 1905 में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया। लालाजी ने लंदन में भारतीयों के साथ अंग्रेजों का हीनता से भरा व्यवहार देखा जिससे वे बहुत विचलित हुये। यद्यपि इसका आभास उन्हें दिल्ली के सेन्ट स्टीफन कालेज में भी हो गया था। पर जो दृश्य लंदन में देखा उसे देखकर बहुत विचलित हुये और उन्होंने अपने छात्र जीवन में जाग्रति और वैचारिक संगठन का अभियान आरंभ कर दिया। भारतीय छात्रों में संगठन और जाग्रति के लिये उन्होंने संगोष्ठियों और बैठकों का कार्य आरंभ किया । वे ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते थे जिनमें भारतीय चिंतन की प्रतिष्ठा गरिमा और ओज के साथ हो संगठनात्मक भाव भी जाग्रत हो। लाला जी लंदन में क्राँतिकारी आँदोलन चला रहे मास्टर अमीरचंद के संपर्क में आये। उनका संपर्क क्रांतिकारी श्यामजी कृष्ण वर्मा से भी हुआ। श्याम कृष्ण जी ने लंदन में इंडिया हाउस की स्थापना की थी। लालाजी उसके सदस्य बन गये। क्रांतिकारियों के संपर्क और अध्ययन से लालाजी को यह भी आभास हुआ कि पूरी दुनियाँ में अंग्रेजों का दबदबा भारतीय सैनिकों के कारण है। जहां कभी भी सेना भेजनी होती वहां सबसे अधिक सैनिकों की संख्या भारतीय मूल के सैनिकों की होती लेकिन अंग्रेज उनसे सम्मानजनक व्यवहार नहीं करते थे। उनकी कुशाग्रता और सक्रियता अंग्रेजों से छुपी न रह सकी। उन्हे 1906 में आईसीएस सेवा का प्रस्ताव मिला जिसे ठुकरा कर वे लंदन में भारतीयों के संगठन और स्वाभिमान जागरण के अभियान में ही लगे रहे। उन दिनों चर्च और मिशनरियों ने युवाओं को जोड़ने के लिये एक संस्था बना रखी थी उसका नाम यंग मैन क्रिश्चियन एसोशियेशन था।

# एआई पर संतुलन की जरूरत

गूगल के एआई प्लैटफॉर्म जेमिनाय की ओर से दिए गए गलत और आपत्तिजनक जवाबों से उपजा विवाद एक तरह से खतरे की घंटी है। बेशक, इस मामले में गूगल ने माफी मांग ली है, लेकिन अकके पूर्वाग्रहों से जुड़ा यह मसला बड़ा है। चाहे भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर पूछा गया सवाल हो या अमेरिका में डेमोक्रैटिक और रिपब्लिकन दलों से जुड़ा प्रश्न या द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान नाजी सैनिक बनाने की बात-जेमिनाय के रेस्पॉन्स ने अगर सनसनी फैलाई तो वह स्वाभाविक था। लेकिन ध्यान में रखने की बात यह है कि ये सिर्फ कुछ उदाहरण ही हैं। ज्यादा महत्वपूर्ण इस एआई प्लैटफॉर्म की फंक्शनिंग में निहित वे गड़बड़ियां हैं, जिनकी ओर ये संकेत कर रहे हैं। वैसे, इस तरह के मामले सिर्फ किसी एक कंपनी या खास एआई प्लैटफॉर्म तक भी सीमित नहीं है। अगर कोई एक प्लैटफॉर्म किसी एक मामले में गड़बड़ी करता है तो दूसरा किसी और मामले में कर सकता है। अब तक के अनुभव बताते हैं कि अकपर संदेह करने के ठोस कारण हैं। मिसाल के तौर पर, एमेजॉन द्वारा 2014 में बनाए गए एक अकबेस्ड इवैल्यूएशन टूल का जिक्र किया जा सकता है, जिसे 2018 में हटा दिया गया था। पहले की नियुक्तियों से जुड़े डेटा के आधार पर यह क्वॉलिफाइड कैंडिडेट्स के पूल से महिलाओं को बाहर करना सीख गया था। खास बात यह है कि ऐसे अक टूल के सिस्टम से पुराने पूर्वाग्रहों को दूर करने की प्रक्रिया में भी एक खतरा है। यह सिस्टम पुराने पूर्वाग्रहों को छोड़ने के क्रम में नए पूर्वाग्रहों को अपना सकता है, जिनका पता लगाना और उन्हें दूर करना एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया साबित हो सकती है। वैसे, इसके लिए अकसिस्टम को या उसकी फंक्शनिंग को पूरा दोष नहीं दिया जा सकता। बड़ा सवाल यह है कि इसे फीड कैसे किया जा रहा है? इसे जरूरी डेटा कहां से मिल रहा है? किताबों और अकैडमिक पेपर्स जैसे प्रामाणिक स्रोत कम पड़ जाते हैं। उसके बाद विकिपीडिया और ब्लॉग जैसे स्रोतों पर इन प्लैटफॉर्म्स को निर्भर किया जाता है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# इस साल ब्ल्यू स्टार को 10 लाख एसी ब्रिकी की उम्मीद

## - कंपनी का अनुमान, वित्त वर्ष 2024-25 में बिक्री लगभग 13 लाख हो जाएगी





**नई दिल्ली ।**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के इस साल तेज गर्मी का अनुमान जताने के बाद 2024 में रूम एयर कंडीशनर (एसी) की बिक्री में तेजी के आसार देखे जा रहे हैं। इस उद्योग की दिग्गज कंपनी ब्लू स्टार लिमिटेड का कहना है कि इस वित्त वर्ष में रूम एयर कंडीशनर की बिक्री 25 प्रतिशत बढ़कर 10 लाख हो जाएगी, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 30 प्रतिशत तक बढ़कर 13 लाख हो सकती है। ब्लू स्टार के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि हमें उम्मीद है कि इस साल रूम एयर कंडीशनरों की बिक्री 10 लाख पार कर जाएगी और अगले साल लगभग 13 लाख हो जाएगी, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह संख्या 8,00,000 थी। कंपनी ने यह उम्मीद ऐसे समय में जताई है, जब उसने साल 2024-25 तक अपनी बाजार हिस्सेदारी को करीब 13.75 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि आज उपभोक्ताओं का फाइनैंस 55 प्रतिशत से अधिक है। लोग अधिक खपत करने लगे हैं। भले ही औसत गर्मी हो लेकिन मांग अच्छी रहेने वाली है। पूर्वानुमान, तो तेज गर्मी का है। कंपनी को पहली बार खरीदारी करने वालों की ओर से मांग दिख रही है, खास तौर पर मध्य, छोटे और बहुत छोटे बाजारों के साथ-साथ पुराने एसी के बाजार में भी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण बाजार हमारे विकास की संचालक हैं और हमारी लगभग 65 प्रतिशत बिक्री ऐसे बाजारों में ही हो रही है। शेष हिस्सेदारी महानगरों और छोटे महानगरों की है। ब्लू स्टार के पास अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी ब्लू स्टार क्लाइमेटेक के जरिये आंध प्रदेश की श्री सिटी में विनिर्माण इकाइयां हैं, जिन्होंने जनवरी 2023 में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया था और इसके पास हिमाचल प्रदेश में दो संयंत्र हैं। इन संयंत्रों के साथ ब्लू स्टार के पास अब 10 लाख से ज्यादा रूम एसी उत्पादन क्षमता है, जो आने वाले समय में धीरे-धीरे बढ़कर 18 लाख एसी तक पहुंच जाएगी।

# प्रोसेस्ड दालों पर 18 फीसदी की दर से जीएसटी लगेगा: एएआर

## - भूसी निकालने, अनाज का टुकड़ा करने के बाद प्राप्त प्रोसेस्ड दालें कृषि से प्राप्त उत्पाद नहीं



**नई दिल्ली ।**

आंध्र प्रदेश के अग्रिम निर्णयों के प्राधिकरण (एएआर) ने आदेश दिया कि भूसी निकालने, अनाज का टुकड़ा करने के बाद प्राप्त प्रोसेस्ड दालें कृषि से प्राप्त उत्पाद नहीं हैं और ये साबुत दालों से अलग हैं। इसलिए प्रोसेस्ड दालों पर 18 फीसदी की दर से जीएसटी लगेगा। एएआर ने आदेश दिया कि थोक खरीदारों और मिलों या किसानों को लेनदेन की सुविधा उपलब्ध कराने पर कृषि उत्पादों पर 18 फीसदी जीएसटी लगेगा। एकेएम ग्लोबल के एक टैक्स पार्टनर ने बताया कि यह मामला आंध्र प्रदेश की गायत्री एंटरप्राइजेज का है और यह कृषि उत्पादों जैसे उड़द दाल व इसकी कई किस्मों, मूंग दाल व इसकी कई किस्मों, तूर, ज्वार और करमानी के कमीशन एजेंट या ब्रोकर डील में कारोबार करती है। कंपनी पक्षों से प्रति बोरी तय शुल्क लेती है। इसका नाम बिक्री या खरीद के लेनदेन के किसी भी इनवॉयस में नहीं है। यह केवल ब्रोकरेज राशि की इनवॉयस पक्षों को देती है। कंपनी के पास जीएसटी पंजीकरण है और 18 फीसदी शुल्क वसूल करती है। हालांकि इसे पूरे भारत में कई पक्षों से विरोध का सामना करना पड़ता है। पार्टियों का कहना है कि कृषि उत्पादों और ब्रोकरेज पर जीएसटी मान्य नहीं है। लिहाजा इस मामले पर कंपनी ने एएआर से निर्देश मांगा कि क्या भूसी अलग करने और अनाज को टुकड़ा करने के बाद तैयार उत्पाद पर जीएसटी लगेगा या नहीं। एएआर का मानना है कि किसानों या खेत में आमतौर पर भूसी को अलग या अनाज को विभाजित नहीं किया जाता, बल्कि इसे दाल मिलों के स्तर पर किया जाता है। ऐसी दालें भूसी अलग करने या अनाज को विभाजित करने से तैयार कृषि से तैयार उत्पादन नहीं हैं। हालांकि एएआर ने स्पष्ट किया कि साबुत चना, राजमा जैसी साबुत दालें कृषि उपज की परिभाषा में शामिल हैं। एएआर ने स्पष्ट किया कि प्रोसेस्ड दालें कृषि उत्पाद की परिभाषा से बाहर हैं और उन्हें जीएसटी से छूट उपलब्ध नहीं है।

# अदाणी ग्रुप बांड बाजार से जुटाएगी 1.2 अरब डॉलर का फंड

## - कंपनी व्यवस्थाकर्ताओं और बैंकरों के साथ नियोजित लेनदेन पर कर रही है बात




**नई दिल्ली ।**

अरबपति गौतम अदाणी की अगुवाई वाला अदाणी ग्रुप 1.2 अरब डॉलर का एक अन्य बांड जारी करने की योजना बना रहा है। यह डॉलर बांड इसी साल जून तक लांच हो सकता है। एक समाचार एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी व्यवस्थाकर्ताओं और बैंकरों के साथ नियोजित लेनदेन पर बात कर रही है। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि 1.2 अरब डॉलर का बांड पेश करने में करीब चार महीने लग सकते हैं। हालांकि अदाणी ग्रुप के प्रतिनिधि ने इस विषय पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं दी। रिपोर्ट के मुताबिक रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में काम करने वाली अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और संबंधित कंपनियां मौजूदा ऋणों को रिफाइनैंस करने के लिए धन जुटाने की योजना बना रही हैं। धन जुटाने के लिए डॉलर बांड की पेशकश बताता है कि निवेशकों का विश्वास अदाणी ग्रुप पर फिर से लौट रहा हैं। अदाणी ग्रुप ने 4 मार्च से 40.9 करोड़ डॉलर के बांड की मार्केटिंग शुरू कर दी है। पिछले साल शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों के बाद अदाणी ग्रुप का यह पहला डॉलर बांड है। अदाणी ग्रीन एनर्जी और संबंधित कंपनियां 7.125 फीसदी के प्रारंभिक मूल्य मार्गदर्शन पर 18 साल की डोर-टू-डोर अवधि के साथ डॉलर बांड की पेशकश की है। अदाणी ग्रुप ने 27 फरवरी 2024 को एक एक्सचेंज फाइलिंग में शेयर बाजारों को बताया था कि रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में काम करने वाली अदाणी ग्रुप की कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी डॉलर बांड के माध्यम से 40.9 करोड़ डॉलर जुटाने की योजना पर काम कर रही है।

# आईआईएफएल को 1,650 करोड़ नगद उपलब्ध कराएगी फेयरफैक्स इंडिया

**नई दिल्ली।**

भारतीय-कनाडाई अरबपति प्रेम वत्स समर्थित फेयरफैक्स इंडिया ने आईआईएफएल फाइनेंस को 20 करोड़ डॉलर (1,650 करोड़ रुपये) का नकदी समर्थन देने की प्रतिबद्धता जताई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गैर-बैंकिंग ऋणदाता पर स्वर्ण ऋण वितरण की रोक लगा दी है। फेयरफैक्स इंडिया होल्डिंग्स कॉरपोरेशन ने कहा कि आरबीआई के प्रतिबंध ने कंपनी के निवेशकों और ऋणदाताओं के बीच नकदी को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। जिससे फेयरफैक्स इंडिया ने पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर और नियामकीय मंजूरी के बाद 20 करोड़ डॉलर का नकदी समर्थन देने का फैसला किया है। फेयरफैक्स इंडिया के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि हम आईआईएफएल समूह की कंपनियों में दीर्घकालिक निवेशक रहे हैं और हमें निर्मल जैन और आर वेंकटरमन के नेतृत्व वाली कंपनी की मजबूत प्रबंधन टीम पर पूरा भरोसा है। हमें विश्वास है कि निर्मल और वेंकट आरबीआई के मानकों को पूरा करने और अनुपालन को पूरा करने के लिए सुधारात्मक कदम उठाएंगे। एक अन्य अे धिकारी ने कहा कि ऐसे मौके पर फेयरफैक्स इंडिया और प्रेम द्वारा मदद देने की घोषणा कंपनी के लिए काफी प्रेरक साबित होगी। इस सप्ताह की शुरुआत में रिजर्व बैंक ने पीली धातु की शुद्धता को परखने और प्रमाणित करने सहित अन्य पर्यवेक्षी चिंताओं के बाद आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड को स्वर्ण ऋण देने से रोक दिया था।

# ग्राहकों को क्रेडिट कार्ड चुनने का मिलेगा विकल्प

## - मौजूदा कार्डधारकों को कार्ड के नवीकरण के समय यह विकल्प दिया जाएगा

**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को निर्देश दिया कि क्रेडिट कार्ड लेते समय ग्राहकों को यह चुनने की छूट दी जाए कि वे किस नेटवर्क का कार्ड लेना चाहते हैं। बैंकिंग नियामक ने कार्ड जारी करने वालों और नेटवर्कों को ऐसा कोई समझौता करने से रोक दिया है, जिसके कारण ग्राहक दूसरे नेटवर्क की सेवाएं नहीं उठा पाते। आरबीआई ने कहा कि कार्ड जारी करने वाले अपने पात्र ग्राहकों को कार्ड जारी करते समय विभिन्न कार्ड नेटवर्कों में से चुनने का विकल्प देंगे। जहां तक मौजूदा कार्डधारकों का सवाल है तो उन्हें कार्ड के नवीकरण के समय यह विकल्प दिया जाएगा। नियामक का यह निर्देश छह महीने बाद 6 सितंबर से प्रभावी होगा। आरबीआई द्वारा अधिकृत कार्ड नेटवर्कों में अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्प, डायनर्स क्लब इंटरनेशनल लिमिटेड, मास्टरकार्ड एशिया/पैसिफिक प्राइवेट लिमिटेड, नैशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया-रुपे और वीजा वर्ल्डवाइड प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। हालांकि आरबीआई ने यह साफ नहीं किया है कि ये निर्देश को-ब्रांडेड कार्ड पर भी लागू होंगे अथवा नहीं। कोई बैंक अपने ग्राहकों को किसी भी नेटवर्क का कार्ड दे सकता है। मगर कुछ को-ब्रांडेड कार्ड भी होते हैं, जो केवल एक ही प्लेटफॉर्म पर पेश किए जाते हैं। निजी क्षेत्र के एक बैंक के कार्ड प्रमुख ने कहा है` कि जिस तरह से सर्कुलर लिखा गया है उसके मुताबिक हरेक कार्ड में कम से कम दो नेटवर्क अवश्य होने चाहिए। साथ ही उस कार्ड के लिए किया गया समझौता किसी खास नेटवर्क तक सीमित नहीं हो सकता।

उन्होंने कहा कि को-ब्रांडेड कार्ड केवल एक ही नेटवर्क के साथ जारी किए जाते हैं। कई बार नेटवर्क हम ही चुनते हैं और कुछ मामलों में कारोबारी लिहाज से फैसले किए जाते हैं। ऐसे में हम स्थिति स्पष्ट करने की मांग करेंगे।

# सरकार एनएलसी इंडिया में 7 फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी

**नई दिल्ली ।** सरकार एनएलसी इंडिया में अपनी सात प्रतिशत तक हिस्सेदारी 212 रुपए प्रति शेयर के न्यूनतम कीमत पर बेचेगी। एनएलसी इंडिया में सरकार की दो दिन की हिस्सेदारी बिक्री पेशकश (ओएफएस) गुरुवार को खुलेगी। संस्थागत निवेशकों के लिए एनएलसी की 2,000 करोड़ रुपए की बिक्री पेशकश गुरुवार को खुलेगी। खुदरा निवेशकों के लिए यह सोमवार को खुलेगी। शुक्रवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर बाजार में अवकाश रहेगा। खुदरा निवेशक सोमवार 11 मार्च को शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। सरकार सात प्रतिशत हिस्सेदारी का विनिवेश कर रही है। इसमें दो प्रतिशत का ग्रीन शू विकल्प भी शामिल है। सरकार कंपनी में अपने 9.7 करोड़ शेयर 212 रुपए प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर बेच रही है। यदि ओएफस को पूर्ण अभिदान मिल जाता है, तो इस बिक्री से सरकार को 2,000 करोड़ रुपए प्राप्त होंगे।



# फरवरी महीने में वाहनों की खुदरा बिक्री बढ़कर 20.29 लाख इकाई रही

**नई दिल्ली।** फरवरी में यात्री और दोपहिया वाहनों समेत सभी खंडों में जोरदार खरीदारी से देश में वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़ गई। वाहन वितरकों के संगठन फाडा ने यह जानकारी दी। पिछले महीने कुल 20,29,541 वाहनों की खुदरा बिक्री हुई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 17,94,866 इकाई थी। यात्री वाहन खंड में पिछले महीने बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 3,30,107 इकाई हो गई, जो फरवरी, 2023 में 2,93,803 इकाई थी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा` कि फरवरी के महीने में यात्री वाहनों की अब तक की सर्वाधिक बिक्री दर्ज की गई। पिछले महीने दोपहिया वाहनों की बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 14,39,523 इकाई रही, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 12,71,073 इकाई थी। उन्होंने कहा कि शादियों के मौसम और बेहतर आर्थिक स्थिति जैसे कारकों ने भी इस सकारात्मक वृद्धि में योगदान दिया। फरवरी में वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री बढ़कर 88,367 इकाई हो गई, जो पिछले साल के इसी महीने की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक है। नकदी प्रवाह की कमी और चुनाव से संबंधित खरीद स्थगन जैसी बाधाओं के बावजूद इस खंड में वृद्धि देखी गई, जो इस क्षेत्र के लचीलेपन और क्रमिक सुधार को उजागर करती है। तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री भी पिछले महीने 24 प्रतिशत बढ़कर 94,918 इकाई हो गई। इसी तरह ट्रैक्टर की बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 76,626 इकाई हो गई।

# एनबीएफसी पर कार्रवाई के डर से निवेशकों ने शेयरों से निकाला पैसा

**मुंबई ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कुछ गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) पर कार्रवाई की, जिसके बाद समूचे एनबीएफसी क्षेत्र पर कार्रवाई के डर से बड़ी संख्या में निवेशकों ने एनबीएफसी कंपनियों के शेयरों से पैसा निकाल लिया। यह पैसा बैंकिंग शेयरों में लगा दिया गया। आईआईएफएल फाइनेंस, जेएम फाइनेंशियल और पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ केंद्रीय बैंक की कड़ी कार्रवाई से निवेशकों की चिंता बढ़ गई। केंद्रीय बैंक ने संचालन में खामियों का हवाला देकर कार्रवाई की है। आरबीआई ने निगरानी की कमी बताते हुए आईआईएफएल फाइनैंस को गोल्ड लोन मंजूर करना और बांटना बंद करने के लिए कहा है। इसके बाद कंपनी का शेयर लगातार दूसरे दिन 20 फीसदी के निचले सर्किट पर बंद हुआ। जेएम फाइनेंशियल का शेयर भी 20 फीसदी तक लुढ़क गया था, मगर बाद में थोड़ा संभलकर कारोबार की समाप्ति पर यह 10.7 फीसदी नीचे बंद हुआ। आरबीआई ने मंगलवार को जेएम फाइनैंशियल प्रोडक्ट्स के खिलाफ कार्रवाई की थी। इन्हीं दो एनबीएफसी के शेयरों में गिरावट नहीं आई बल्कि 43 एनबीएफसी शेयरों में से 34 लुढ़ककर बंद हुए। कापरी ग्लोबल कैपिटल में 14.3 फीसदी, एलऐंडटी फाइनैंस होल्डिंग्स में 7.2 फीसदी और मणप्पुरम फाइनैंस में 6 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। दूसरी ओर बैंकिंग शेयरों में उछाल आई और निफ्टी बैंक 0.8 फीसदी बढ़त में रहा। ऐक्सिस बैंक में 2.3 फीसदी और कोटक महिंद्रा बैंक में 2.5 फीसदी बढ़त देखी गई, जिससे बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी नए शिखर पर पहुंच गए।

# शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन सर्वोच्च स्तर पर बंद

## सेंसेक्स 74,119.39 , निफ्टी 22,493.55 पर पहुंचा



**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को भारी बढत के साथ बंद हुआ। बाजार लगातार दूसरे दिन शीर्ष स्तर पर पहुंचा। बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स आज सेंसेक्स 0.05 फीसदी करीब 33.40 अंक की बढ़कर 74,119.39 पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस ये 74,085.99 पर बंद हुआ था। वहीं पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी आज 0.09 फीसदी करीब 19.50 अंक की बढ़त लेकर 22,493.55 पर बंद हुआ। निफ्टी की 30 कंपनियों के शेयर लाभ पर जबकि 20 के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए। आज कारोबार के दौरान लॉर्ज-कैप शेयरों में बढ़त रही। टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज फिनसर्व, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनैंस, आईटीसी, एशियन पेंट्स, नेस्ले इंडिया और टीसीएस के शेयरों में एक फीसदी से अधिक की बढ़त रही वहीं निफ्टी की कंपनियों की बात करें तो टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड, टाटा स्टील लिमिटेड , बजाज ऑटो लिमिटेड , यूपीआई लिमिटेड और जेएसडब्ल्यू स्टील भी शामिल रहे। इनमें से टाटा कंज्यूमर, टाटा स्टील और बजाज ऑटो के शेयरों ने आज इंट्रा डे ट्रेड के दौरान 52 सप्ताह यानी 1 साल का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। जिन कंपनियों के शेयरों में आज सबसे अधिक गिरावट रही। वे हैं महिंद्रा ऐंड महिंद्रा , बीपीसीएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल), ऐक्सिस बैंक और एलटीआई माइंडट्री शामिल हैं। जानकारों के अनुसार बाजार में लगातार दूसरे दिन उछाल का कारण विदेशों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही एफएमजीसी कंपनियों के शेयरों में बढ़त रही। इसके अलावा देख की जीडीपी उम्मीद से अधिक बेहतर रहने की उम्मीद से भी बाजार को बल मिला। इससे पहले आज सुबह वै श्विक बाजारों से` मिले अच्छे संकेतों की वजह से बाजार में शानदार तेजी देखने को मिली। बाजार के प्रमुख इंडेक्स नए सार्वजे निक उच्च स्तर पर कारोबार करते दिखे। बीएसई सेंसेक्स 74,245 के नए शिखर पर पहुंचा और निफ्टी 30 अंकों की हल्की बढ़त के साथ 22,523 पर कारोबार कर रहा था। जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज ट्विन्स, पावर ग्रिड, टाटा स्टील और एसबीआई ने सेंसेक्स पर बढ़त हासिल की, जबकि यूपीएल निफ्टी में अतिरिक्त बढ़त हासिल करने वाला शेयर रहा। दूसरी ओर, एमएंडएम, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, टीसीएस और आरआईएल भी टॉप लूजर्स की लिस्ट में रहे।

# मुक्का प्रोटीन्स का शेयर 57 फीसदी चढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली ।** मछली के तेल और संबद्ध उत्पादों के निर्माण एवं विपणन से जुड़ी कंपनी मुक्का प्रोटीन्स के शेयर गुरुवार को निर्गम मूल्य के मुकाबले 57 फीसदी चढ़कर सूचीबद्ध हुए। बीएसई पर इसके शेयर ने 57.14 फीसदी बढ़कर 44 रुपये के भाव पर कारोबार की शुरुआत की। एनएसई पर भी कंपनी का शेयर 28 रुपये के निर्गम मूल्य से 42.85 फीसदी तेजी के साथ 40 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। इस तरह सूचीबद्धता के दिन कंपनी का बाजार पूंजीकरण 1,147.20 करोड़ रुपये रहा। इसके पहले आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के अंतिम दिन मुक्का प्रोटीन्स को 136.89 गुना अभिदान मिला था। करीब 224 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए 26-28 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया गया था। मुक्का प्रोटीन्स भारत के मछली प्रोटीन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी है। कंपनी अपने उत्पादों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वितरित करती है।

# भारत का मोबाइल फोन निर्यात बढ़कर 60 अरब डॉलर तक पहुंचेगा: वैष्णव

## - इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार भी 10 लाख से बढ़ने की उम्मीद



**नई दिल्ली ।**


केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक वित्त-प्रौद्योगिकी कार्यक्रम में कहा है कि देश में बने मोबाइल फोन का निर्यात में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है और आने वाले समय में यह 50-60 अरब डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। पिछले साल लगभग 11 अरब डॉलर का मोबाइल निर्यात हुआ था। इसके साथ ही वैष्णव ने कहा कि आने वाले दिनों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार भी 10 लाख से बढ़कर 25 लाख हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले भारत 98 प्रतिशत मोबाइल फोन का आयात करता था लेकिन आज के समय में लगभग 99 प्रतिशत फोन उपकरण भारत में ही बनते हैं। वैष्णव ने भारत की विकास गाथा पर एक प्रस्तुति साझा करते हुए कहा` कि पिछले साल 11 अरब डॉलर के मोबाइल फोन निर्यात किए गए थे। आने वाले दिनों में आप 50-60 अरब डॉलर का निर्यात देखेंगे। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में कार्यरत लोगों की संख्या भी 25 लाख हो जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा जबकि 2014 में यह 11वें स्थान पर था। उन्होंने कहा कि भारत के इस समय पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था होने के समय रेलवे, राजमार्ग, हवाई अड्डे के क्षेत्रों में विशाल बुनियादी ढांचा तैयार किया गया है। संचार और रेल मंत्रालय का भी दायित्व संभालने वाले वैष्णव ने कहा कि पिछले साल 5,200 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन जोड़ी गई जो स्विट्जरलैंड के समूचे रेल नेटवर्क के बराबर है।वैष्णव ने कहा, 'चालू वित्त वर्ष में अब तक 4,972 किलोमीटर लंबी रेल लाइन बिछाई जा चुकी है। अभी मार्च का पूरा महीना बाकी है। हम इस साल 5,500 किलोमीटर की रेल लाइन जोड़ेंगे।

# रुपया डॉलर के मुकाबले नौ पैसे मजबूत

**मुंबई।** विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की कमजोरी और विदेशी पूंजी की आवक होने से गुरुवार को रुपया शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले नौ पैसे की मजबूती के साथ 82.74 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि रुपये को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी से भी समर्थन मिला। लेकिन कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता ने इसकी तेजी को सीमित कर दिया। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 82.82 के भाव पर खुला और थोड़ी ही देर में मजबूत होकर 82.74 पर पहुंच गया। इस तरह पिछले बंद की तुलना में रुपये में नौ पैसे की मजबूती रही। बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे बढ़कर 82.83 पर बंद हुआ था। इस बीच दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 प्रतिशत गिरकर 103.24 पर आ गया।



# इस साल घरेलू हवाई यात्रियों का आंकड़ा कोविड-पूर्व के स्तर को पार करेगा: इक्रा



**मुंबई ।** क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा कि घरेलू हवाई यात्री यातायात के चालू वित्त वर्ष में आठ-13 प्रतिशत बढ़कर कोविड-पूर्व स्तर से आगे 15-15.5 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। महामारी से पहले घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 14.12 करोड़ थी। रेटिंग एजेंसी ने अगले दो वित्त वर्षों में विमानन उद्योग के शुद्ध घाटे में खासी गिरावट का अनुमान जताने के साथ ही कहा है कि आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी चुनौतियां और इंजन से जुड़े मसले निकट अवधि में प्रतिकूल साबित हो सकते हैं। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्री यातायात में निरंतर सुधार और अपेक्षाकृत स्थिर लागत वातावरण के बीच इक्रा ने घरेलू विमानन उद्योग को लेकर स्थिर दृष्टिकोण कायम रखा है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारतीय एयरलाइंस के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात वित्त वर्ष 2022-23 में कोविड-पूर्व स्तर को पार कर गया था लेकिन यह वर्ष 2018-19 में दर्ज 2.59 करोड़ के उच्चतम स्तर से पीछे था। चालू वित्त वर्ष में अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या 2.5-2.7 करोड़ रहने की उम्मीद है।



# शिव लोक कल्याणकारी हैं तो संकट विनाशक भी

**शिवरात्रि का पर्व भी दु:खों को दूर करने एवं सुखों का सृजन करने का प्रेरक है। भोलेनाथ भाव के भूखे हैं, कोई भी उन्हें सच्ची श्रद्धा, आस्था और प्रेम के पुष्प अर्पित कर अपनी मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना कर सकता है**



सम्पूर्ण ब्रह्मांड शिव के अंदर समाया हुआ है। जब कुछ नहीं था तब भी शिव थे जब कुछ न होगा तब भी शिव ही होंगे। शिव को महाकाल कहा जाता है, अर्थात समय। शिव अपने इस स्वरूप द्वारा पूर्ण सृष्टि का भरण-पोषण करते हैं। इसी स्वरूप द्वारा परमात्मा ने अपने ओज व उष्णता की शक्ति से सभी ग्रहों को एकत्रित कर रखा है। परमात्मा का यह स्वरूप अत्यंत ही कल्याणकारी माना जाता है क्योंकि पूर्ण सृष्टि का आधार इसी स्वरूप पर टिका हुआ है। भगवान शिव भोले भण्डारी है और जग का कल्याण करने वाले हैं। भगवान शिव आदिदेव है, देवों के देव है, महादेव हैं। सभी देवताओं में वे सर्वोच्च हैं, महानतम हैं, दु:खों को हरने वाले हैं। प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि का पर्व फाल्गुण मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाया जाता है, जो शिवत्व का जन्म दिवस है। यह शिव से मिलन की रात्रि का सुअवसर है। इसी दिन निशीथ अर्धरात्रि में शिवलिंग का प्रादुर्भाव हुआ था। इसीलिये यह पुनीत पर्व सम्पूर्ण देश एवं दुनिया में उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाता है। यह पर्व सांस्कृतिक एवं धार्मिक चेतना की ज्योति किरण है। इससे हमारी चेतना जाग्रत होती है, जीवन एवं जगत में प्रसन्नता, गति, संगति, सौहार्द, ऊर्जा, आत्मशुद्धि एवं नवप्रेरणा का प्रकाश परिव्याप्त होता है। यह पर्व जीवन के श्रेष्ठ एवं मंगलकारी व्रतों, संकल्पों तथा विचारों को अपनाने की प्रेरणा देता है।

शिव सभी देवताओं में वे सर्वोच्च हैं, महानतम हैं, दु:खों को हरने वाले हैं। वे कल्याणकारी हैं तो संहारकर्ता भी हैं। सृष्टि के कल्याण हेतु जीर्ण-शीर्ण वस्तुओं का विनाश आवश्यक है। इस विनाश में ही निर्माण के बीज छुपे हुए हैं। इसलिये शिव संहारकर्ता के रूप में निर्माण एवं नव-जीवन के प्रेरक भी है। सृष्टि पर जब कभी कोई संकट पड़ा तो उसके समाधान के लिये वे सबसे आगे रहे। जब भी कोई संकट देवताओं एवं असुरों पर पड़ा तो उन्होंने शिव को ही याद किया और शिव ने उनकी रक्षा की। समुद्र-मंथन में देवता और राक्षस दोनों ही लगे हुए थे। सभी अमृत चाहते थे, अमृत मिला भी लेकिन उससे पहले हलाहल विष निकला जिसकी गर्मी, ताप एवं संकट ने सभी को व्याकुल कर दिया एवं संकट में डाल दिया, विष ऐसा की पूरी सृष्टि का नाश कर दें, प्रश्न था कौन ग्रहण करें इस विष को। भोलेनाथ को याद किया गया गया। वे उपस्थित हुए और इस विष को ग्रहण कर सृष्टि के सम्मुख उपस्थित संकट से रक्षा की। उन्होंने इस विष को कंठ तक ही रखा और वे नीलकंठ कहलाये। इसी प्रकार गंगा को पृथ्वी पर लाने के लिये भोले बाबा ने ही सहयोग किया। क्योंकि गंगा के प्रचंड दबाव और प्रवाह को पृथ्वी कैसे सहन करें, इस समस्या के समाधान के लिये शिव ने अपनी जटाओं में गंगा को समाहित किया और फिर अनुकूल गति के साथ गंगा का प्रवाह उनकी जटाओं से हुआ। ऐसे अनेक सृष्टि से जुड़े संकट और उसके विकास से जुड़ी घटनाएं हैं जिनके लिये शिव ने अपनी शक्तियों, तप और साधना का प्रयोग करके दुनिया को नव-जीवन प्रदान किया। शिव का अर्थ ही कल्याण है, वही शंकर है, और वही रुद्र भी है। शंकर में शं का अर्थ कल्याण है और कर का अर्थ करने वाला। रुद्र में रु का अर्थ दु:ख और द्र का अर्थ हरना- हटाना। इस प्रकार रुद्र का अर्थ हुआ, दु:ख को दूर करने वाले अथवा कल्याण करने वाले।

शिवरात्रि का पर्व भी दु:खों को दूर करने एवं सुखों का सृजन करने का प्रेरक है। भोलेनाथ भाव के भूखे हैं, कोई भी उन्हें सच्ची श्रद्धा, आस्था और प्रेम के पुष्प अर्पित कर अपनी मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना कर सकता है। दिखावे, ढोंग एवं आडम्बर से मुक्त विद्वान-अनपढ़, धनी-निर्धन कोई भी अपनी सुविधा तथा सामर्थ्य से उनकी पूजा और अर्चना कर सकता है। शिव न काठ में रहता है, न पत्थर में, न मिट्टी की मूर्ति में, न मन्दिर की भव्यता में, वे तो भावों में निवास करते हैं।

शिवरात्रि का व्रत करने वाले इस लोक के समस्त भोगों को भोगकर अंत में शिवलोक में जाते हैं। शिवरात्रि की पूजा रात्रि के चारों प्रहर में करनी चाहिए। शिव को बिल्वपत्र, धतूरे के पुष्प तथा प्रसाद में भांग अति प्रिय हैं। लौकिक दृष्टि से दूध, दही, घी, शकर, शहद- इन पाँच अमृतों (पंचामृत) का पूजन में उपयोग करने का विधान है। महामृत्युंजय मंत्र शिव आराधना का महामंत्र है। शिवरात्रि वह समय है जो पारलौकिक, मानसिक एवं भौतिक तीनों प्रकार की व्यथाओं, संतापों, पाशों से मुक्त कर देता है। शिव की रात शरीर, मन और वाणी को विश्राम प्रदान करती है। शरीर, मन और आत्मा को ऐसी शान्ति प्रदान करती है जिससे शिव तत्व की प्राप्ति सम्भव हो पाती है। शिव और शक्ति का मिलन गतिशील ऊर्जा का अन्तर्जगत से एकात्म होना है। लौकिक जगत में लिंग का सामान्य अर्थ चिह्न होता है जिससे पुल्लिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसक लिंग की पहचान होती है। शिव लिंग लौकिक के परे है। इस कारण एक लिंगी है। आत्मा है। शिव संहारक हैं। वे पापों के संहारक हैं। शिव की गोद में पहुंचकर हर व्यक्ति भय-ताप से मुक्त हो जाता है।

भगवान शिव को रूद्र नाम से जाना जाता है रुद्र का अर्थ है रुत् दूर करने वाला अर्थात दुखों को हरने वाला अत: भगवान शिव का स्वरूप कल्याण कारक है। शिव शक्ति के प्रतीक ज्योतिर्लिंग का प्रादुर्भाव फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की निशीथ काल में हुआ था। शिव पुराण के अनुसार सृष्टि के आरंभ में ब्रह्मा ने इसी दिन रुद्र रूपी शिव को उत्पन्न किया था। शिव एवं हिमालय पुत्री पार्वती का विवाह भी इसी दिन हुआ था। अत: यह शिव एवं शक्ति के पूर्ण समरस होने की रात्रि भी है। वे सृष्टि के सर्जक हैं। वे मनुष्य जीवन के ही नहीं, सृष्टि के निर्माता, पालनहार एवं पोषक हैं। उन्होंने मनुष्य जाति को नया जीवन दर्शन दिया। जीने की शैली सिखलाई। शिवरात्रि जागृति का पर्व है, जिसमें आत्मा का मंगलकारी शिव से मिलना होता है। यह आत्म स्वरूप को जानने की रात्रि है। स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार का दुर्लभ आध्यात्मिक अनुभव है। यह स्वयं के भीतर जाकर अथवा अंतश्चेतना की गहराइयों में उतरकर आत्म साक्षात्कार करने का प्रयोग है। यह आत्मयुद्ध की प्रेरणा है, क्योंकि स्वयं को जीत लेना ही जीवन की सच्ची जीत है, शिवत्व की प्राप्ति है। काल के इस क्षण की सार्थकता शिवमय हो जाने में है। शक्ति माया नहीं है, मिथ्या नहीं है, प्रपंच नहीं है। इसके विपरीत शक्ति सत्य है। जीव और जगत भी सत्य है। सभी तत्वत: सत्य हैं। सभी शिवमय हैं।

सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति एवं संहार के अधिपति शिव हैं। त्रिदेवों में भगवान शिव संहार के देवता माने गए हैं। शिव अनादि तथा सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत हैं और यह काल महाकाल ही ज्योतिषशास्त्र के आधार हैं। शिवरात्रि भोगवादी मनोवृत्ति के विरुद्ध एक प्रेरणा है, संयम की, त्याग की, भक्ति की, संतुलन की। सुविधाओं के बीच रहने वालों के लिये सोचने का अवसर है कि वे आवश्यक जरूरतों के साथ जीते हैं या जरूरतों से ज्यादा आवश्यकताओं की मांग करते हैं। इस शिवभक्ति एवं उपवास की यात्रा में हर व्यक्ति में अहंकार नहीं, बल्कि शिशुभाव जागता है। क्रोध नहीं, क्षमा शोभती है। कष्टों में मन का विचलन नहीं, सहने का धैर्य रहता है। यह तपस्या स्वयं के बदलाव की एक प्रक्रिया है। यह प्रदर्शन नहीं, आत्मा के अभ्युदय की प्रेरणा है। इसमें भौतिक परिणाम पाने की महत्वाकांक्षा नहीं, सभी चाहों का संन्यास है। शिव ने संसार और संन्यास दोनों को जीया है। उन्होंने जीवन को नई और परिपूर्ण शैली दी। पृथ्वी, पानी, अग्नि, वायु, वनस्पति की जीवन में आवश्यकता और उपयोगिता का प्रशिक्षण दिया। कला, साहित्य, शिल्प, मनोविज्ञान, विज्ञान, पराविज्ञान और शिक्षा के साथ साधना के मानक निश्चित किए। सबको काम, अर्थ, धर्म, मोक्ष की पुरुषार्थ चतुष्टयी की सार्थकता सिखलाई। वे भारतीय जीवन-दर्शन के पुरोधा हैं। आज उनका सम्पूर्ण व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व सृष्टि के इतिहास का एक अमिट आलेख बन चुका है। उनका सम्पूर्ण जीवन प्रेरणास्रोत है। लेकिन हम इतने भोले हैं कि अपने शंकर को नहीं समझ पाए, उनको समझना, जानना एवं आत्मसात करना हमारे लिये स्वाभिमान और आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला अनुभव सिद्ध हो सकता है। मानवीय जीवन के सभी आयाम शिव से ही पूर्णत्व को पाते हैं।

# हमारे जीवन में ईश्वरीय शक्ति के महत्व को दिखलाता है महाशिवरात्रि का पर्व

महाशिवरात्रि भगवान शिव का त्यौहार है। भारत के सभी प्रदेशो में महाशिव रात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। भारत के साथ नेपाल, मारिशस सहित दुनिया के कई अन्य देशों में भी महाशिवरात्रि मनाते है। हर साल फाल्गुन मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिव रात्रि का व्रत किया जाता है। हिन्दू पुराणों के अनुसार इसी दिन सृष्टि के आरंभ में मध्यरात्रि मे भगवान शिव ब्रह्मा से रुद्र के रूप में प्रकट हुए थे। इसीलिए इस दिन को महाशिवरात्रि कहा जाता है।

शिवरात्रि के प्रसंग को हमारे वेद, पुराणों में बताया गया है कि जब समुद्र मन्थन हो रहा था उस समय समुद्र में चौदह रत्न प्राप्त हुए। उन रत्नों में हलाहल भी था। जिसकी गर्मी से सभी देव दानव त्रस्त होने लगे। तब भगवान शिव ने उसका पान किया। उन्होंने लोक कल्याण की भावना से अपने को उत्सर्ग कर दिया। इसलिए उनको महादेव कहा जाता है। जब हलाहल को उन्होंने अपने कंठ के पास रख लिया तो उसकी गर्मी से कंठ नीला हो गया। तभी से भगवान शिव को नीलकंठ भी कहते हैं। शिव का अर्थ कल्याण होता है। जब संसार में पापियों की संख्या बढ़ जाती है तो शिव उनका संहार कर लोगों की रक्षा करते हैं। इसीलिए उन्हें शिव कहा जाता है। योगिक परम्परा में इस दिन और रात को इतना महत्व इसलिए दिया जाता है क्योंकि यह आध्यात्मिक साधक के लिए जबर्दस्त संभावनाएं प्रस्तुत करते हैं। आधुनिक विज्ञान कई चरणों से गुजरने के बाद आज उस बिंदु पर पहुंच गया है। जहां वह प्रमाणित करता है कि हर वह चीज जिसे आप जीवन के रूप में जानते हैं। पदार्थ और अस्तित्व के रूप में जानते हैं। जिसे आप ब्रह्मांड और आकाशगंगाओं के रूप में जानते हैं। वह सिर्फ एक ही ऊर्जा है। जो लाखों रूपों में खुद को अभिव्यक्त करती है। माना जाता है की इस दिन भगवान शंकर और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इस दिन लोग व्रत रखते हैं और भगवान शिव की पूजा करते है। महाशिवरात्रि का व्रत रखना सबसे आसान माना जाता है। इसलिये बच्चों से लेकर बूढ़ो तक सभी इस दिन व्रत रखते हैं। महाशिवरात्रि के व्रत रखने वालों के लिये अन्न खाना मना होता है। इसलिये उस दिन फलाहार किया जाता है।



राजस्थान में व्रत के समय गाजर, बेर का सीजन होने से गांवों में लोगों द्वारा गाजर, बेर का फलाहार किया जाता है। लोग मन्दिरों में भगवान शिव की पूजा करते हैं व उन्हे आक, धतूरा चढ़ाते हैं। भगवान शिव को विशेष रूप से भांग का प्रसाद लगता है। इस कारण इस दिन काफी जगह शिवभक्त भांग घोट कर पीते हैं। पुराणों में कहा जाता है कि एक समय शिव पार्वती जी कैलाश पर्वत पर बैठे थी। उसी समय पार्वती ने प्रश्न किया कि इस तरह का कोई व्रत है जिसके करने से मनुष्य आपके धाम को प्राप्त कर सके ? तब उन्होंने यह कथा सुनाई थी कि प्रत्यना नामक देश में एक व्यक्ति रहता था, जो जीवों को बेचकर अपना भरण पोषण करता था। उसने सेठ से धन उधार ले रखा था। समय पर कर्ज न चुकाने के कारण सेठ ने उसको शिवमठ में बन्द कर दिया। संयोग से उस दिन फाल्गुन बदी चतुर्दशी थी। वहां रातभर कथा, पूजा होती रही जिसे उसने भी सुना। अगले दिन शिघ्र कर्ज चुकाने की शर्त पर उसे छोड़ा गया। उसने सोचा रात को नदी के किनारे बैठना चाहिये। वहां जरूर कोई न कोई जानवर पानी पीने आयेगा। अत: उसने पास के बील वृक्ष पर बैठने का स्थान बना लिया। उस बील के नीचे एक शिवलिंग था। जब वह पेड़ पर अपने छिपने का स्थान बना रहा था उस समय बील के पत्तों को तोडकर फेंकता जाता था जो शिवलिंग पर ही गिरते थे। वह दो दिन का भूखा था। इस तरह से वह अनजाने में ही शिवरात्रि का व्रत कर ही चुका था। साथ ही शिवलिंग पर बेल-पत्र भी अपने आप चढ़ते गये। एक पहर रात्रि बीतने पर एक गर्भवती हिरणी पानी पीने आई। उस व्याध ने तीर को धनुष पर चढ़ाया किन्तु हिरणी की कातर वाणी सुनकर उसे इस शर्त पर जाने दिया कि सुबह होने पर वह स्वयं आयेगी। दूसरे पहर में दूसरी हिरणी आई। उसे भी छोड़ दिया। तीसरे पहर भी एक हिरणी आई उसे भी उसने छोड़ दिया और सभी ने यही कहा कि सुबह होने पर मैं आपके पास आऊंगी। चौथे पहर एक हिरण आया। उसने अपनी सारी कथा कह सुनाई कि वे तीनों हिरणियां मेरी स्त्री थी। वे सभी मुझसे मिलने को छटपटा रही थी। इस पर उसको भी छोड़ दिया तथा कुछ और भी बेल-पत्र नीचे गिराये। इससे उसका हृदय बिल्कुल पवित्र, निर्मल तथा कोमल हो गया। प्रात: होने पर वह बेल-पत्र से नीचे उतरा। नीचे उतरने से और भी बेल पत्र शिवलिंग पर चढ़ गये। अत: शिवजी ने प्रसन्न होकर उसके हृदय को इतना कोमल बना दिया कि अपने पुराने पापों को याद करके वह पछताने लगा और जानवरों का वध करने से उसे घृणा हो गई। सुबह वे सभी हिरणियां और हिरण आये। उनके सत्य वचन पालन करने को देखकर उसका हृदय दुग्ध सा धवल हो गया और वह फूट-फूट कर रोने लगा। योगियों और संन्यासियों के लिए यह वह दिन है जब शिव कैलाश पर्वत के साथ एकाकार हो गए थे। योगिक परम्परा में शिव को ईश्वर के रूप में नहीं पूजा जाता है। बल्कि उन्हें प्रथम गुरु, आदि गुरु माना जाता है। जो योग विज्ञान के जन्मदाता थे। कई सदियों तक ध्यान करने के बाद शिव एक दिन वह पूरी तरह स्थिर हो गए। उनके भीतर की सारी हलचल रुक गई और वह पूरी तरह स्थिर हो गए। वह दिन महाशिवरात्रि था। इसलिए संन्यासी महाशिवरात्रि को स्थिरता की रात के रूप में देखते हैं।

महाशिवरात्रि आध्यात्मिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण है। इस रात धरती के उत्तरी गोलार्ध की स्थिति ऐसी होती है कि इंसान के शरीर में ऊर्जा कुदरती रूप से ऊपर की ओर बढ़ती है। इस दिन प्रकृति इंसान को अपने आध्यात्मिक चरम पर पहुंचने के लिए प्रेरित करती है। गृहस्थ जीवन में रहने वाले लोग महाशिवरात्रि को शिव की विवाह वर्षगांठ के रूप में मनाते हैं। सांसारिक महत्वाकांक्षाएं रखने वाले लोग इस दिन को शिव की दुश्मनों पर विजय के रूप में देखते हैं।

# सुख-सौभाग्य की प्राप्ति के रोजाना 'ऊँ नम: शिवाय' मंत्र का करें जाप

सनातन धर्म में मंत्रोच्चार का अधिक महत्व माना जाता है। हिंदू धर्म और सनातन परंपरा में जितने भी मंत्र है, उन सभी का अपना माहत्व है। साथ ही इन मंत्रों के जाप से कई लाभ भी मिलते हैं। ऐसे में अगर आप भी भगवान शिव की कृपा व आशीर्वाद प्राप्त करना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि 'ऊँ नम: शिवाय' मंत्र का जाप करने से क्या लाभ मिलता है और इस मंत्र जाप का क्या महत्व होता है।

'ऊँ नम: शिवाय' मंत्र जाप का महत्व

भगवान भोलेनाथ के 'ऊँ नम: शिवाय' मंत्र को पंचाक्षर भी कहा जाता है। धार्मिक शास्त्रों के मुताबिक भगवान शिव के इस मंत्र में पंच तत्व समाहित हैं। इस मंत्र के प्रथम अक्षर यानी की 'ऊँ' से सूर्य का निर्माण हुआ है। वहीं ऊँ अक्षर भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है।

ऐसे में जब आप ऊँ कहते हैं, तो इससे महादेव के साथ ही सूर्य की भी आराधना हो जाती है। वहीं नम: शिवाय का अर्थ है कि भगवान भोलेनाथ के चरणों में नमन कर खुद का समर्पण दिखाना। इसलिए हमें रोजाना 'ऊँ नम: शिवाय' मंत्र का जाप करना चाहिए।

पंचाक्षर मंत्र जपने के लाभ

भगवान शिव के इस मंत्र जाप से व्यक्ति में तेज पैदा होता है। जातक का व्यवहार और उसका व्यक्तित्व उसे तेजस्वी और आकर्षक बनाता है। ऐसे में जो भी व्यक्ति 'ऊँ नम: शिवाय' मंत्र का रोजाना जाप करता है, उसके जीवन के सभी संकट दूर हो जाते हैं।

बताया जाता है कि 'ऊँ नम: शिवाय' मंत्र का रोजाना जाप करने से व्यक्ति पर भगवान शिव की कृपा बनी रहती है। व्यक्ति को भोलेनाथ का सानिध्य और आशीर्वाद प्राप्त होता है। भगवान भोलेनाथ खुद उस व्यक्ति की हर नकारात्मक चीज से रक्षा करते हैं और व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशियों का आगमन होता है।

रोजाना 'ऊँ नम: शिवाय' मंत्र जाप करने से महादेव की कृपा के साथ ही सूर्यदेव की कृपा भी प्राप्त होती है। बता दें कि सूर्य देव नव ग्रह के राजा माने जाते हैं। ऐसे में सूर्य देव के शांत होने से अन्य सभी ग्रह भी शांत हो जाते हैं।

THE PHOTON NEWS

09

www.thephotonnews.com

Friday, 08 March 2024

## बैन होगी ईवीएम.....सोशल मीडिया पर चल रहे फर्जी वीडियो

### –पीईबी ने किया साफ, ये सारे दावे गलत

नई दिल्ली। आम चुनाव को लेकर भारत निर्वाचन आयोग जल्द ही लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का ऐलान कर सकता है। इन तमाम चुनावी खबरों के बीच सोशल मीडिया पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन या ईवीएम को लेकर भी बड़े दावे हो रहे हैं। दावों में बताया जा रहा हैं देश में ईवीएम का इस्तेमाल बंद होने वाला है? इस रिपोर्ट में जानते हैं कि आखिर सच्चाई क्या है। दरअसल प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) की तरफ से हाल ही में वीडियो शेयरिंग प्लेटफॉर्म यूटूयूब पर कुछ खास चैनलों का जिक्र किया गया है। जिसमें ईवीएम को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि, पीईबी ने स्थिति साफ कर दी है। कुछ वीडियोज में दावा किया जा रहा है, देशभर में ईवीएम होगी बंद, आंदोलन से झुका चुनाव आयोग। एक अन्य वीडियो में कहा जा रहा है, सुप्रीम कोर्ट का आ रहा फैसला, बैलेट पेपर से ही होगा 2024 का चुनाव। पीईबी ने बताया है कि ये सभी दावे फर्जी हैं। चुनाव आयोग की तरफ से ईवीएम को बैन करने का फैसला नहीं लिया गया है। सुप्रीम कोर्ट और बैलेट पेपर से जुड़ी खबर को भी फर्जी बताया गया है। पीईबी का कहना है कि एक फर्जी वीडियो चलाया जा रहा है, जिसमें दावा किया गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने के निर्देश जारी किए हैं।

## अंकित सक्सेना हत्याकांड : तीनों दोषियों को उम्रकैद की सजा

नई दिल्ली। दिल्ली में वर्ष 2018 में हुए अंकित सक्सेना हत्याकांड मामले में तीस हजारी कोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। कोर्ट ने तीनों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने मामले में आरोपी मोहम्मद सलीम, अकबर अली और उसकी पत्नी शहनाज बेगम को आजीवन कैद की सजा सुनाई है। साथ ही तीनों दोषियों पर 50–50 हजार का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने कहा कि दोषियों की उम्र, आपराधिक रिकॉर्ड को देखकर मौत की सजा नहीं दी जा रही है। कोर्ट ने तीनों दोषियों पर जुर्माना भी लगाया है और जुर्माने की रकम अंकित के परिवार को दी जाएगी। अंकित दो आरोपियों अकबर अली और शहनाज बेगम की बेटी के साथ रिश्ते में था, जो कथित तौर पर इस रिश्ते के विरोधी थे, क्योंकि दोनों अलग–अलग धर्मों से थे। तीसरा आरोपी महिला का चाचा था। दरअसल 1 फरवरी 2018 को 23 वर्षीय फोटोग्राफर अंकित को उसकी 20 वर्षीय प्रेमिका के परिवार ने रघुबीर नगर में खुलेआम मार डाला था। पुलिस ने कहा था कि अंकित को अली, बेगम, उनके नाबालिग बेटे और उनके रिश्तेदार मोहम्मद सलीम ने 10–15 मिनट तक पीटा था। पुलिस ने कहा कि जब आरोपी अंकित के साथ बहस कर रहे थे, अंकित के माता–पिता और दोस्त उसके बचाव में आए, पर आरोपियों ने उसकी मां के साथ मारपीट की। पुलिस ने उन माता–पिता के बयानों पर संज्ञान लिया जिन्होंने आरोप लगाया था कि उनके बेटे को उनके सामने मार दिया गया था। उन्होंने उसे ई–रिक्शा में लेकर अस्पताल पहुंचे लेक?िन अंकित को मृत घोषित कर दिया गया। हत्या के तुरंत बाद महिला को नारी निकेतन भेजा गया क्योंकि महिला ने दावा किया था कि उसके परिवार वाले उसे भी मारने की कोशिश कर सकते हैं। इसके बाद में लड़की को उसकी मौसी के घर भेज दिया गया। उसके चाचा, माता–पिता और भाई को कुछ ही दिनों में पकड़ लिया गया था। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर की गवाही पर भरोसा करते हुए, अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में सक्षम था कि मौत 'तेज धार' वाले हथियार से हुई थी।

## आप नेता का आरोप, बांसुरी स्वराज ने ललित मोदी को भागने में मदद की

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) उम्मीदवार सोमनाथ भारती ने नई दिल्ली संसदीय सीट पर अपनी प्रतिद्वंद्वी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीद्वार बांसुरी स्वराज पर निशाना साधकर आरोप लगाया कि उन्होंने अदालतों में पूर्व इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) प्रमुख ललित मोदी का प्रतिनिधित्व कर उन्हें देश से भागने में मदद की। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने आप नेता भारती पर पलटवार कर कहा कि वे हताश और हतोत्साहित उम्मीदवार हैं, जो सिर्फ चुनावी मुकाबले में दिखने की कोशिश कर रहे हैं। भारती ने दावा किया कि बांसुरी ललित मोदी की वकील थीं। ललित मोदी पर भारत में वित्तीय अनियमितताओं के आरोपी हैं। बांसुरी स्वराज की उम्मीदवारी पर सवाल उठाते हुए आप नेता ने कहा कि यह बहुत चिंता की बात है कि भाजपा ने उस व्यक्ति को मैदान में उतारा है, जिसने भगौड़े आरोपी ललित मोदी की मदद की थी। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार से पांच सवाल पूछे कि क्या वह (बांसुरी स्वराज) ललित मोदी को एक ईमानदार व्यक्ति मानती हैं, क्या भाजपा ने उनसे उनकी मदद करने के लिए कहा था, क्या वह अभी भी उन्हें कानून के चंगुल से बाहर रहने में मदद कर रही हैं, और क्या ललित मोदी का बचाव करना देशद्रोह है। वहीं दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता कपूर ने कहा कि नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र के लोगों ने बांसुरी की जीत सुनिश्चित करने का मन बना लिया है और हताश भारती निराधार आरोप लगा रहे हैं। कपूर ने कहा ''भारती एक स्त्री द्वेषी मानसिकता वाला व्यक्ति है, जिसके खिलाफ महिला उत्पीड़न के कई आरोप दर्ज हैं, अपनी पार्टी के एक पार्षद द्वारा एक नाबालिग लड़की के उत्पीड़न पर उनकी चुप्पी उनके महिला विरोधी चरित्र को दर्शाती है।

## अमृतसर में बब्बर खालसा इंटरनेशनल के दो आंतकी गिरफ्तार

अमृतसर । पंजाब पुलिस ने खुफिया अभियान के दौरान बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) समर्थित आतंकी मॉड्यूल के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि मॉड्यूल का संचालन यूएसए स्थित हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासियन द्वारा हो रहा था, जो पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा का करीबी सहयोगी था, साथ ही उसका सहयोगी शमशेर सिंह उर्फ शेरा वर्तमान में आर्मेनिया में था। पुलिस ने उनके पास से दो पिस्तौल, चार मैगजीन और 30 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। जांच के अनुसार हैप्पी, रिंडा और शमशेर के साथ मिलकर राज्य में युवाओं को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए प्रेरित करके कट्टरपंथी बनाने का काम कर रहा था। स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी), अमृतसर में यूएपीए और आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

## उत्तर भारत में फिर पांव पसारने लगा कोरोना, चपेट में आए राजस्थान के मुख्यमंत्री

नई दिल्ली। समूची दुनिया में कोहराम मचाने वाला कोरोना एक बार फिर सिर उठाने लगा है। दिल्ली,यूपी,बिहार और राजस्थान में इसका असर दिखाई देने लगा है। राजस्थान में खुद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इसकी जद में आ गए हैं। दिल्ली में बुधवार को कोरोना के 63 नए मामले सामने आए हैं। बीते साल मई के बाद ऐसा पहली बार हुआ है, जब दिल्ली में एक ही दिन में कोरोना के इतने केस मिले हैं। दिल्ली के अलावा राजस्थान, यूपी और बिहार में भी कोरोना के केसों में तेजी देखी जा रही है। इसके चलते स्वास्थ्य विभाग की चिंताएं भी बढ़ी हैं। बड़ी बात यह है कि इस बार उत्तर भारत में केसों में इजाफा हो रहा है, जबकि दक्षिण में केस कम हुए हैं। इससे पहले दक्षिण के केरल, आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में ही केस ज्यादा पाए जा रहे थे। इससे पहले बीते साल मई में ही ऐसा हुआ था, जब कोरोना के केसों की संख्या 50 से अधिक थी। इस साल दिसंबर और जनवरी में भी कोरोना केसों में थोड़ा इजाफा हुआ था, लेकिन पहले के मुकाबले कम ही थे। पूरे देश में 30 दिसंबर को सबसे ज्यादा 841 कोरोना केस पाए गए थे। उस दौरान ज्यादातर केस केरल समेत दक्षिण भारत के राज्यों से ही आए थे। लेकिन अब दो महीने बाद उत्तर भारत में कोरोना सिर उठाता दिख रहा है। अब यूपी की बात करें तो पिछले 15 दिनों में 164 केस मिले हैं, लेकिन उससे पहले के दो सप्ताह में तो यह आंकड़ा 36 का ही था। इसी तरह बिहार में पिछले 15 दिनों में कोरोना केसों की संख्या 103 पाई गई है। दिल्ली में पिछले 15 दिनों में कोरोना के 459 केस पाए गए हैं। उससे पहले के 15 दिनों में यह आंकड़ा 191 का ही था। यही नहीं उससे भी पहले तो महज 91 मामले ही मिले थे। इस तरह मौसम के बदलाव के बीच कोरोना केसों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। अब राजस्थान की बात करें तो राज्य में बीते 15 दिनों में 226 मामले मिले हैं। वहीं इससे पहले 96 केस ही पाए गए थे। राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं। यह आंकड़ा बहुत ज्यादा नहीं है, लेकिन इस बीच टेस्टिंग भी कम ही हो रही है। ऐसे में यदि टेस्टिंग में इजाफा हुआ तो फिर संकट बड़ा हो सकता है।

# मोदी के दोस्त बने कश्मीर के नाजिम, सेल्फी शेयर की



**श्रीनगर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को कश्मीर दौरे पर पहुंचे हैं। पीएम मोदी ने इसी दौरान सोशल मीडिया पर एक सेल्फी शेयर करते हुए लिखा दोस्त नाजिम, अब यह तस्वीर चर्चा का विषय बन गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेट्फार्म एक्स पर गुरुवार को पुलवामा निवासी नाजिम के साथ एक सेल्फी साझा की है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने लिखा है, कि दोस्त नाजिम के साथ मेरी एक यादगार सेल्फी। मैं उनके अच्छे कार्यों से प्रभावित हुआ। उन्होंने मुलाकात के दौरान सेल्फी का अनुरोध किया। उनसे मिलकर प्रसन्नता हुई। उनके उज्जवल भविष्य के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं हैं।

यहां पीएम मोदी ने सेल्फी पोस्ट की वहां सवाल उठे कि आखिर नाजिम हैं कौन जिन्हें पीएम इतनी ज्यादा प्राथमिकता दे रहे हैं। यहां बताते चलें कि पीएम मोदी के साथ सेल्फी में दिख रहे नाजिम कोई और नहीं बल्कि विकसित भारत कार्यक्रम के एक लाभार्थी हैं और उन्होंने विकसित भारत विकसित जम्मू-कश्मीर कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी से वार्तालाप की है। नाजिम ने बातचीत के दौरान 2018 से शुरु की गई अपने शहद विक्रय की यात्रा का व्यौरा प्रस्तुत किया। नाजिम का कहना है कि जब वो 10वीं क्लास में पढ़ रहे थे तभी से उन्होंने मधुमक्खी पालन का कार्य शुरू किया। साल 2019 में नाजिम ने सरकार से सब्सिडी के साथ मधुमक्खियों के 25 बक्से हासिल किए थे। इसमें से नाजिम ने 75 किलो शहद निकाला और आस-पास के ग्रामीण इलाकों में उसे बेचने का काम किया। इससे उसने 60,000 हजार रुपये की कमाई की। अब नाजिम का यह कारोबार बढ़कर 25 बक्सों से 200 बक्सों तक पहुंच गया है।

पीएम मोदी के दोस्त बने नाजिम ने बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की मदद उन्होंने ली है। इस योजना के तहत 5 लाख रुपये मिले और फिर नाजिम ने 2020 में वेबसाइट शुरू कर शहद विक्रय का कार्य शुरु कर दिया। नाजिम के शहद को ब्रांड के तौर पर एक अलग पहचान मिली है, जिस कारण साल 2023 में पांच हजार किलो का शहद वह बेच पाया है। अब नाजिम के साथ करीब सौ लोग काम कर रहे है।

### कश्मीर की मीठी क्रांति का नेतृत्व किया

नाजिम से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने पूछा, कि जब छोटे थे, तब क्या बनना चाहते थे? इस पर नाजिम ने बताया कि उनके पैरेंट्स तो उन्हें डॉक्टर या इंजीनियर बनाना चाह रहे थे, लेकिन वह कुछ अलग करना चाहता था। इस पर पीएम मोदी ने कहा, कि आपके परिवार ने आपकी क्षमता को पहचाना और आप उनके अनुसार डॉक्टर बन सकते थे, लेकिन आपने उस रास्ते को नहीं चुना। आप ने ऐसा करके कश्मीर की मीठी क्रांति का नेतृत्व किया है। इसके लिए आपको बहुत-बहुत बधाई।

## मणिपुर में शांति बहाली के लिए बातचीत ही उपाय : रिजिजू

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मणिपुर में शांति बहाल करने के लिए बातचीत ही एकमात्र साधन है और सामान्य स्थिति में वापस लाने के लिए मोदी सरकार हर संभव प्रयास कर रही। रिजिजू ने जातीय संघर्ष के लिए मणिपुर उच्च न्यायालय के उस आदेश को जिम्मेदार ठहराया, जिसमें मैतेई लोगों को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की सिफारिश की गई थी। हिंसा ने अशांत राज्य में कम से कम 219 लोगों की जान ले ली है। रिजिजू ने कहा कि मणिपुर में समस्या केंद्र के खिलाफ विद्रोह नहीं है, बल्कि दो प्रमुख समूहों, मैतेई और कुकी के बीच जातीय संघर्ष है। साथ ही उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार का अपने तीसरे कार्यकाल में ध्यान भारत को उच्च आय श्रेणी में लाने पर होगा ताकि इस दुनिया के विकसित देशों में गिना जा सके। उन्होंने कहा कि भारत को दुनिया के विकसित देशों में शुमार करने के लिए प्रति व्यक्ति आय 18,000 अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता होगी और मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में देश को उच्च आय श्रेणी में लाने का प्रयास करेगी। रिजिजू ने पिछली कांग्रेस सरकारों पर शौचालय, लोगों के लिए बैंक खाते, खाद्य सुरक्षा जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा नहीं करने के लिए आलोचना की, जो अब मोदी सरकार द्वारा प्रदान की गई हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई मणिपुर में शांति बहाल करने में मदद करना चाहता है, तब पहले जाकर मेइतियों और कुकियों दोनों से अपील करें कि वे हथियार न उठाएं। सशस्त्र संघर्ष से कोई समाधान नहीं निकलेगा। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को सलाह दी कि वे इसतरह के प्रयास करना बंद कर दें जो उनकी क्षमताओं से परे हैं, क्योंकि उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस उनकी राजनीतिक पारी को फिर से शुरू करने के हर प्रयास में विफल रही है। रिजिजू ने कहा कि अगर उन्हें भी गांधी परिवार की तरह असफलताओं का सामना करना पड़ा होता, तब उन्होंने ऐसा कुछ करने की कोशिश में अपनी पार्टी और सहयोगियों का कीमती समय बर्बाद नहीं किया होता जो करने योग्य नहीं था।

# असम के सीएम सरमा और बदरुद्दीन अजमल के बीच तनातनी, एक दूसरे को दे रहे चुनौती

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के मुख्यमंत्री हेमंता विस्वा सरमा और ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) प्रमुख और लोकसभा सांसद बदरुद्दीन अजमल के बीच तनातनी चल रही है। एक दूसरे के खिलाफबयानबाजी के साथ ही एक दूसरे को चुनौती भी दे रहे हैं। सीएम सरमा ने कहा कि राज्य में जादुई उपचार नहीं चलेगा और एआईयूडीएफ चीफ बदरुद्दीन अजमल मानने को तैयार नहीं हैं वे लगातार नियमों को उल्लंघन कर रहे हैं ऐसे में उनकी गिरफ्तारी कभी भी हो सकती है।





सीएम के इस बयान पर अजमल भड़क गए उन्होंने भी कह दिया है कि रात दिन मियां मियां करना छोड़ दीजिए। जिस दिन मिया नहीं होगा उस दिन दो वक्त का खाना मिलना बंद हो जाएगा।

सांसद बदरुद्दीन अजमल ने कहा है कि 'मियां-मियां मत बोलो। मैं आपको चुनौती देता हूं, अगर मुसलमान नहीं होंगे तो आपको तीन दिन तक खाना नहीं मिलेगा, निर्माण कार्य रुक जाएंगे। आप मुसलमानों को 300 साल में भी बाहर नहीं कर पाओगे। बता दें कि इससे पहले असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने उन पर निशाना साधा था। उन्होंने बदरुद्दीन अजमल को चेतावनी दी कि वे राज्य में जादुई उपचार न करें, अन्यथा उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। बुधवार (6 मार्च) को असम के लखीमपुर जिले में कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा, 'बदरुद्दीन अजमल जादुई उपचार करते हैं, और उन्होंने अपनी सार्वजनिक बैठकों के दौरान भी अपनी चालें आजमाई। लेकिन असम विधानसभा ने एक विधेयक पारित किया है राज्य में जादुई उपचार पर प्रतिबंध लगाया है। जो कोई भी ऐसा करेगा उसे सलाखों के पीछे डाल दिया जाएगा।' सीएम सरमा ने यह भी कहा कि बदरुद्दीन अजमल अपनी बात का पालन नहीं कर सकते हैं, लेकिन एआईयूडीएफनेता को विधानसभा द्वारा पारित असम हीलिंग (प्रिवेंशन ऑफ इविल प्रैक्टिसेज बिल, 2024) का पालन करना चाहिए। बता दें कि असम सरकार ने हाल ही में संपन्न विधानसभा के बजट सत्र में विधेयक पारित किया जो चिकित्सा के नाम पर जादुई उपचार को गैरकानूनी घोषित करेगा और इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति के लिए कठोर दंड का सुझाव देगा।

## मध्य प्रदेश में सभी सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए बसपा ने ठोकी ताल, त्रिकोणिय मुकाबले की बढ़ी संभावना

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी बहुजन समाज पार्टी कर रही है। इसके लिए बसपा सुप्रीमो मायावती ने उम्मीदवारों की सूची मांगी है। यदि बसपा सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारती है तो कई सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय हो सकता है। इससे भाजपा और कांग्रेस के लिए एक नई चुनौती खड़ी हो सकती है।



सभी लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारने की तैयारी में पार्टी सुप्रीमो मायावती राज्य के पदाधिकारियों से चर्चा कर रही हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से मध्य प्रदेश की सभी सीटों पर उम्मीदवारों की लिस्ट मांगी है। इन उम्मीदवारों पर विचार विमर्श करने के बाद एक सप्ताह के अंदर ही बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर सकती है। मध्य प्रदेश में यूं तो लोकसभा के रण में बीजेपी और कांग्रेस के बीच ही मुख्य मुकाबला होता है, लेकिन बहुजन समाज पार्टी की एंट्री से इन दोनों ही पार्टियों के वोट में कटौती होने का खतरा बढ़ गया है। बता दें की समाजवादी पार्टी भी मध्य प्रदेश में उम्मीदवार उतारने वाली है। कांग्रेस के साथ गठबंधन के दौरान सपा ने मध्य प्रदेश की खजुराहो सीट से चुनाव लड़ने की पेशकश की थी, जिसे कांग्रेस ने मान लिया था। बहुजन समाज पार्टी ने हाल ही में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तेलंगाना में भी गठबंधन का ऐलान किया है। तेलंगानाम में मायावती की बीएसपी ने के चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति के साथ गठबंधन किया है। ये दोनों दल तेलंगाना में मिलकर उम्मीदवार उतारेंगे। वहीं उत्तर प्रदेश में भी बीएसपी सभी सीटों पर उम्मीदवार उतार सकती है।

## अब केजरीवाल के गले पड़ी एक नई मुसीबत, 16 मार्च को कोर्ट में होना पड़ेगा पेश



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के गले एक नई मुसीबत पड़ गई है। उन्हे 16 मार्च को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया गया है। दिल्ली के शराब घोटाला मामले मे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ की गई दूसरी शिकायत पर राऊज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को पेश होने का आदेश दिया है।दरअसल ईडी ने आबकारी नीति से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच में समन का पालन नहीं करने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने का अनुरोध करते हुए राउज एवेन्यू कोर्ट में नई शिकायत दर्ज कराई है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नई शिकायत धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 50 के तहत संघीय जांच एजेंसी द्वारा आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को भेजे गए समन संख्या 4 से 8 का पालन नहीं करने से जुड़ी है। ईडी ने इससे पहले भी राउज एवेन्यू कोर्ट में याचिका दायर कर सीएम केजरीवाल को जारी किए गए पहले तीन समन पर पेश नहीं होने के लिए उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की मांग की थी। यहां गौर करने वाली बात यह है कि ईडी की पहली शिकायत पर राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीएम केजरीवाल को 16 मार्च को समन किया था। वहीं इस दूसरी शिकायत पर भी कोर्ट ने सीएम केजरीवाल को उसी दिन पेशी के लिए बुलाया है। उधर सीएम केजरीवाल ने ईडी के इन सभी आठ समन्स को 'अवैध' बताया था और केंद्रीय एजेंसी को सूचित किया था कि उनसे 12 मार्च के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये पूछताछ की जा सकती है।

## चिराग पासवान को इंडिया अलायंस से मिला बड़ा ऑफर

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में सीट शेयरिंग की गुत्थी अभी सुलझी नहीं है। ऐसे में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष और जमुई से सांसद चिराग पासवान को इंडिया अलायंस की तरफ से बड़ा ऑफर मिला है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि चिराग को बिहार में आठ और पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में दो सीट का ऑफर इंडिया गठबंधन की तरफ से दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक चिराग पासवान को ऑफर की गई बिहार की आठ सीटों में वे सभी छह लोकसभा सीटें शामिल हैं, जिस पर 2019 के चुनावों में अविभाजित लोजपा ने जीत दर्ज की थी। इसके अलावा राज्य में दो अतिरिक्त सीट देने की भी बात कही गई है। इस तरह उन्हें कुल आठ सीटें देने का प्रस्ताव रखा गया है।



इंडिया गठबंधन की तरफ से दिया गया ऑफर चिराग पासवान के लिए बेहद लुभावना है क्योंकि भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए में उन्हें सिर्फ वही छह सीटें दी जा रही हैं, जो 2019 में पार्टी ने जीती थी। इनमें से पांच सीटें उनके चाचा पशुपति कुमार पारस के धड़े वाली राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के कब्जे में है, जिनसे उनका 36 का आंकड़ा है। इस तरह एनडीए की तरफ से चिराग को सिर्फ सीटिंग जमुई सीट ही मिल रही है, जबकि वह पिता रामविलास पासवान की परंपरिक सीट हाजीपुर समेत छह सीटों पर अपना दावा ठोक रहे हैं।चिराग पासवान खुद को मोदी का हनुमान कहते रहे हैं, जबकि 2020 के विधानसभा चुनावों से ही नीतीश कुमार के घोर विरोधी रहे हैं। अब इंडिया गठबंधन से नीतीश के निकलने के बाद उनके दुश्मन को दोस्त बनने का ऑफर दिया गया है। अगर चिराग ये ऑफर मान लेते हैं तो एनडीए को करीब 5 फीसदी वोट गंवाना पड़ सकता है। राज्य में पासवानों का करीब 5.5 फीसदी वोट है, जिसे चिराग पासवान के साथ माना जाता है। पीएम मोदी की हालिया दो सभाओं में चिराग पासवान शामिल नहीं हुए थे, जिससे उनके नाराज होने की चर्चा चल रही है।बता दें कि रामविलास पासवान के निधन के बाद 2021 में पार्टी विभाजित हो गई थी। उनके चाचा पशुपति कुमार पारस ने पांच सांसदों के साथ विद्रोह करते हुए पार्टी पर कब्जा कर लिया था। इस विद्रोह के कुछ दिनों बाद ही पारस को केंद्र सरकार में मंत्री बनाए जाने पर चिराग पासवान ने बिहार के मुख्यमंत्री और जेडीयू नेता नीतीश कुमार पर हमला बोला था। हालाँकि, उन्होंने भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधने से परहेज किया था।

## कोई सख्त कार्रवाई नहीं, एफआईआर मामले में अधीर रंजन को कलकत्ता हाई कोर्ट से राहत



कलकत्ता । अधीर रंजन चौधरी ने हाईकोर्ट में बचाव पक्ष दाखिल किया है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने अब अधीर के खिलाफ एफआईआर को सुरक्षा दे दी है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ मालदाहेर हरिश्चंद्रपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। उसी के आधार पर कोर्ट आज अपना फैसला सुनाएगी। फैसले में कहा गया है कि पुलिस उसके खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर सकेगी। मालदा के हरिश्चंद्रपुर थाने की एफआईआर की अंतिम रिपोर्ट पुलिस हाईकोर्ट की अनुमति के बिना नहीं दे सकती। अधीर रंजन चौधरी के खिलाफ पुलिस कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर सकती। इसके अलावा फैसले में कहा गया कि पुलिस 48 घंटे पहले सूचित करके वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और सांसदों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बात कर सकती है। इसके अलावा जस्टिस जॉय सेनगुप्ता ने इस मामले में पहले दिए गए धारा 41–ए के नोटिस को भी निलंबित करने का आदेश दिया है। राहुल गांधी के राज्य दौरे के दौरान उनके काफिले की एक कार का शीशा टूट गया। उस दौरे पर सांसद अधीर रंजन चौधरी थे। पुलिस के मुताबिक, उन्होंने वहां भड़काऊ भाषण दिया, जिससे कांग्रेस समर्थक भड़क गए। लेकिन अधीर के वकील का दावा है कि शीशा तोड़ने की घटना इस राज्य के बाहर हुई है। लेकिन पुलिस फर्जी मुकदमा दर्ज कर वरिष्ठ नेता को परेशान करने का प्रयास कर रही है। मामले की अगली सुनवाई अप्रैल के पहले सप्ताह में होनी है।

# योगी की राडार पर 13000 मदरसे, मौलाना ने कहा, अगर टेरर फंडिग के सबूत तब बंद करें

### –एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट यूपी सरकार को सौंपी

**बरेली (एजेंसी)।** यूपी की योगी सरकार द्वारा राज्य में मदरसों की जांच के लिए बनी एसआईटी की टीम ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है, जिसमें करीब 13000 मदरसों को बंद करने की सिफारिश की गई है। वहीं एसआईटी की सिफारिश पर प्रतिक्रिया देकर आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा, मदरसे धार्मिक शिक्षा का केंद्र है। यह संस्थाएं संविधान में दी गई इजाजत के अनुसार चलती हैं। (506) मदरसों को छोड़कर बाकी हज़ारों मदरसे मुस्लिम कौम के आपसी चंदे से चलते हैं, इनके संचालन और पढ़ाई लिखाई में हुकुमत कुछ भी मदद नहीं करती है, इसलिए मदरसों को बंद करने का आदेश देना उचित नहीं है।

मौलाना ने कहा, नेपाल-बार्डर पर सटे हुए विभिन्न जनपदों में स्थापित मदरसे कुछ नए नहीं हैं। बल्कि तीस चालीस साल पुराने बने हुए हैं, जब यह मदरसे बन रहे थे उस वक्त हुकूमत ने रोक क्यों नहीं लगाई। मान्यता की प्रक्रिया अपनाएं जाने के वक्त संबंधित अधिकारी पेपरों को चेक करते हैं। फिर मौका मुआयना करते हैं। लंबी प्रक्रिया के बाद के बाद मानता दी जाती है, अगर सरकार की नजर में यह मदरसे गलत हैं, तब मान्यता देने वाले अधिकारी भी गलत हैं।

मौलाना ने कहा कि जहां तक टेरर फंडिंग की बात है, यह जरूर चिंताजनक है। इस विषय पर किसी से समझौता नहीं किया जा सकता। जिन मदरसों की टेरर फंडिंग में लिप्त होने की बात कही जा रही है, योगी सरकार के पास अगर ठोस सुबूत हैं, तब इसतरह के मदरसों को जरूर बंद कर दिया जाना चाहिए।

मौलाना ने मदरसों के संचालकों व प्रबंधकों को कहा कि अपने मदरसे के तमाम कागजात दुरुस्त रखें, पैसों का लेन-देन बैंक अकाउंट व चेक से करें,चंदा लेने वाली रसीदों का रजिस्टर दुरुस्त रखें, सालाना इनकम टैक्स जमा करें, सालाना आमद व खर्च का बेवरा भी छापें और साथ ही अल्पसंख्यक विभाग या बेसिक शिक्षा विभाग से संबंध रखें ताकि लोग आपत्ति ना कर सके।



## पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल मुनीर ने पीएम शाहबाज शरीफ से की मुलाकात



लाहौर। पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से पहली बार मुलाकात कर पेशेवर और सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा की। पाकिस्तान की शक्तिशाली सेना ने शहबाज शरीफ को पद संभालने पर बधाई दी थी। सेना प्रमुख जनरल मुनीर ने इस्लामाबाद में प्रधानमंत्री आवास पर शहबाज को बधाई देने के लिए मुलाकात की और देश के 24वें मुख्य कार्यकारी के रूप में पदभार संभालने के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा जारी बयान के अनुसार, बैठक के दौरान, पाकिस्तानी सेना और सुरक्षा मामलों के पेशेवर मामलों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सहित अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर, सेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री को उनके पदभार ग्रहण करने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## चीन में मैग्लेव ट्रेन का सफल टेस्ट, 623 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ी ट्रेन



बीजिंग। चीन ने अब मैग्नेटिकली लैविटेटेड यानी मैग्लेव ट्रेन का सफल परीक्षण किया है। चाइना एयरोस्पेस साइंस एंड इंडस्ट्रीज कारपोरेशन के मुताबिक पिछले साल अक्टूबर माह में उन्होंने मैग्लेव ट्रेन का टेस्ट लिया था। इस दौरान इसकी स्पीड 623 किलोमीटर प्रति घंटा मापी गई थी। अब तक की सबसे तेज ट्रेन की रफ्तार का नया रिकॉर्ड अपने नाम किया है। उनका कहना है कि अब वह इस गति को 3 गुना ज्यादा बढ़ाने में लगे हुए हैं। चीन का सपना मैग्लेव ट्रेनों को हवाई जहाज की गति से भी तेज चलाने का है। इससे पहले सुपरकंडक्टिंग मैग्लेव तकनीक का 380 मीटर ट्रैक पर परीक्षण किया गया था। इस दौरान इसकी गति 145 मील प्रति घंटे यानी 234 किलोमीटर प्रति घंटे मापी गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक सीएएसआईसी ने अपने अगले चरण में ट्रेन की स्पीड को 621 मील प्रति घंटे यानी 1,000 किलोमीटर प्रति घंटे तक बढ़ाने का प्लान बनाया है। बता दें कि मैग्लेव ट्रेन इलेक्ट्रोमैग्नेटिक ऊर्जा की वजह से पटरी से कोई 10 मिलीमीटर ऊपर हवा में चलती हैं। रफ्तार को बढ़ाने के लिए ट्रेन को खास तरह से डिजाइन लो-वैक्यूम ट्यूब से गुजारा जाता है। सीएएसआईसी ने कहा है कि इस टेस्ट से साबित हो गया है कि व्हीकल ट्यूब और ट्रैक अच्छी तरह से एक साथ काम कर सकते हैं, जिससे भारी मैग्लेव व्हीकल लगातार ऊपर उठे रहते हैं।

## पाई पाई के लिए परेशान बांग्लादेश ने सऊदी अरब से लगाई मदद की गुहार



जद्दा। बांग्लादेश आर्थिक संकट से गुजर रहा है और आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार सऊदी अरब की ओर देख रही है। इसके अलावा हसन महमूद ने गाजा संकट पर जेद्दा में हुई ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कॉपरेशन की मीटिंग में भी हिस्सा लिया। इस बैठक में ओआईसी से जुड़े देशों के दर्जनों विदेश मंत्रियों ने हिस्सा लिया। सऊदी विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान से मुलाकात के बाद बांग्लादेश के विदेश मंत्री ने बैठक पर अपनी संतुष्टि जाहिर की और सऊदी से मदद की उम्मीद जताई। बीपीसी (बांग्लादेश पेट्रोलियम कार्पोरेशन) के डिप्टी मैनेजर ने मीडिया को बताया कि बांग्लादेश अपने घटते विदेशी मुद्रा भंडार की वजह से तेल की पेमेंट के लिए संघर्ष कर रहा है। ऐसे में सऊद अरब से मिला सहयोग मददगार साबित होगा। बांग्लादेश वर्तमान में सऊदी अरामको से लगभग 700,000 मीट्रिक टन कच्चे तेल का आयात करता है और अब तक जेद्दा स्थित इंटरनेशनल इस्लामिक ट्रेड फाइनेंस कॉरपोरेशन के फंड की मदद से सऊदी को समय पर भुगतान करने में कामयाब रहा है।

## मैक्सिको में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, 3 की मौत

मैक्सिको सिटी। मैक्सिकन नौसेना के हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन सदस्यों की मौत हो गई। नौसेना मंत्रालय ने कहा कि दुर्घटना लाजारो कर्डेनस बंदरगाह से 370 किमी दक्षिण पश्चिम में हुई। मंत्रालय ने कहा कि नौसेना का हेलीकॉप्टर फ्लाइट डेक से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया और अब तक दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। नौसेना ने कहा कि विमान में आठ नौसैनिक सवार थे, जिनमें से तीन को जीवित बचाया और उनका स्वास्थ्य स्थिर है। मैक्सिको के मुख्य बंदरगाहों में से एक, लाजारो कर्डेनस, मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़ी हिंसा से प्रभावित है।

## हूती विद्रोहियों के हमले से दो सदस्यों की मौत

लंदन। यमन के हूती विद्रोहियों ने अदन की खाड़ी में एक व्यापारिक जहाज पर मिसाइल से हमला किया, जिसमें चालक दल के दो सदस्यों की मौत हुई। गाजा में हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध छेड़ने के बाद यह हूती विद्रोहियों का पहला हमला है, जिसमें लोगों की जान गई है। हमला बारबाडोस के ध्वज वाले जहाज 'ट्रू कॉन्फिडेंस' पर हुआ। इस हमले के बाद एशिया और मध्य पूर्व को यूरोप से जोड़ने वाले महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग पर संघर्ष बढ़ गया है, जिससे जहाजों की वैश्विक आवाजाही बाधित हो गई है। इस बीच, ईरान ने घोषणा की कि वह अमेरिकी ऊर्जा कंपनी शेवरॉन कॉर्प को भेजे जा रहे पांच करोड़ डॉलर मूल्य के कुवैती कच्चे तेल को जब्त कर लेगा। यह कच्चा तेल उस टैंकर में है जिसे उसने करीब एक साल पहले जब्त किया था। अधिकारियों ने कहा कि अदन की खाड़ी में हमले में बारबाडोस के ध्वज वाले 'ट्रू कॉन्फिडेंस' नामक मालवाहक पोत को निशाना बनाया गया।

## 72 की उम्र में रेने लैंडर्स बनी बॉडीबिल्डर, लिया बिकनी प्रतियोगिता में भाग

टेक्सास। आमतौर पर लोग जहां 60 की उम्र में रिटायर होकर आराम की जिंदगी बसर करने लगते हैं। वहीं एक महिला ने दुनिया में एक अनोखी मिसाल रखी है। 72 साल की रेने लैंडर्स एक बॉडी बिल्डर हैं। वे कोई पेशेवर बॉडीबिल्डर नहीं है। आज वे बिकनी प्रतियोगिता में भाग लेती है, आर्नोल्ड श्वाजनेगर उनके आदर्श हैं। लेकिन इसमें हैरानी की बात यह है कि उनका बॉडी बिल्डिंग का शौक तब पनपा था जब उनकी उम्र 60 साल के पार हो चुकी थी। टेक्सास की रहने वाली ग्रैनी रेनी लैंडर्स हैं। एक समय था जब अधिक उम्र के कारण इन्हें चोट की वजह से सेहत संबंधी समस्याएं होने लगी थीं। ऐसा नहीं था इससे पहले लैंडर्स सक्रिय जीवन नहीं जी रही थीं, लेकिन इस घटना के बाद उनकी जिंदगी ही बदल गई थी।



उत्तर कोरिया में शीर्ष नेता किम जोंग उन सैनिकों के प्रशिक्षण के दौरान एक बंदुक को देखते हुए।

## बदल रहा भारत, हर दिन 28 किलोमीटर हाईवे बना रहा : जयशंकर


टोक्यो। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि जापान के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि आज के मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में भारत एक अलग तरह का देश है, जो तेजी से बदल रहा है। टोक्यो में पहले रायसीना गोलमेज सम्मेलन में विदेश मंत्री ने कहा भारत में हो रहा परिवर्तन अधिक प्रभावी और विश्वसनीय भागीदार बनाता है। उन्होंने कहा कि मैं सोचता हूं कि यह महत्वपूर्ण



हो जाता है कि जापान भारत में परिवर्तन की मौजूदा गति की सराहना करे। भारत आज वहां देश है, जो प्रतिदिन 28 किलोमीटर हाईवे का निर्माण कर रहा है, प्रतिवर्ष नए एयरपोर्ट का निर्माण कर रहा है, हर साल डेढ़ से दो मेट्रो का निर्माण कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में भारत ने प्रतिदिन दो नए कॉलेजों का निर्माण किया है और अपने तकनीकी और चिकित्सकीय संस्थानों की संख्या को दोगुना किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चाहे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस हो, बुनियादी ढांचे का विकास हो, ईज ऑफ लिविंग हो, डिजिटल डिलीवरी हो, स्टार्टअप हो और नवाचार संस्कृति हो, भारत विश्व में एक स्पष्ट रूप से एक अलग देश के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है और आज की तारीख में इसी बात को जापान को पहचानने की जरूरत है। विदेश मंत्री ने कहा, यह स्पष्ट रूप से एक कठिन कार्य है, लेकिन इसमें हमें दृढ़ रहना होगा जो एशिया में बहुध्रुवीयता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह हमारे सामान्य हित में भी है कि संतुलन बना रहे। उन्होंने कहा कि दुनिया अब अधिक अस्थिर, अनिश्चित, अप्रत्याशित और खुले विचारों वाली हो गई है, यह एक ऐसी संभावना है, जिसका भारत और जापान को राष्ट्रीय दृष्टिकोण के साथ-साथ अपने स्वयं के दृष्टिकोण से भी सामना करना होगा। जयशंकर तीन दिवसीय जापान यात्रा पर हैं। उम्मीद है कि दोनों मंत्री द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर चर्च करे और स्वतंत्र, खुले, समावेशी, शांतिपूर्ण और समृद्ध भारत-प्रशांत क्षेत्र के लिए सहयोग पर विचारों का आदान-प्रदान करे।

# चुनाव आयोग पर इमरान खान ने लगाए संगीन आरोप, जानें कैसे फॉर्म-45 से छेड़छाड़ कर हो गया बड़ा खेल

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) की वेबसाइट पर अपलोड किए गए फॉर्म-45 के साथ छेड़छाड़ की गई है। पीटीआई नेता तैमूर खान झागरा ने इस्लामाबाद में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ये टिप्पणी की। उनके साथ पीटीआई प्रमुख बैरिस्टर गौहर खान और पार्टी नेता बैरिस्टर सलमान अकरम राजा भी थे। उन्होंने कहा कि पीटीआई ने मतदान के दिन 90 प्रतिशत फॉर्म-45 प्राप्त कर लिए हैं और वे ईसीपी द्वारा कल अपलोड किए गए फॉर्म-45 से भिन्न थे। इससे ??साफ पता चलता है कि धांधली हुई है। इस अवसर पर बोलते हुए, बैरिस्टर गोहर ने कहा कि पार्टी के पास 8 फरवरी के चुनावों में धांधली के पर्याप्त सबूत हैं और पार्टी अदालत में सबूत दिखाएगी। पार्टी ने सोशल मीडिया पर अपनी वेबसाइट पर मनगढ़ंत फॉर्म 45 अपलोड करने के लिए पक्षपातपूर्ण और अत्यधिक विवादास्पद ईसीपी की आलोचना की।




एक्स पर एक थ्रेड पोस्ट में पार्टी ने ईसीपी के फॉर्मों के साथ प्रामाणिक फॉर्म 45 को सूचीबद्ध करते हुए कहा कि दुनिया को बता दें कि पाकिस्तान के पक्षपाती और अत्यधिक विवादास्पद चुनाव आयोग ने आम चुनाव 2024 के लगभग एक महीने बाद अपनी वेबसाइट पर मनगढ़ंत फॉर्म 45 अपलोड किया। बता दें कि फॉर्म 45 वे दस्तावेज हैं जिनमें प्रत्येक मतदान केंद्र का डेटा शामिल है। पीटीआई नामांकित उम्मीदवारों के पास मूल, हस्ताक्षरित फॉर्म 45 हैं, जो उन्हें चुनाव के दिन प्राप्त हुए थे। ईसीपी द्वारा फॉर्म 45 में छेड़छाड़, संपादन और जालसाजी, न केवल स्पष्ट रूप से स्पष्ट है, बल्कि पूरी तरह से अपमानजनक भी है।

पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए चुनाव में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 101 सीट पर जीत दर्ज की है। वहीं, तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) 75 सीट जीतकर तकनीकी रूप से संसद में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। बिलावल जरदारी भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) को 54 सीट मिलीं, जबकि विभाजन के दौरान भारत से आए उर्दू भाषी लोगों की मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) को 17 सीट मिली हैं। बाकी 12 सीट पर अन्य छोटे दलों ने जीत हासिल की।

## 45 साल बाद पूर्व प्रधानमंत्री भुट्टो की फांसी को गलत माना

### –सुप्रीम कोर्ट ने कहा, सुनवाई संविधान के अनुरूप नहीं हुई थी

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को 1979 में हत्या से जुड़े मामले में फांसी दी गई थी। लेकिन 45 साल बाद पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व पीएम भुट्टो की फांसी को लेकर बड़ी टिप्पणी दी है। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि पूर्व प्रधानमंत्री भुट्टो के खिलाफ चलाए गए मुकदमे में हुई सुनवाई संविधान के अनुरूप नहीं थी। पाकिस्तान के चीफ जस्टिस काजी फैज ईसा की अगुवाई में नौ जजों की पीठ ने ये टिप्पणी पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की ओर से दायर रिफरेंस पर की है।

दरअसल जरदारी ने दो अप्रैल 2011 को पाकिस्तानी संविधान के अनुच्छेद 189 के तहत पूर्व प्रधानमंत्री भुट्टो को दिए गए मृत्युदंड पर सुप्रीम कोर्ट की राय मांगी थी। जरदारी ने याचिका में कहा था कि 1979 के फैसले पर फिर से गौर होना चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि हमारे न्यायिक इतिहास में इसतरह के कुछ मामले हुए हैं, जिन्होंने आमजन में ऐसी धारणा बनी है कि डर से या फिर पक्षपात करने से न्याय प्रभावित होता है। जब तक हम अतीत में की गई अपनी गलतियों को स्वीकार नहीं करते, तब तक हम खुद में सुधार नहीं कर सकते। चीफ जस्टिस ने कहा कि इस रेफरेंस से सैन्य तानाशाह जनरल जिया उल हक के शासन में भुट्टो को मृत्युदंड दिए जाने के मामले पर फिर से



गौर करने का मौका मिला है।

वहीं पूर्व पीएम भुट्टो के पोते बिलावल भुट्टो जरदारी ने अदालत के फैसले को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा है कि 44 साल बाद देश की सुप्रीम कोर्ट के फैसले से देश को सही राह में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। 44 साल पुराने उस फैसले के दाग से इस मुल्क के लोगों को अदालत पर विश्वास करने में मुश्किल हुई। लोगों की धारणा रही कि अगर इस मुल्क के प्रधानमंत्री को न्याय नहीं मिला तब हमें कैसे मिलेगा।

### क्या है मामला?

पाकिस्तान में 1979 में पूर्व पीएम भुट्टो को हत्या के मामले में उकसाने के लिए दोषी मनाकर फांसी की सजा दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय बेंच के चार जजों ने लाहौर हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा था, जबकि तीन ने जुल्फिकार अली भुट्टो को आरोपों से बरी कर दिया था। उसके बाद 4 अप्रैल, 1979 को भुट्टो को फांसी दे दी गई थी। हालांकि, भुट्टो का परिवार आज भी न्याय की मांग कर रहा है। कई लोगों का मानना है कि यह तत्कालीन सैन्य तानाशाह जनरल हक के दबाव में लिया गया फैसला था, जिन्होंने 1977 में भुट्टो की सरकार को गिरा दिया था।

## आंतरिक मामले में दखल न दें, नहीं तो निष्कासित कर दिया जाएगा, अमेरिकी राजदूत को रूस का सख्त संदेशं

वॉशिंगटन। रूसी विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि उसने मॉस्को में अमेरिकी राजदूत लिन ट्रेसी को यह चेतावनी देने के लिए बुलाया था कि वह अपने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने वाले अमेरिकी राजनयिकों को निष्कासित कर देगी। मॉस्को ने 15-17 मार्च को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले चेतावनी जारी की, जिसमें 20 वर्षों से अधिक समय तक रूस के सर्वोपरि नेता राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अप्रत्याशित प्रगति के कारण जीत निश्चित है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वह चुनाव से संबंधित 'विध्वंसक कार्रवाइयों और सूचना के प्रसार' पर नजर रखेगा और क्रेमलिन यूक्रेन में अपने विशेष सैन्य अभियान को क्या कहता है। इसमें कहा गया है कि इस तरह के व्यवहार को दृढ़ता से और दृढ़ता से दबा दिया जाएगा, जिसमें ऐसे कार्यों में शामिल संयुक्त राज्य दूतावास के कर्मचारियों को 'पर्सोना नॉन ग्राटा' के रूप में निष्कासन भी शामिल है। विदेश मंत्रालय ने यह भी मांग की कि अमेरिकी दूतावास तीन अमेरिकी गैर-लाभकारी संस्थाओं का समर्थन करना बंद कर दे, जिनके बारे में उसने कहा था कि वे देश में रूसी विरोधी कार्यक्रम चला रहे थे, जिसका उद्देश्य 'शैक्षणिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान की आड़ में 'प्रभाव के एजेंटों' की भर्ती करना था।

## ट्रंप और बाइडन के बीच ही होगा मुकाबला

### –भारतवंशी निक्की हेली रेस से हुईं बाहर




**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में भारतीय मूल की पूर्व गवर्नर निक्की हेली अब राष्ट्रपति उम्मीदवार की दौड़ से बाहर हो गई हैं। दरअसल 'सुपर ट्यूजडे' को 15 राज्यों की पार्टी प्राइमरी में हार के बाद रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार निक्की हेली ने अपना प्रचार अभियान बुधवार को रोक दिया। ऐसे में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी हासिल करने की दौड़ में एकमात्र प्रमुख उम्मीदवार रह जाते हैं। इस प्रकार अब पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप और मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच राष्ट्रपति के लिए मुकाबला होना तय है।

सुपर ट्यूजडे की प्राइमरी के बाद ट्रंप (77) ने अपनी एकमात्र रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली (52) को काफी पीछे छोड़ते हुए मजबूत बढ़त बना ली। ट्रंप ने वर्मोंट प्रांत में जीत हासिल कर निक्की को पूर्ण बहुमत से दूर कर दिया। इसके साथ ही साउथ कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर हेली ने कहा, कि 'अब मेरा प्रचार अभियान रोकने का समय आ गया है। अमेरिकियों की आवाज सुनी जाए। इस पर मुझे कोई पछतावा नहीं है कि अब मैं उम्मीदवार नहीं रहूंगी, लेकिन मैं अपनी आवाज बुलंद करती रहूंगी, जिन पर मुझे विश्वास है। अब सवाल यह है कि क्या हेली ट्रंप का समर्थन करेंगी या नहीं करेंगी? इस बारे में हेली ने अंतिम निर्णय नहीं लिया है। उनके करीबी भी इस संबंध में अलग-अलग राय दे रहे हैं। कुछ का मानना है कि ट्रंप का समर्थन करना ही अच्छा होगा, क्योंकि ऐसा करके वो एक टीम के रूप में कार्य कर सकेंगी। कुछ लोग इस राय का तीव्र विरोध भी करते हैं।

# स्टेट ऑफ द यूनियन में बाइडेन का संबोधन, किन मुद्दों पर बोल सकते हैं अमेरिकी राष्ट्रपति?

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा आज रात 9 बजे ईटी में अपना तीसरा स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन देने की उम्मीद है। उम्मीद है कि यह न केवल दूसरे कार्यकाल के लिए उनकी मानसिक क्षमता को रेखांकित करने के लिए, बल्कि उनकी पुन~ चुनाव की बोली के लिए माहौल तैयार करने के लिए भी एक महत्वपूर्ण क्षण होगा। संयुक्त राज्य के सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति आज रात वाशिंगटन डीसी में यूएस कैपिटल में बोलने वाले हैं। इसे कांग्रेस के संयुक्त सत्र में पेश किया जाएगा, जिसमें सीनेट और प्रतिनिधि सभा दोनों उपस्थित होंगे। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और हाउस स्पीकर माइक जॉनसन बिडेन के पीछे बैठे होंगे और राष्ट्रपति के कैबिनेट और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश भी मौजूद हो सकते हैं।



जैसा कि प्रथागत है, विरोधी राजनीतिक दल संघ के राष्ट्रपति के राज्य का खंडन करता है। इस वर्ष अलबामा की सीनेटर केटी ब्रिट देश के भविष्य के लिए पार्टी के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए रिपब्लिकन खंडन प्रदान करेंगी। इस साल के संबोधन का महत्व और भी बढ़ गया है क्योंकि दूसरे कार्यकाल के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा के बाद से यह बिडेन का पहला संबोधन है। यह देश को चलाने की उनकी मानसिक क्षमता को लेकर बढ़ती आलोचना और चिंता के बीच भी आया है। उम्मीद है कि वह अपने काम के प्रदर्शन के बारे में मतदाताओं की चिंताओं को दूर करने की कोशिश करेंगे और डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ चुनावी मैदान में उतरेंगे। बाइडेन उन प्रमुख मुद्दों को संबोधित कर सकते हैं जिन्होंने उनके राष्ट्रपति पद को परिभाषित किया है, जिसमें अमेरिकी लोकतंत्र का भविष्य, यूक्रेन और इज़राइल जैसे विदेशी सहयोगियों के लिए समर्थन और यूएस-मेक्सिको सीमा पर प्रवासन जैसी चुनौतियां शामिल हैं। इसके अलावा, उनसे वाशिंगटन, डीसी में राजनीतिक पक्षपात को पाटने के प्रयासों पर जोर देने की उम्मीद है।

# पाकिस्तान का विदेशी ऋण पहली छमाही में 1.2 अरब डॉलर बढ़ा

**इस्लामाबाद। (एजेंसी)।** नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान का विदेशी सार्वजनिक ऋण पिछले साल अप्रैल-सितंबर की अवधि में 1.2 अरब डॉलर बढ़कर 86.35 अरब डॉलर से अधिक हो गया जिसमें विश्व बैंक और चीन की सबसे बड़ी हिस्सेदारी रही। आर्थिक मामलों के मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष के लिए विदेशी आर्थिक मदद पर जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। इसके मुताबिक, पाकिस्तान को जुलाई-सितंबर, 2023 में 1.5 अरब डॉलर के ऋण भुगतान के मुकाबले 3.5 अरब डॉलर का कुल विदेशी धन मिला जिससे शुद्ध प्रवाह 1.97 अरब डॉलर का रहा। इसके साथ सितंबर, 2023 तक पाकिस्तान सरकार का कुल बाहरी सार्वजनिक ऋण बढ़कर 86.35 अरब डॉलर हो गया।

मंत्रालय के हवाले से समाचारपत्र 'द डॉन' में बृहस्पतिवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक, कुल बाहरी सार्वजनिक ऋण का लगभग 64 प्रतिशत रियायती शर्तों और लंबी परिपक्वता अवधि वाले बहुपक्षीय और द्विपक्षीय स्रोतों से मिला था। पाकिस्तान पर मार्च, 2023 तक बाह्य सार्वजनिक ऋण 85.18 अरब डॉलर था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान ने वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में 64.2 करोड़ डॉलर के नए ऋण समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे और सभी नई प्रतिबद्धताओं को बहुपक्षीय विकास भागीदारों द्वारा वित्तपोषित किया गया था। पाकिस्तान को कर्ज देने वाले बहुपक्षीय संस्थानों में विश्व बैंक 30.6 करोड़ डॉलर के साथ सबसे आगे रहा जबकि चीन 50.9 करोड़ डॉलर के साथ अग्रणी द्विपक्षीय ऋणदाता बनकर उभरा।





## नडाल इंडियन वेल्स से हटे

**इंडियन वेल्स ।**

विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी स्पेन के राफेल नडाल बीएनपी परिबास ओपन टेनिस से हट गये हैं। नडाल ने टूर्नामेंट की शुरुआत से एक दिन पहले अपना नाम वापस ले लिया। नडाल अगर इस मुकाबले में खेलते तो यह उनका दो महीने में पहला आधिकारिक मैच होता। 22 बार के विजेता नडाल ने कहा कि उनके लिए टूर्नामेंट से बाहर होने की घोषणा करना कठिन था। एक बयान में नडाल ने कहा, 'यह आसान फैसला नहीं है, यह बेहद कठिन है पर मैं स्वयं से और अपने प्रशंसकों से झूठ नहीं बोल सकता। उन्होंने कहा, 'मैं कड़ी मेहनत और अभ्यास कर रहा हूं। आप सभी जानते हैं कि इस सप्ताहांत मैंने अपनी फिटनेस को जांच तो वह एक अहम मुकाबले में खेलने के स्तर की नहीं थी।

# अश्विन 100 टेस्ट मैच खेलने वाले विशिष्ट क्लब में शामिल हुए

**धर्मशाला ।**

भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने आज यहां इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए मैदान में उतरते ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली। अश्विन इसी के साथ ही 100 टेस्ट मैच खेलने वाले भारतीय खिलाड़ियों के एक विशिष्ट क्लब में शामिल हो गये। अश्विन 100 टेस्ट मैच खेलने वाले 14 वें भारतीय खिलाड़ी हैं। इस अवसर पर उनका परिवार भी स्टेडियम में मौजूद था। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अश्विन को 100वें टेस्ट पर कैप प्रदान करने के साथ ही पूरी टीम और अश्विन के परिवार के साथ इस विशेष पल का जश्न मनाया। अश्विन ने पहले भारत की ओर से सचिन तेंदुलकर (200), राहुल द्रविड़ (163), वीवीएस लक्ष्मण (134), अनिल कुंबले (132), कपिल देव (131), सुनील गावस्कर 125, दिलीप वेंगसरकर (116), सौरव गांगुली (113), विराट कोहली (113), इशांत शर्मा (105), हरभजन सिंह (103) और चेतेश्वर पुजारा (103) ने ही 100 टेस्ट खेले हैं। अश्विन ने 99 टेस्ट में 507 विकेट, 116 एकदिवसीय में 156 विकेट और 65 टी20में 72 विकेट लिए हैं। टेस्ट में उनका औसत 23.91 है, जबकि उन्होंने 35 बार पांच विकेट और आठ बार 10 विकेट लिय हैं। अश्विन ने साल 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और तब से वह भारतीय टेस्ट टीम के प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं, खासकर घरेलू मैदान पर। वह कुंबले की जगह पर घरेलू टेस्ट में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं। इस टेस्ट सीरीज में उन्होंने घरेलू टेस्ट में 350 से अधिक विकेट का आंकड़ा भी अपने नाम किया है। राजकोट में अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट का आंकड़ा पार किया और कुंबले के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे भारतीय बने।



संक्षिप्त समाचार




## धोनी के ऑटोग्राफ वाली टी शर्ट मैंने संभाल के रखी है : गावस्कर

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि महेन्द्र सिंह धोनी के ऑटोग्राफ (हस्ताक्षर) वाली टीशर्ट आज भी उनके घर पर रखी हुई है। गावस्कर ने धोनी की प्रशंसा करते हुए कहा वह उनके प्रशंसक के तौर पर मिले थे। इस दौरान धोनी से मिली ऑटोग्राफ वाली टी शर्ट आज भी उन्होंने संभाल कर रखी है। मैदान के अंदर और बाहर धोनी के अनुकरणीय व्यवहार पर गावस्कर ने खेल में रोल मॉडल के महत्व पर जोर दिया और धोनी की शालीनता और ईमानदारी की सराहना की। गावस्कर ने कहा कि वह हमेशा से ही धोनी के प्रशंसक रहे हैं और उन्हें अपनी उस टी शर्ट पर गर्व है जिस पर पिछले साल के आईपीएल में उनके हस्ताक्षर थे। ये ऑटोग्राफ वाली टी शर्ट उन्हें पिछले साल धोनी ने दी थी। उन्होंने कहा, 'जब मैंने धोनी को पहली बार खेलते देखा है, तब से ही मैं उनका प्रशंसक हूं और एक प्रशंसक क्या चाहता है। प्रशंसक अपने नायक से मिलना चाहता है और उसके साथ बातचीत करना चाहता है, उसका ऑटोग्राफ लेने की कोशिश करना चाहता है। मैं उनके क्रिकेट, उनके रवैये की प्रशंसा करता हूं। गावस्कर ने कहा, जब आप एक रोल मॉडल होते हैं तो आपके ऊपर सभी के साथ अच्छा व्यवहार करने और एक अच्छा रोल मॉडल बनने की जिम्मेदारी होती है। इस दौरान देखा जाता है कि आप किस तरह से अपने को शालीनता के साथ संचालित करते हैं।

## शाहीन पीएसएल में सबसे तेजी से 100 विकेट लेने वाले गेंदबाज बने

**लाहौर ।** लाहौर कलंदर्स के कप्तान शाहीन अफरीदी ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के 23 वें मैच में सबसे तेज 100 विकेट लेने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। ये मुकाबला लाहौर कलंदर्स और इस्लामाबाद यूनाइटेड के बीच खेला गया। शाहीन ने इस मुकाबले में 2 विकेट लेने के साथ ही एक विशेषसूची में भी जगह बना ली है। वह पीएसएल में 100 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज भी बन गए हैं। इससे पहले अब तक केवल दो गेंदबाजों ने ही पीएसएल में 100 विकेट लिए हैं। शाहीन ने इस्लामाबाद यूनाइटेड के खिलाफ मैच में कुल 2 विकेट लिए। उन्होंने पहले एलेक्स हेल्स और उसके बाद नसीम शाह को पेवेलियन भेजा। इसके साथ ही वह पीएसएल में 100 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज भी बन गये। इससे पहले वहाब रियाज और हसन अली के नाम ही पीएसएल में 100 विकेट हैं। वहाब ने अब तक 88 मैचों में कुल 113 विकेट जबकि हसन ने 79 मैचों में 107 विकेट लिए हैं। शाहीन ने पीएसएल में डेब्यू साल 2018 में किया था। शुरू से ही वो लाहौर कलंदर्स में रहे हैं। पाकिस्तान के शादाब खान ने 79 मैचों में 87 विकेट जबकि फहीम असरफ ने 73 विकेट लिए हैं और वह भी आने वाले समय में 100 विकेट तक पहुंच सकते हैं।

# इंग्लैंड को 218 पर समेटने के बाद भारतीय टीम ने एक विकेट पर 135 रन बनाये

### कुलदीप , अश्विन की शानदार गेंदबाजी



**धर्मशाला ।**

भारत ने इंग्लैंड के साथ आज धर्मशाला में शुरु हुए पांचवे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में अच्छा प्रदर्शन करते पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपनी पहली पारी में एक विकेट पर 135 रन बना लिए थे। दिन का खेल समाप्त होने के समय रोहित शर्मा 52 के साथ शुभमन गिल 26 रन बनाकर खेल रहे थे। आउट होने वाले एकमात्र बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल रहे। यशस्वी ने 57 रन बनाये। इससे पहले कुलदीप यादव और आर अश्विन की शानदार गेंदबाजी से भारतीय टीम ने इंग्लैंड को पहली पारी में 218 रनों पर ही समेट दिया था। इस प्रकार भारतीय टीम अब पहली पारी के आधार पर 83 रन ही पीछे है और उसने मैच पर अपना शिकंजा कस दिया है। इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया जो गलत साबित हुआ। उसके बल्लेबाज कुलदीप यादव 72 रन देकर पांच विकेट और आर अश्विन 51 रन देकर चार विकेट की शानदार गेंदबाजी के सामने टिक नहीं पाये। इंग्लैंड की तरफ से केवल जैक क्रॉली ही भारतीय गेंदबाजों का सामना कर पाये। उन्होंने 108 गेंदों पर 11 चौकों और एक छक्के की मदद से 79 रन बनाए। इस मैच में भारत की ओर से देवदत्त पडिक्कल ने अपना टेस्ट डेब्यू किया। उन्हें रजत पाटीदार की जगह शामिल किया गया। इसके अलावा युवा तेज गेंदबाज आकाशदीप की जगह अनुभवी जसप्रीत बुमराह की टीम में वापसी हुई है। बुमराह को पिछले मैच में आराम दिया गया था। वहीं घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले देवदत्त पड्डिकल ने डेब्यू किया है। इसी के साथ ही टेस्ट में भारत के लिए खेलने वाले वह 314वें खिलाड़ी बन गए हैं। वहीं इंग्लैंड ने पहले ही अपनी अंतिम ग्यारह की घोषणा कर दी थी। इंग्लैंड की अंतिम ग्यारह में तेज गेंदबाज मार्क वुड की वापसी हुई जबकि ओली रॉबिन्सन को बाहर रखा गया है। स्पिनर शोएब बशीर भी टीम में बने हुए हैं। इस मैच में भारत के अश्विन और इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो ने अपना 100 टेस्ट खेलकर एक अहम उपलब्धि भी हासिल की। इस मैच में बारिश की भी आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार दूसरे, तीसरे और चौथे दिन धूप रहेगी पर 11 मार्च को फिर से बारिश होने की संभावना है। धर्मशाला की पिच पहले दो दिनों तक बल्लेबाजों की सहायक जबकि इसके बाद गेंदबाजों के अनुकूल हो सकती है।

## गुजरात जायंट्स ने महिला प्रीमियर लीग में आरसीबी को 19 रनों से हराया



**बेंगलुरु ।**

लौरा वोल्वार्ड्ट और बेथ मूनी के अर्धशतकों की सहायता से गुजरात जायंट्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 19 रनों से हरा दिया। इस मैच में पहले खेलते हुए गुजरात ने निर्धारित 20 ओवरों में 199 रन बनाए थे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की टीम 180 रन ही बना पायी। आरसीबी की ओर से कप्तान स्मृति मंधाना ने 24, एलिसा पेरी ने 24, सोफिया डिवाइन 23 रन ही बना पायीं। जॉर्जिया वेरहेम ने सबसे ज्यादा 48 रन बनाये।आरसीबी की यह लीग में तीसरी हार है और वह अंक तालिका में फिसलकर दूसरे नंबर पर पहुंच गयी है। । इससे पहले गुजरात की शुरूआत अच्छी रही थी। वोल्वार्ड्ट और मूनी ने आरसीबी ने तेजी से रन बनाये। वोल्वार्ड्ट ने 45 गेंदों पर 76 रन बनाए।

इसके बाद मूनी ने 85 रन बनाए। फोएबे लिचफील्ड ने तेजी से 18 रन बनाए जबकि एशले गार्डनर पहली ही गेंद पर पेवेलियन लौट गयीं। दयालन हेमलता ने सिर्फ 1 रन बनाया। मूनी ने इसके बाद पारी को 199 तक ले गई।

वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। मेघाना 13 गेंदों पर 4 ही रन बना पाई लेकिन कप्तान स्मृति मंधाना ने 16 गेंदों पर 24 रन बनाकर स्कोर आगे बढ़ाया। एलिसा पेरी ने 23 गेंदों पर 24 तो सोफिया डिवाइन ने 16 गेंदों पर दो छक्कों की मदद से 23 रन बनाए। मध्यक्रम में ऋचा घोष ने 21 गेंदों पर 30 तो जॉर्जिया वेरहेम ने 22 गेंदों पर 6 चौके और 2 छक्कों की मदद से 48 रन बनाए पर इनके आउट होते ही टीम ढ़ह गयी।

गुजरात की ओर से गेंदबाजी करते हुए एशले गार्डनर ने 23 रन देकर 2 विकेट लीं।

## अंतिम बार आईपीएल खेलने उतरेंगे कार्तिक

**मुम्बई ।**

भारतीय टीम के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज बल्लेबाज दिनेश कार्तिक आईपीएल 2024 सत्र के बाद इस लीग से संन्यास ले लेंगे।

कार्तिक 22 मार्च से शुरू होने वाले इस सत्र के लिए अभी तैयारियां कर रहे हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की ओर से खेलने वाले 38 साल के कार्तिक ने साल 2008 से ही आईपीएल के सभी 16 सत्र खेले हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये उनका अंतिम आईपीएल होगा। कार्तिक आईपीएल के सबसे अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाजों में से एक हैं। उन्होंने अब तक इस लीग में छह टीमों की ओर से खेल है। उनकी कप्तानी में साल 2018 में नाइट राइडर्स की टीम आईपीएल प्लेऑफ में पहुंची और टीम 2019 में अंक तालिका में पांचवें स्थान पर रही। फिनिशर की भूमिका निभाते हुए उन्होंने आरसीबी के लिए 2022 में शानदार प्रदर्शन किया। कार्तिक ने 2022 में 16 मैच में 55 की औसत और 183.33 के स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए और टीम को प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। इस प्रदर्शन के आधार पर कार्तिक को ऑस्ट्रेलिया में आयोजित आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 के लिए भारतीय टीम में जगह भी मिली थी। विराट कोहली की कप्तानी वाली भारतीय टीम तब सेमीफाइनल में हारकर बाहर हो गई। इसके बाद कार्तिक ने एक कमेंटेटर के तौर पर भूमिका निभानी शुरु कर दी। इस खिलाड़ी ने अंतरराष्ट्रीय करियर में भी अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि उनके दौरान में टीम के पास विकेट कीपर बल्लेबाज के तौर पर महेंद्र सिंह धोनी जैसा खिलाड़ी था।

कार्तिक ने 242 आईपीएल मैच में 25.81 की औसत और 132.71 के स्ट्राइक रेट से 20 अर्धशतक की मदद से 4516 रन बनाए हैं। उन्होंने 141 कैच लेने के अलावा 36 स्टंपिंग भी की हैं।

## पणिकल भारत की ओर से टेस्ट डेब्यू करने वाले 314वें खिलाड़ी बने

**धर्मशाला ।**



24 साल के बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज देवदत्त पणिकल ने आज इंग्लैंड के खिलाफ यहां शुरु हुए पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में डेब्यू किया। उन्हें बल्लेबाज रजत पाटीदार की जगह शामिल किया गया था। पाटीदार पिछले तीन मैचों में रन बनाने में विफल रहे जिससे पणिकल को डेब्यू का अवसर मिला। पणिकर भारत की ओर टेस्ट खेलने वाले 314वें खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें कोच राहुल द्रविड़ ने टेस्ट कैप दी। पणिकर को घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। इसके अलावा आईपीएल में भी उनका प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। पणिकर ने 2024 रणजी ट्रॉफी सीजन में 92.66 के शानदार औसत से 556 रन बनाकर अपनी टेस्ट दावेदारी पेश की थी। उन्होंने 3 शतकों के साथ उल्लेखनीय निरंतरता का प्रदर्शन किया, जिसमें 193 रन उनका सबसे अधिक स्कोर रहा। पडिक्कल ने 2024 रणजी ट्रॉफी की शुरुआत पंजाब के खिलाफ 193 रन के साथ की, इसके बाद लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहे। 103 और 151 का स्कोर भी किया। पडिक्कल को की उम्र में टेस्ट डेब्यू का मौका मिला, इसके पहले उन्होंने साल 2021 में ही टी-20 डेब्यू किया था। 17 साल की उम्र में उन्होंने कर्नाटक प्रीमियर लीग (केपीएल) में बेंगलुरु ब्लास्टर्स के खिलाफ सिर्फ 53 गेंदों पर 72 रन बनाकर पहली बार सभी का ध्यान खींचा था। इस बल्लेबाज ने कूच बिहार ट्रॉफी में 829 रन बनाकर कर्नाटक रणजी ट्रॉफी टीम में जगह हासिल की। आईपीएल में आरसीबी की और से साल 2020 और 2021 के सत्र में 473 और 411 रन बनाए।

# इंडिया के पदक विजेताओं को सरकारी नौकरी देना सही नहीं : तेजस्विन खेलो

**नई दिल्ली ।**

ऊंची कूद के शीर्ष खिलाड़ी तेजस्विन शंकर ने खेलो इंडिया के पदक विजेताओं को सरकारी नौकरियों दिये जाने का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि खेल मंत्रालय के इस कदम से खिलाड़ी नौकरी के लिए गलत तरीके अपना सकते हैं क्योंकि यह नीति लगातार अच्छे प्रदर्शन की जगह एकल उपलब्धि को देखती है। इससे पहले खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने गत दिवस कहा था कि खेलो इंडिया , पैरा और शीतकालीन खेल के पदक विजेता भी सरकारी नौकरियों पा सकेंगे। वहीं राष्ट्रमंडल खेल 2022 में ऊंची कूद में कांस्य और पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में डेकाथलन में रजत पदक जीतने वाले तेजस्विन इस फैसले को सही नहीं मानते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'अगर हम एक खेल महाशक्ति बनना चाहते हैं तो हम युवाओं और जूनियर खिलाड़ियों को खेल कोटा के तहत नौकरियां देने को सामान्य नहीं बना सकते। इसके लिए एक मानदंड होना चाहिए, जैसे राष्ट्रीय स्तर पर तीन साल तक लगातार पदक जीतना या राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष आठ में पांच साल रहना आदि। इस खिलाड़ी ने कहा, '...जब सरकारी नौकरी की बात हो तो अनुचित साधनों का सहारा लेने के लिए प्रोत्साहन वास्तव में बहुत अधिक है और आपको राष्ट्रीय स्तर पर आयु समूह स्तर पर एक बार पदक जीतना है जबकि हमें प्रदर्शन में निरंतरता को पुरस्कृत करना चाहिये। हालाकि उन्होंने उम्मीदवारों द्वारा अपनाए जाने वाले अनुचित साधनों की सटीक प्रकृति के बारे में कुछ नहीं कहा। वहीं खेल मंत्रालय का मानना है कि इस कदम का उद्देश्य जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को निखारना और खेल को एक आकर्षक तथा व्यावहारिक करियर विकल्प में बदलना है। तेजस्विन ने कहा कि खेलो इंडिया एक 'शानदार पहल है लेकिन नौकरी के अवसर देना उसके लक्ष्य को पूरा नहीं करता है। उन्होंने कहा, 'खेलो इंडिया जागरूकता बढ़ाने, प्रतिभा की खोज करने, रुचि विकसित करने, खेल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने आदि का एक शानदार अवसर है, यानी सच्चा जमीनी स्तर का विकास जो एक स्वागत योग्य कदम है पर नौकरियां इसमें फिट नहीं होती। तेजस्विन ने कहा, 'असली लक्ष्य राष्ट्रीय स्कूल, अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों, खेलो इंडिया, जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप, सीबीएसई राष्ट्रीय चैंपियनशिप, केवीएस राष्ट्रीय चैंपियनशिप, अंडर 14-16 राज्य स्तर आदि का आयोजन करने वाली संस्थाओं के बीच तालमेल बैठाने का होना चाहिये।




## राहुल आईपीएल से वापसी करेंगे , एनसीए में अपने प्रशिक्षण की तस्वीरें साझा कीं

**बेंगलुरु ।**

भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज के एल राहुल ने सर्जरी के बाद बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपने प्रशिक्षण की तस्वीरें साझा की हैं। इस प्रकार राहुल ने 22 मार्च से होने वाले आईपीएल से अपनी वापसी के संकेत दिये हैं। आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी करने वाले राहुल ने सोशल मीडिया पर 'हाय कैप्शन के साथ अपने अभ्यास की तस्वीरें साझा कीं हैं। लखनऊ की टीम 24 मार्च को जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ वापसी करेगी। राहुल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में भारतीय टीम में बतौर विकेटकीपर-बल्लेबाज वापसी कर सकते हैं। राहुल इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में जांध में हुए खिंचाव के बाद से ही टीम से बाहर हैं। हैदराबाद टेस्ट में 86 और 22 रन बनाने वाले राहुल को शुरुआत में विशापत्तनम में सीरीज के दूसरे मैच से बाहर किया गया था। वह इसके बाद से ही टीम से बाहर हैं हालांकि तीसरे से 5वें टेस्ट के लिए टीम में उनका नाम शामिल था पर फिटनेस हासिल करने में विफल रहने के कारण वह सीरीज से बाहर हो गये थे।



## बेयरस्टो 100 टेस्ट खेलने वाले इंग्लैंड के 17 वें खिलाड़ी बने

**धर्मशाला ।**

इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो भारतीय टीम के खिलाफ यहां पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच की शुरुआत के साथ 100 टेस्ट मैच खेलने वाले इंग्लेड के 17 वें खिलाड़ी बन गये। इस अवसर पर बेयरस्टो ने कहा कि कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि तक पहुंचना उनके लिए बहुत मायने रखता है क्योंकि इस बीच उन्हें कई कड़ी चुनौतियों से गुजरना पड़ा। बेयरस्टो ने कहा,''यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। कोई भी क्रिकेटर अपने करियर में 100 टेस्ट मैच खेलना चाहता है। मैंने 2012 में लॉर्ड्स में पदार्पण किया था और अगर 12 साल बाद मैं 100 टेस्ट मैच खेल रहा हूं। यह बेहद खुशी का पल है।बेयरस्टो ने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना 100वां मैच भी धर्मशाला में ही खेला था। उन्होंने इस मैच स्थल के बारे में कहा,''केपटाउन मेरा पसंदीदा मैदान है लेकिन मुझे नहीं लगता कि विश्व में धर्मशाला से खूबसूरत कोई और मैदान है। धर्मशाला टेस्ट से पहले बेयरस्टो ने 132 शतक और 26 अर्धशतक लगाते हुए 36.42 की औसत से 5,974 रन बनाए हैं।





## मडगांव एक्सप्रेस में पहली बार कॉमेडी किरदार में नजर आएंगे प्रतीक गांधी

अभिनेता से निर्देशक बने कुणाल खेमू की फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का ट्रेलर आज मंगलवार को मुंबई में लॉन्च हुआ। इस फिल्म की कहानी भी खुद कुणाल खेमू ने ही लिखी है। कुणाल खेमू ने बताया कि इस फिल्म की कहानी वह पहले अपने लिख रहे थे, लेकिन जब उन्होंने इस फिल्म को निर्देशित करने की सोची तो उन्होंने इस फिल्म में एक्टिंग करने के बारे में नहीं सोची। क्योंकि दोनों जिम्मेदारी एक साथ निभाना उनके लिए बहुत मुश्किल था। अभिनेता प्रतीक गांधी फिल्म में पहली बार कॉमेडी किरदार में नजर आएंगे। प्रतीक गांधी ने कहा, कॉमेडी करना बहुत कठिन होता है, लेकिन मैं कॉमेडी बहुत पसंद करता हूं। इस फिल्म के लिए जब मुझसे पहली बार संपर्क किया गया तो मुझे नहीं पता था कि कुणाल खेमू ने फिल्म लिखी है और निर्देशित करने जा रहे हैं। पहली मुलाकात में जब कुणाल खेमू ने मुझे फिल्म की स्क्रिप्ट सुनाई तो आधी कहानी सुनने के बाद ही फिल्म में तुरंत काम करने की हामी भर दी। हर आदमी अपने जीवन में कभी ना कभी मस्ती करता है, लेकिन मेरा मानना है कि मस्ती करो, पड़के मत जाओ। मेरी आदत स्कूल के जमाने से है। मेरे पिता जी टीचर थे, इस वजह से स्कूल में मेरी बाकी बच्चों से अलग छवि रही है। मस्ती मैं भी करता है, लेकिन इस बात का हमेशा ध्यान रहता था कि मस्ती करते वक्त कभी पकड़ा ना जाऊं।

## अपकमिंग फिल्म ठग लाइफ का हिस्सा नहीं होगे दुलकर सलमान

साउथ सुपरस्टार कमल हासन की अपकमिंग फिल्म ठग लाइफ इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। मणिरत्नम के निर्देशन में बनी इस फिल्म में कमल हासन के साथ-साथ दुलकर सलमान भी अहम भूमिका में नजर आने वाले थे, लेकिन अब चर्चा है कि दुलकर ठग लाइफ का हिस्सा नहीं होगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के कुछ हाई-ऑक्टेन एक्शन दृश्य की शूटिंग सर्बिया में चल रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ठग लाइफ में दुलकर सलमान महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आने वाले थे, लेकिन अपने कई अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के चलते दुलकर ने ठग लाइफ को छोड़ दिया है। रिपोर्ट्स की माने तो अभिनेता अगले कुछ समय तक काफी व्यस्त हैं और उनके पास तारीखों की कमी है, जिसके चलते उन्हें इस बहुप्रतीक्षित फिल्म को छोड़ना पड़ा। हालांकि, मेकर्स या फिर दुलकर की ओर से अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। गौरतलब है कि ठग लाइफ में जयम रवि भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले है। फिल्म में फिल्म में वे कैमियो करेंगे। हालांकि, जयम रवि के फिल्म में शामिल होने को लेकर भी मेकर्स की तरफ से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।





# बैंक की जॉब छोड़ ग्लैमर फील्ड में आना चैलेंजिंग रहा

शेमारू उमंग पर हाल ही में टीवी शो चाहेंगे तुम्हें इतना टेलीकास्ट हुआ है। इसमें भोपाल की रहने वाली स्वाति शर्मा मुख्य भूमिका निभा रही हैं। ऐसे में स्वाति से शो और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें हुई।

### अपने किरदार के बारे में कुछ बताइए?

मेरे किरदार का नाम आशी है। इस किरदार में भावनाओं की कई परतें मौजूद हैं। शुरुआती एपिसोड्स में इमोशनल सीन को शूट करते वक्त मैं ग्लिसरीन पर निर्भर रहा करती थी, लेकिन अभय भार्गव सर ने मुझे अपने किरदार को गहराई से महसूस करने की सलाह दी। नतीजतन, मैंने न केवल पर्दे पर बल्कि असल जिंदगी में भी आशी के साथ जुड़ना शुरू कर दिया। जिस तरह आशी का अपने बाबा के साथ मजबूत रिश्ता है, उसी तरह मैं भी अपने पिता के साथ एक खास रिश्ता साझा करती हूं।

### आपके किरदार आशी और खुद आप में क्या समानताएं हैं?

चाहेंगे तुम्हें इतना में मेरा किरदार मेरे स्वभाव से अलग है। यह एक बहू और ससुर की कहानी है। आशी मेरी लाइफ से बिल्कुल अलग है। शो में ससुर अपनी बहू आशी को बेटी की तरह मानते हैं। शादी के बाद पढ़ाई करा रहे हैं। यह रिश्तों की पड़ताल करने वाला शो है, जिसमें आशी अपने से ऊपर अपने परिवार को रखती है। वह अपनी जिम्मेदारियों और अपने प्यार के बीच संतुलन को बनाए रखती है। आशी के किरदार में ढलने में मुझे काफी वक्त लगा। सीरियल में अभिनेता अभय भार्गव ससुर की भूमिका निभा रहे हैं और अभिनेत्री ख्याति केसवानी उनकी सास की भूमिका में हैं। यह दर्शकों के बीच खूब पसंद भी किया जा रहा है।

### अपने को-एक्टर्स के साथ आपका रिश्ता कैसा है?

इस किरदार की खूबियों की बात करूं तो अभय भार्गव ऑन स्क्रीन और ऑफ स्क्रीन दोनों जगह मेरे लिए पिता समान हैं, जिससे उनके साथ अभिनय करना मेरे लिए आसान हो जाता है। वह हमेशा मुझे अपना मार्गदर्शन देते हैं और अमूल्य सलाह भी देते हैं। वरिष्ठ होने के बावजूद, वह सुनिश्चित करते हैं कि उनके आसपास मौजूद हर कोई सहज महसूस करे। स्क्रीन पर आशी और उसके बाबा के बीच एक खूबसूरत रिश्ता है, जो ऑफ-स्क्रीन भी हमारे इस बंधन को दर्शाता है।

### एक्टिंग की ट्रेनिंग को लेकर क्या प्लान है?

इस शो के बाद अगर मुझे टाइम मिलता है तो जरूर ट्रेनिंग करूंगी। हालांकि मुझे लगता है कि इतना काम करते-करते वैसे ही ट्रेनिंग हो जाती है। हमें कई बार एक्टिंग वर्कशॉप में भी शामिल होना पड़ता है।

करियर में क्या कुछ चैलेंजिंग रहा है?


सबसे पहला चैलेंज था लोगों को मनाना कि जॉब छोड़कर मुझे इस फील्ड में आने दो। दूसरा चैलेंज ये था कि जॉब के रहते-रहते ऑडिशन देना। मोस्टली हमें ऑडिशन के लिए कोई स्क्रिप्ट मिलती है तो कहा जाता है कि आज के ही आज वीडियो शूट करके दीजिए। वह मेरे लिए थोड़ा प्रॉब्लमैटिक हो जाता था कि जॉब के रहते-रहते ऑडिशन भी मैनेज करना। मेरा मानना है कि आप अपने ड्रीम को पाने के लिए जितनी मेहनत करते हैं और जब वह ड्रीम पूरा हो जाता है तो सारी मेहनत सफल हो जाती है। शेमारू उमंग पर मेरे भोपाल के लोग मुझे देख पाएंगे, मेरे लिए इससे बड़ी बात क्या हो सकती है।



# मार्शल आर्ट में इन सितारों को हासिल है महारत, कोई ब्लैक बेल्ट तो किसी ने कुंग फू में ली है ट्रेनिंग

इंडस्ट्री में कई सितारे ऐसे हैं, जिन्हें एक्टिंग के साथ-साथ मार्शल आर्ट में भी महारत हासिल है। बड़े पर्दे पर एक्शन सीन करते हुए ये सितारे अपनी ट्रेनिंग का बखूबी इस्तेमाल करते हैं। इस लिस्ट में बॉलीवुड के यंग स्टार्स के साथ-साथ दिग्गज अभिनेता और अभिनेत्रियां भी शामिल हैं। चलिए आपको इन सितारों से रूबरू कराते हैं।

### अक्षय कुमार



इस लिस्ट में पहला नाम अक्षय कुमार का है, खतरों का खिलाड़ी अक्षय कुमार ने हांगकांग में मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग ली हैं। वे शोटोटन कराटे और मय थाई में ब्लैक बेल्ट हैं। अपनी फिटनेस को लेकर खूब सजग रहने वाले अक्षय ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी। इसके बाद उन्होंने एक्टिंग को अपना करियर बनाया। आज अक्षय अपने फिल्म के एक्शन स्टंट खुद से ही करते हैं।

### माधुरी दीक्षित

बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित ने भी मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग ली है। माधुरी ने शाओलिन कुंग फू में ट्रेनिंग ली है। अपने अभिनय और डांसिंग के साथ-साथ माधुरी किसी को भी सबक सिखाने का हुनर रखती हैं।

### शिल्पा शेट्टी

इस लिस्ट में अगला नाम इंडियन पुलिस फोर्स में अपने किरदार से चर्चा बटोर रही अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी का है। एक्टिंग और डांसिंग के अलावा शिल्पा को मार्शल आर्ट में भी महारत हासिल है। वे कराटे में ब्लैक बेल्ट हैं। आज भी शिल्पा योगा करते हुए अपने शरीर के लचीलेपन से हर किसी को हैरान कर देती हैं।

### विद्युत जामवाल



फिल्म क्रैक को लेकर चर्चा बटोर रहे विद्युत जामवाल एक प्रशिक्षित मार्शल आर्ट और जिमनास्ट है, फिल्मों में विद्युत के एक्शन सीन को देख कर इसका अंदाजा बखूबी लगाया जा सकता है। क्रैक अभिनेता चार साल की छोटी सी उम्र से कलारीपयट्टू की ट्रेनिंग ली है इसके साथ ही उन्होंने मार्शल आर्ट में भी महारत हासिल किया है, जिसका नमूना वे समय-समय पर अपने इंस्टाग्राम पर दिखाते रहते हैं। विद्युत ने जिमनास्टिक के साथ-साथ जुजुत्सु, कुंग फू और कलारी की भी ट्रेनिंग ली है।




# सारा अली खान की फिर बंधी ओटीटी से आस

अभिनेत्री सारा अली खान की आगामी फिल्म ए वतन मेरे वतन का ट्रेलर सोमवार को फिल्म के मेकर्स ने ऑनलाइन लांच कर दिया। एक गुमनाम नायक की अनकही कहानी में अभिनेत्री सारा अली खान का दमदार अवतार नजर आ रहा है। सारा अली खान कहती है कि इस तरह का दमदार किरदार निभाना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। फिल्म ए वतन मेरे वतन के ट्रेलर में अपने दमदार अवतार को देखकर उत्साहित सारा अली खान कहती हैं, मेरी खुशकिस्मती है कि मुझे यह किरदार निभाने का मौका मिला, जिसके लिए मैंने चीजों को अपने नजरिए से देखने के साथ-साथ यह समझने की कोशिश की, कि कौन सी बात मुझे प्रेरित करती है। यह फिल्म अनगिनत गुमनाम नायकों के बलिदान की याद दिलाती है, इसके साथ ही यह फिल्म इंसान के जज्बातों और उनके साहस की मिसाल पेश करती है। इस फिल्म में अभिनेता इमरान हाशमी स्पेशल गेस्ट अपीयरेंस में हैं। वह कहते हैं, यह मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है कि मुझे भारत के आजादी की लड़ाई के एक राजनेता का किरदार निभाने का मौका मिला। सारा अली खान के साथ यह मेरी पहली फिल्म है, फिल्म में अपने दमदार परफॉर्मेंस से वह दर्शकों को हैरत में डाल देंगी। मुझे इस बात की खुशी है कि इस तरह की दिल को छू लेने वाली कहानी का मैं भी एक छोटा सा हिस्सा हूं।



# 16 साल बाद आमिर के साथ काम करेंगे दर्शील सफारी

दर्शील सफारी ने साल 2007 में आमिर खान की फिल्म 'तारे जमीन पर' से बतौर चाइल्ड एक्टर बॉलीवुड डेब्यू किया था। यह फिल्म क्रिटिकली और कॉमर्शियली सक्सेसफुल रही थी और दर्शील रातों-रात सुपरस्टार बन गए थे। अब 16 साल बाद दर्शील एक बार फिर से आमिर खान के साथ काम करने जा रहे हैं। इस बात की जानकारी उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी। दर्शील ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर की जिसमें उन्होंने आमिर के साथ एक कोलाज शेयर किया है। इस फोटो में दो तस्वीरें हैं। पहली 16 साल पहले रिलीज हुई फिल्म 'तारे जमीन पर' के एक सीन की है, वहीं दूसरी में दोनों एक्टर्स री-यूनियन करते नजर आ रहे हैं। इसे शेयर करते हुए दर्शील ने लिखा, 'बूम.. 16 साल बाद, हम फिर से साथ हैं। इमोशनल? हां.. थोड़ा था.. चार्ज्ड? बिल्कुल। मेरे फेवरेट मेन्टर को इस एक्सपीरिएंस के लिए खूब सारा प्यार। कुछ बड़ा खुलासा होने वाला है। 4 डेज टु गो..'






# दिबाकर बनर्जी ने लव सेक्स और धोखा 2 के लिए 6,000 कलाकारों का लिया ऑडिशन

फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 के लिए फिल्म निर्माता दिबाकर बनर्जी ने विभिन्न भूमिकाओं के लिए 6,000 से अधिक कलाकारों का ऑडिशन लिया। यह फिल्म 2010 में बनी स्लीपर हिट का सीक्वल है। फिल्म निर्माता दिबाकर बनर्जी ने सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को चुनने के लिए कड़ी मेहनत की। इस बात का ध्यान रखा कि किरदार कहानी में फिट बैठ सके। एक सूत्र ने कहा, दिबाकर बनर्जी ने भूमिका के लिए लगभग 6,000 कलाकारों का ऑडिशन लिया। ऑडिशन लेते समय उनका विजन साफ था कि वह किस किरदार के लिए लोग चुन रहे हैं। इस पर उन्होंने काफी रिसर्च की थी। इसके लिए दिबाकर ने एकता कपूर के साथ मिलकर कुछ दिनों तक लगभग 10 से 12 घंटे तक भारतभर के यूट्यूबर्स की बहुत सारी फोटोज और वीडियो देखी। फिल्म 2010 की स्लीपर हिट लव सेक्स और धोखा का सीक्वल है। दिबाकर की पहली दो फिल्मों खोसला का घोसला और ओए लकी, लकी ओए के बाद यह उनकी तीसरी फिल्म है। सीक्वल का दर्शक बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# टीवी के शाहरुख बन खुश हैं धीरज धूपर



धीरज धूपर टेलीविजन इंडस्ट्री के मशहूर नामों में से एक नाम हैं। उन्होंने जी टीवी के हिट शो कुंडली भाग्य में काम किया था। दर्शकों ने उन्हें इस शो में काफी सराहा भी था। आने वाले दिनों में वे सीरियल रब से है दुआ में दिखाई देने वाले हैं। धीरज अपने इस शो को लेकर बेहद उत्साहित हैं। हाल ही में अपने नए शो के प्रमोशन के दौरान उन्होंने इस सीरियल में अपने किरदार और बॉलीवुड में अपने डेब्यू के बारे में कई खुलासे किए। धीरज धूपर जी टीवी के आगामी शो रब से है दुआ में अहम भूमिका निभाते दिखाई देने वाले हैं। यह शो मुस्लिम समुदाय पर आधारित है। धीरज अपने शो के बारे में बात करते हुए कहते हैं, मैंने आज तक जितने भी किरदार निभाए हैं उन सबसे काफी अलग किरदार निभाने का मौका मुझे इस शो में मिल रहा है। मैं सुभान सिद्दीकी का किरदार निभा रहा हूं और इस किरदार के लिए मैं उर्दू सीख रहा हूं। मेरे लिए इस सीरियल में काम करना काफी रोमाचंक अनुभव रहा है। धीरज धूपर ने सीरियल कुंडली भाग्य में अपने छह साल तक काम किया था। इस शो के बारे में बातें करते हुए धीरज कहते हैं, मेरे लिए मेरे फैंस की खुशी सबसे ज्यादा मायने रखती हैं। करण लूथरा के किरादर में मुझे दर्शकों ने काफी प्यार दिया था और मैं वही प्यार शो रब से है दुआ के किरदार सुभान के लिए भी चाहता हूं। दर्शक मुझे टेलीविजन का शाहरुख खान कहते हैं और मेरे लिए यह खुशी की बात है। धीरज धूपर अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, मैं आज जहां हूं और जिस तरह का रोल कर रहा हूं मैं उससे काफी संतुष्ट हूं।